हिन्दी दैनिक

# श्वेत पत्र

आपकी बात सच के साथ

वर्ष 19 | अंक 233 | पृष्ठ 12

देवघर

सोमवार, 24 फरवरी 2025

मूल्य ₹ 3/-






पेज 12 : आस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक


www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com


# टनल में फंसीं 8 जिंदगियां, नहीं मिल रही लोकेशन

## तेलंगाना में मजदूरों को बचाने सेना भी उतरी, रेस्क्यू जारी

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की निर्माणाधीन सुरंग में फंसे आठ मजदूरों को बचाने का अभियान लगातार जारी है। हालांकि, बचाव कार्य चुनौतियों से भरा हुआ है, क्योंकि सुरंग में पानी भरा हुआ है और इसकी छत दो बार ढह चुकी है। मौके पर मौजूद बचाव दल और विशेषज्ञों ने बताया कि मजदूरों तक पहुंचने के लिए पहले पानी निकालना होगा। सुरंग को कृष्णा नदी के पानी को नलगोंडा जिले तक पहुंचाने के लिए बनाया जा रहा था और यह परियोजना पिछले पांच वर्षों से चल रही है। बचाव दल ने बताया कि सबसे पहले सुरंग में भरे पानी को बाहर निकालना होगा, ताकि आगे का कार्य शुरू किया जा सके। इसके लिए 100 हॉर्सपावर और 70 हॉर्सपावर के दो पंप लगाए गए हैं, जिससे पानी को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुरंग के चारों ओर पानी है, और ऊपर की पहाड़ियों से लगातार पानी रिस रहा है। इसी रिसाव को रोकने के लिए बनी सुरंग की छत ढह गई, जिससे यह हादसा हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, सुरंग में करीब 13.5 किलोमीटर अंदर मजदूर फंसे हुए हैं। सुरंग का व्यास 9.5 फीट है, जो इसे एक बड़ा स्ट्रक्चर बनाता है। बचाव दल ने बताया कि




पानी निकालने के बाद, खुदाई के लिए उपयोग की जाने वाली कन्वेयर बेल्ट के जरिए लोगों को सुरंग के अंदर भेजने की योजना है। इसके अलावा, ड्रोन की मदद से सुरंग के भीतर का जायजा लिया जाएगा, ताकि अंदर जाने वाले कर्मियों को अनावश्यक जोखिम से बचाया जा सके। बचाव कार्य में एक बड़ी चुनौती यह भी है कि सुरंग के ऊपर मोटी चट्टानों की चादरें हैं, जिससे ड्रिलिंग कर मजदूरों तक पहुंचना लगभग असंभव हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग की छत ढहने की घटनाएं दो बार हो चुकी हैं, जिससे इसकी स्थिरता पर भी सवाल खड़ा हो गया है। घटना के समय सुरंग में कुल 50 लोग थे, लेकिन पहली बार चट्टान ढहने के बाद 42 लोग बाहर निकलने में सफल रहे। हालांकि, जैसे ही वे पीछे हट रहे थे, करीब 150 मीटर की दूरी पर एक और चट्टान ढह गई, जिससे आठ मजदूर अंदर ही फंस गए। फंसे हुए मजदूरों की पहचान उत्तर प्रदेश, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के नागरिकों के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश से मनोज कुमार और श्री निवास, झारखंड से संदीप साहू, जगता जेस, संतोष साहू और अनुज साहू, जम्मू-कश्मीर से सनी सिंह और पंजाब से गुरप्रीत सिंह शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग के अंदर वेंटिलेशन सिस्टम काम कर रहा है, जिससे मजदूरों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिल रही है। बचाव अभियान को लेकर मेडिकल टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। डॉक्टर और एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत आपातकालीन चिकित्सा सहायता दी जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूर एक 15 मीटर के कार्य क्षेत्र में फंसे हुए हैं, जहां उनके बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बचाव दल पूरी सावधानी से काम कर रहा है, ताकि मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके।

# केंद्र और किसानों की छठी बैठक भी बेनतीजा

- किसान 23 फसलों पर एमएसपी की मांग पर अड़े

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और अन्य मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर जारी किसानों के आंदोलन के बीच संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक की केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के साथ चंडीगढ़ में हुई छठी बैठक भी बेनतीजा रही। ढाई घंटे चली मीटिंग में कोई हल नहीं निकला। अब अगली मीटिंग 19 मार्च को होगी। बैठक में



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल मौजूद रहे। पंजाब सरकार की ओर से वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और फूड प्रोसेसिंग मंत्री लालचंद कतरूचक भी शामिल थे। किसान नेताओं के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में सरवन सिंह पंधेर, अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटडा, सुखजीत सिंह, अरुण सिन्हा, लखविंदर सिंह, जसविंदर लोंगोवाल, एमएस राय, नंद कुमार, बलवंत सिंह बेहरामके और इंद्रजीत सिंह कोटबुढ़ा मौजूद रहे।

# सदियों से हैं हिंदू आस्था से नफरत करने वाले लोग

## पीएम मोदी बोले-यह किसी न किसी भेष में हमेशा रहते रहे हैं

**छतरपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कहा- नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू

- पीएम बोले-देश के कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते हैं

आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन भी किए। मोदी ने कहा- हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है।



### संत-महात्माओं से पीएम बोले-आयुष्मान कार्ड बनवा लीजिए

2014 के पहले गरीब जितना बीमारी से नहीं डरता था, उतना डर उसे बीमारी के इलाज के खर्च से लगता था। संत-महात्माओं से भी कहता हूं,आयुष्मान कार्ड बनवा लें।

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया

## विराट कोहली ने जड़ा वनडे करियर का 51वां शतक

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में मुकाबला खेला गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने वाली पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवरों में 241 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने ये लक्ष्य 42.3 ओवरों में हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन सउद शकील ने बनाए उन्होंने 76 गेंदों पर 62 रनों की पारी खेली जिसमें पांच चौके शामिल रहे। वहीं भारत के लिए विराट कोहली ने नाबाद 100 रन बनाए। ये पाकिस्तान की इस चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी हार है। इसी के साथ उसका सेमीफाइनल में जाना नामुमकिन हो गया है।

242 रनों के टारगेट का पीछा कर रही टीम इंडिया को कप्तान रोहित और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत देने की कोशिश की। हालांकि31 के स्कोर पर शाहीन शाह अफरीदी की यॉर्कर ने रोहित की पारी का अंत कर दिया। वह 15 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हो गए। इसी के साथ रोहित ने बतौर ओपनर अपने 9000 रन पूरे किए जिसके लिए उन्होंने 181 पारियां लीं। वह पारियों के हिसाब से सबसे तेज ये मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे पहल सचिन तेंदुलकर के नाम ये रिकॉर्ड था। सचिन ने 197 पारियों में ये मुकाम छुआ था

गिल लगातार पांचवीं बार 50 प्लस स्कोर की तरफ जा रहे थे। तभी अबरार अहमद की फिरकी ने उन्हें ये पंजा मारने से रोक दिया। भारतीय उप-कप्तान 52 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 46 रन ही बना सके। इसके बाद




कोहली ने अपना काम किया और अर्धशतक जमाया। इस दौरान उन्होंने वनडे में अपने 14,000 रन भी पूरे कर लिए। गिल के जाने के बाद कोहली ने अपना खेल जारी रखा और उन्हें साथ मिला श्रेयस अय्यर का। अय्यर और कोहली ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेजारी की। दोनों ने मिलकर 114 रन बनाए। अय्यर 67 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाने में सफल रहे। अय्यर को खुशदिल ने आउट किया। हार्दिक पांड्या आठ रन ही बना सके। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन टीम को जीत के लिए ज्यादा रन भी नहीं चाहिए थे। हालांकि, अक्षर पटेल ने एक-एक रन लेकर कोहली को शतक बनाने का पूरा मौका दिया और विराट ने 43वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका मार अपना 51वां वनडे शतक पूरा किया। वह 100 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 111 गेंदों का सामना कर 11 चौके मारे। अक्षर तीन रन बनाकर नाबाद रहे।

# अस्थमा अटैक के बाद पोप की हालत और गंभीर

- दर्द बढ़ा, खून भी चढ़ाया गया इटली पीएम मिलने पहुंचीं

**रोम (एजेंसी)।** अस्थमा अटैक के बाद पोप फ्रांसिस की हालत शनिवार को एक बार फिर गंभीर हो गई। इस वजह से उन्हें



ऑक्सीजन के हाई फ्लो की जरूरत पड़ी। डॉक्टरों ने 21 फरवरी (शुक्रवार) को उन्हें खतरे से बाहर बताया था और कहा था कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। कैथलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88 साल) को फेफड़ों में इन्फेक्शन की वजह से एक सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा है।

# पाकिस्तान में होली खेलने वाले हिंदू-मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर

- कराची यूनिवर्सिटी ने कैंपस में एंट्री पर लगाया बैन, थमा दिया नोटिस



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान में कराची की दाऊद यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली खेलने पर हिंदू और मुस्लिम छात्रों पर एफआईआर दर्ज करा दी गई है। 21 फरवरी को दोनों समुदाय के कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में होली का त्योहार मनाया था। इसके कुछ वीडियो भी सामने आए। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने होली खेलने वाले छात्रों को शोकॉज नोटिस जारी कर उनकी कैंपस में एंट्री तक बंद कर दी।

# हमला या गलती! सीएम की सुरक्षा में फिर चूक

## हरियाणा के सीएम नायब सैनी पर फूलों के साथ फेंका मोबाइल

**फरीदाबाद (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा में फिर से चूक हुई है। इस बार यह घटना फरीदाबाद में घटी। रविवार को बीजेपी की मेयर उम्मीदवार प्रवीण जोशी के लिए रोड शो चल रहा था। इसी दौरान किसी ने सीएम

- फरीदाबाद में रोड शो के दौरान हुआ हादसा, गाड़ी से टकराकर गिरा

नायब सैनी की गाड़ी की तरफ मोबाइल फोन फेंक दिया। हालांकि ये फोन सीएम तक नहीं पहुंचा। गाड़ी से टकराकर मोबाइल नीचे गिर गया। सुरक्षाकर्मी तुरंत हरकत में आए और फोन को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि यह जानबूझकर नहीं किया गया था। लोग सीएम पर फूल बरसा रहे थे उसी दौरान किसी के हाथ से फोन छूट गया। सुरक्षाकर्मियों ने फोन उठा लिया और जिसका था उसे वापस कर दिया।



हालांकि, पुलिस ने उस व्यक्ति की पहचान नहीं बताई। यह पहली बार नहीं है जब सीएम सैनी की सुरक्षा में चूक हुई है। 19 फरवरी को चंडीगढ़ में भी ऐसा ही हुआ था। पंजाब भवन के बाहर गेट बंद होने के कारण उनका काफिला 15 मिनट तक रुका रहा।

## पुणे में कर्नाटक की बस पर लिखा- जय महाराष्ट्र

# कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस सर्विस पर ब्रेक

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं रोक दी गई हैं। यह फैसला महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन और कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने मिलकर लिया है। पूरा विवाद दोनों राज्यों के बस ड्राइवर और कंडक्टर की पिटाई से जुड़ा है। दरअसल 21 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी में मराठी में बात नहीं करने पर कुछ लोगों ने बस कंडक्टर महादेव हुक्केरी को पीटा था। यह इलाका महाराष्ट्र के बॉर्डर से लगता है। अगले दिन 22 फरवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के गुइलाल में महाराष्ट्र राज्य



सड़क परिवहन निगम के बस ड्राइवर भास्कर जाधव पर हमला किया गया। बस कंडक्टर महादेव हुक्केरी ने बताया था कि मैं जब टिकट काट रहा तभी बस में एक महिला और एक पुरुष बैठे थे। पुरुष के साथ बैठी महिला ने मुफ्त में दो टिकट मांगी, मैंने उसे एक दे दिया और पूछा आप दूसरी टिकट किसके लिए चाहते हैं। महिला ने पुरुष की ओर इशारा किया। मैंने बताया कि कर्नाटक में पुरुषों के लिए बस में मुफ्त सफर की सुविधा नहीं है तो उन्होंने मुझसे मराठी में बात करने को कहा। मैंने कहा कि मुझे मराठी नहीं आती है। मैंने उनसे कन्नड़ में बात करने को कहा। इतने पर ही बस में सवार 6-7 लोगों ने हमला कर दिया।

# कोई अज्ञानता में खुश हो तो बुद्धिमानी दिखाना मूर्खता

- थरूर बोले-बुद्धिमान होना कभी-कभी मूर्खता कहलाती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों की तारीफ के बाद कांग्रेस नेता शशि थरूर और पार्टी के बीच अनबन बढ़ गई है। इस बीच थरूर ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा बुद्धिमान होना कभी-कभी मूर्खता कहलाती है। थरूर ने अंग्रेजी कवि थॉमस ग्रे की कविता ओड ऑन ए डिस्टेंट प्रॉस्पेक्ट ऑफ ईटन कॉलेज का एक कोट शेयर किया था। इसमें लिखा था-जहां लोगों को अज्ञानता में खुशी मिलती है, वहां बुद्धिमानी दिखाना मूर्खता है। शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, मुझे संसद में महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता।



# राष्ट्रवाद सबसे बड़ा धर्म, इसमें राजनीति न हो

## धनखड़ बोले-न्यायपालिका को संविधान में बदलाव का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान में बदलाव करने का अधिकार केवल संसद को है, और किसी को नहीं। यहां तक की न्यायपालिका को भी नहीं। अगर कोई परिभाषा बनाने की जरूरत है तो सुप्रीम कोर्ट इस पर अपना विचार रख सकता है। कुछ मामलों में राज्य विधानसभाओं के संविधान में परिवर्तन करने का अधिकार है। संविधान जागरुकता वर्ष समारोह का उद्घाटन करते हुए धनखड़ ने कहा- संविधान के मौलिक अधिकार को हम जितना जानेंगे, उतना ही हम लोग राष्ट्रवाद की ओर आगे बढ़ेंगे। उपराष्ट्रपति ने भारत में वोट परसेंटेज बढ़ाने के लिए यूएसए के फंडिंग के खुलासे पर कहा कि देश के सामने कई चुनौतियां है। बाहर से फंडिंग करके देश की



लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपवित्र बनाया जा रहा है। इन फंडिंग का उपयोग पसंदीदा लोगों को चुनाव जिताने के लिए किया जा रहा है। यह खतरनाक है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धनखड़ ने कहा,हमारे संविधान के बारे में जागरुकता आज की सबसे बड़ी जरूरत है। हमारे संविधान निर्माता तपस्वी थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। वे ऐसा संविधान बनाना चाहते थे जो सभी की एक्सपेक्टेशन को पूरा करे। उन्होंने चुनौतियों का समाधान सार्थक बातचीत और हाई लेवल बहस के जरिए किया, न कि बहिष्कार के जरिए। उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर की प्रतिष्ठा को कभी कम नहीं होने दिया।

### बातचीत से ही हर समस्या का समाधान

संसद की कार्यवाही में डिस्टरबेंस को लेकर कहा कि यदि सदन चलने नहीं दिया गाय तो लोगों के पास चर्चा के माध्यम से मुद्दों को हल करने का कोई रास्ता नहीं होगा। उन्होंने कहा, जब बातचीत से हर समस्या का समाधान हो सकता है तो लोकतंत्र के मंदिरों पर इतना दबाव क्यों है। लोगों द्वारा चुने गए लोगों को अपने कर्तव्यों का सही से पालन करना चाहिए। राष्ट्रवाद को अपना धर्म और भारतीयता को अपनी पहचानी बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिवस को मनाना उस काले क्षण को याद करने के लिए भी है, जब 25 जून 1975 को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने इमरजेंसी की घोषणा की थी। जिससे देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था। धनखड़ ने कहा,देश के 9 हाई कोर्ट ने एक आवाज में कहा था कि आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों पर रोक नहीं लगाई जा सकती। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इन 9 अदालतों के फैसलों को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार तय करेगी कि इमरजेंसी कब तक लागू रहेगा। इसलिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## एक नजर

### अनियमितताओं के विरोध में विधायक ने डीसी से की मुलाकात



**धनबाद(एप्र)।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने डीसी माधवी मिश्रा से मुलाकात कर झमाडा विभाग द्वारा 112 करोड़ की लागत से चल रहे कार्य में अनियमितताओं की जानकारी दी। उन्होंने धीमी प्रगति पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की। संवेदक द्वारा की जा रही धांधली के खिलाफ भी उन्होंने रोष जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके अलावा, नगर निगम विभाग द्वारा योजना निधि फंड के खर्च का विवरण न देने और निरीक्षण के समय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। उन्होंने सभी मुद्दों से श्रीमती मिश्रा को अवगत कराते हुए विभागीय कार्रवाई की मांग की और आश्वासन दिया कि वे इस मामले को सदन में उठाएंगी। वहीं, उन्होंने राज प्लस टू के इंडस्ट्री भवन में चल रहे शिक्षण कार्य को भौरा स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा और पाथरडीह भांटडीह बस्ती में रुके रेलवे अंडरपास के कार्य को शुरू करने की भी बात रखी। साथ ही, माडा में रखे गए सिक्योरिटी फंड से जल संबंधित कार्यों को पूरा करने का भी जिक्र किया।

### कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची(एप्र)।** टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा स्थापित रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (आरसीएचआरसी) ने सामाजिक भागीदारी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कैंसर से जीतना संभव है विषय के अंतर्गत मोरहाबादी मैदान से बाइक रैली निकाली गयी। इस कार्यक्रम का समापन बाइक रैली के साथ हुआ, जहां डॉक्टर, कैंसर रोगी, केयरगिवर्स और कम्युनिटी सदस्यों सहित 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके तहत मोराबादी मैदान से आरसीएचआरसी तक आठ किलोमीटर की दूरी तय की गई, जहां रांची कॉलेज, राम मंदिर चौक, चांदनी चौक और कांके चौक में यह काफिला रुका। उन्होंने कैंसर के प्रति जागरूकता और समय पर इसकी जांच करवाने की प्रेरणा देते हुए बैनर्स और स्लोगन थामा हुआ था। आरसीएचआरसी ने ब्लड प्रेशर, ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर (30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए) की जांच के लिए एक मुफ्त जांच शिविर का भी आयोजन किया था, जिसका नेतृत्व अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट और डॉक्टरों ने किया। इससे लोग अपनी सेहत की कमान अपने हाथों में लेने और समय पर उपचार कराने के लिए प्रेरित हुए। आरसीएचआरसी में इंटर-कॉलेज स्पोकन वर्ड कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची वुमन्स कॉलेज, बीआईटी मेसरा, सेंट जेवियर्स कॉलेज, बेथेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रामकृष्णन मिशन विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट और डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगितया अंधेरे से उजाले तकः कैंसर योद्धाओं की आवाज विषय पर केंद्रित थी। जिसने स्टूडेंट्स को जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रोगियों तथा केयरगिवर्स से जुड़े अनुभवों को क्रिएटिव रूप में पेश करने का मंच दिया है।

### पेपर लीक के बाद पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है : बाबूलाल

**रांची(एप्र)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के बाद पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। सरकार या पुलिस प्रशासन अब तक तय नहीं कर पाई है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की जांच सीआईडी करेंगी एसआईटी। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि इस बीच सूचना है कि पुलिस ने एक ही नाम के दो युवकों की गिरफ्तारी की है। अब तक कथित रूप से कोडरमा, मधुपुर से प्रिंस नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है, तीसरे प्रिंस नाम के युवक की भूमिका भी पुलिस मान रही है। यदि इन्हें आरोपी के सहनाम के कारण गिरफ्तार या पूछताछ के लिए थाना लाया गया है, तो पुलिस इनसे संवेदनशीलता के साथ पेश आए। चूंकि जेएसएससी-सीजीएल मामले में झारखंड पुलिस के डीजीपी जांच की अंतिम रिपोर्ट आने से पहले ही बयान जारी कर छात्रों को दोषी ठहरा चुके हैं। इसलिए संभावना है कि मैट्रिक पेपर लीक मामले की लीपापोती कर निर्दोष लोगों के ऊपर आरोप मढ़ दिया जाए। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार, जैक और पुलिस के प्रतिनिधि उन लाखों छात्रों के सामने आकर मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक होने की माफी मांगे। साथ ही, उक्त प्रकरण के जांच की जानकारी सार्वजनिक करें। जांच के नाम पर निर्दोष युवाओं के साथ पुलिस की ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क से लेकर सदन तक इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

### संघ महानगर शाखा का लगा महाकुंभ

**रांची(एप्र)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर की ओर से रविवार को शाखा महाकुंभ का आयोजन धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मैदान में किया गया। सुबह में शाखाएं शुरू हुई और इसके बाद उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए शताब्दी वर्ष में तय किए गए लक्ष्य की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने महानगर में संघ कार्य की वृद्धि में सभी स्वयंसेवकों को लगने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि महानगर में कुल 107 शाखाएं तथा 35 मिलन चलती हैं। इनमें से 82 शाखाओं तथा 11 मिलनों का प्रतिनिधित्व इस शाखा महाकुंभ कार्यक्रम में हुआ। 16 नगरों की 156 बस्तियों में से 84 बस्तियों का प्रतिनिधित्व 1000 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ शाखा महाकुंभ में हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद के साथ धनबाद निवासी झारखंड के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, महानगर संघचालक पवन मंत्री, सह संघचालक शशिकांत सहित नगर, महानगर, विभाग, प्रांत, क्षेत्र स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आज साफ रहेगा मौसम

**रांची(एप्र)।** झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी को मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है। वहीं पिछले तीन दिनों से राज्य भर में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई। बारिश होने से रांची में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। शाम में कनकनी का एहसास हुआ।रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री, जबकि जमशेदपुर में 31.6 और 16.6, डालटेनगंज में 33.6 और 16.2, बोकारो में 30.1 और 17.1तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रांची जिला के पांच अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन

# आवेदकों को प्रदान किया गया शुद्धि पत्र

**रांची(एप्र)।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर फिर से जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 22 दिनों में ये तीसरा मौका है जब जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया।

नामकुम अंचल में आयोजित शिविर में पहुँचे जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची



मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नामकुम अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अरगोड़ा, कांके, रातू एवं मांडर में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

**म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन**

पांच अंचलों में आयोजित दाखिल-खारिज शिविर में म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 1317 मामले अस्वीकृत किये गए। सबसे ज्यादा नामकुम अंचल में 701 आवेदन स्वीकृत किये गए, जबकि अरगोड़ा में 94, कांके में 54, रातू में 99 और मांडर में 42 आवेदन स्वीकृत किये गए। नामकुम अंचल में 959, कांके में 182, रातू में 151, मांडर में 25 और अरगोड़ा में 00 मामले रिजेक्ट किए गए।

**अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा**

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत न करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। उन्होंने सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

**बिचौलिये दिखें तो स्थानीय थाना को सूचित करें - जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री**

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने एक बार फिर से कहा है कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर इसकी जानकारी देने की बात कही।

### श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ वार्षिक महोत्सव भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ आरंभ



**महुदा(एप्र)।** भाटडीह पुराना ओपी के समीप स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ वार्षिक महोत्सव का आरंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस कलश यात्रा में 108 महिलाएं और कुमारी बच्चियां भाटडीह पुराना ओपी पावर हाउस शिव मंदिर से दामोदर नदी के भाटडीह घाट तक कलश ले गईं। वहां पंडित आचार्य गौतम कुमार पाण्डेय, पंडित मृत्युंजय पाण्डेय और मथुरा प्रसाद पाण्डेय ने मुख्य यजमान अर्जुन राउत और उनकी पत्नी ललिता देवी के साथ 108 कन्याओं के साथ मिलकर नदी पर पूजा-अर्चना की। सभी ने जल भरकर वापस शिव मंदिर पावर हाउस पहुंचे और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर मंडप में प्रवेश किया। जल यात्रा के दौरान बैंड-बाजों के साथ लोग शिव-पार्वती और भूत-प्रेत के वेशभूषा में चल रहे थे। इस शोभायात्रा में मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, संदीप राउत, कुलदीप भुईयां, राधु राय, संतोष कुमार ठाकुर और अन्य कई लोग शामिल थे।महुदा पंचायत के मुखिया बदरुद्दीन अंसारी भी इस जल यात्रा में भाग लेकर आए।

### भाकपा में शामिल हुए 143 लोग

**रांची।** भाकपा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में रविवार को 143 लोगों ने पार्टी का दामन थामा। रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर क्लब में एटक के राज्य सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार के लिए भाकपा पार्टी हमेशा लड़ती रही है। पाठक ने कहा कि देश की पूंजीवादी पार्टियां धर्म एवं जात के नाम पर लोगों को बांट रही हैं। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बनाया जा रहा है। एटक के राज्य सचिव अशोक यादव ने लाल झंडा की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास की जानकारी उपस्थित लोगों को दी।

### स्कूलों में न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**झरिया(एप्र)।** डीएवी बनियाहीर और अन्य 72 विद्यालयों में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस पहल के तहत विभिन्न विद्यालयों में न्यायिक प्रकोष्ठ स्थापित करने की स्वीकृति दी गई और कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन झारखंड राज्य विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, सुजीत नारायण प्रसाद ने किया।लीगल लिट्रेसी क्लब में नियमित रूप से न्यायिक अधिकारी, पैनल अधिवक्ता और पैरालिगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से छात्रों को उनके अधिकारों के बारे में कानूनी जानकारी दी जाती है। इस कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र गोप ने छात्रों को न्यायिक साक्षरता के महत्व के बारे



में बताया और जानकारी दी कि पॉस्को एक्ट के तहत उन्हें शोषण के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार है। इसी तरह, वरिष्ठ न्यायाधीश सफदर अली नैय्यर ने बच्चों को शोषण से सुरक्षा देने वाले कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। न्यायाधीश महोदय के साथ धनबाद न्यायालय के अन्य सदस्य, जैसे कि दिंपेंती कुमारी गुप्ता (पैरालिगल वॉलेंटियर) ने भी सक्रिय भागीदारी की।वरिष्ठ शिक्षक देबेन्द्र पाणिनि ने शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में धनबाद न्यायालय की टीम का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और लगभग सभी शिक्षकों ने भाग लिया। वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी, देबेन्द्र पाणिनि और विनय कुमार सिन्हा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद ने न्याय प्राधिकरण की टीम, भाग लेने वाले बच्चों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## माता- पिता को चाहिए कि वे अपनी बेटियों के पारिवारिक जीवन में अधिक हस्तक्षेप न करें : उत्तम कृष्ण शास्त्री

**निरसा(एप्र)।** धर्म उत्थान समिति द्वारा जुनकुंदर ब्रह्मस्थान में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन रविवार को उत्तम कृष्ण शास्त्री (वृंदावन) ने श्री कार्तिकेय, गणेश जन्मोत्सव, विवाहोत्सव, और माता पार्वती को मां मैना द्वारा दिए गए उपदेश की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि शिव विवाह से पहले शिव का अद्भुत श्रृंगार, जैसे सांप और भस्म, मनुष्यों को ज्ञान प्रदान करता है। विदाई के समय माता मैना ने पार्वती को सलाह दी कि पति के लिए एक महिला का क्या महत्व होता है और उसे अपने पति में देवत्व स्थापित करना चाहिए,



ताकि वह अपने आचरण से परिवार को खुश रख सके। शास्त्रीजी ने बताया कि आज समाज में इसके विपरीत स्थिति बन गई है, जहां

**पत्नी को अपने पति में देवत्व स्थापित करना चाहिए, ताकि वह अपने आचरण से परिवार को खुश रख सके।**

महिलाएं अपने बच्चों को ऐसे शिक्षित नहीं कर पा रही हैं।अधिक हस्तक्षेप के कारण परिवार टूट रहे हैं, और मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने से पारिवारिक जीवन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।इसलिए माता- पिता को चाहिए कि वे अपनी बेटियों के पारिवारिक जीवन में अधिक हस्तक्षेप न करें और उन्हें स्वयं निर्णय लेने योग्य बनाएं। इस प्रकार माता मैना और हिमाचल राज ने पार्वती को दान-दहेज देकर विदा किया, जो पिता द्वारा प्रसन्नता से दिया गया माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि दहेज मांगने वाले समाज से बचना चाहिए क्योंकि दहेज के इस कुप्रथा से हमारी बेटियों को परेशान किया जा रहा है। समाज के लोगों को बेटियों का सम्मान करते हुए दहेज नहीं मांगना चाहिए। मुख्य यजमान अजय सिंह और उनकी पत्नी रीता सिंह थे, जबकि पूजा अर्चना आचार्य मनीष शर्मा द्वारा विधिवत की गई। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।

### जेसीआई ने वितरण किया मच्छरदानी और भोजन



**रांची(एप्र)।** जेसीआई रांची ने तत्कुंडो कुम्भा टोली, इटकी, मांडर के पास स्थित एक गांव में जरुरतमंद लोगों के बीच मच्छरदानी और भोजन का वितरण कर अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट प्रयास को सफलतापूर्वक पूरा किया। बढ़ते मच्छर और डेंगू की समस्या को देखते हुए जेसीआई रांची ने गांव वालों की मदद की, बच्चों में टॉफी का वितरण और सभी को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सब का स्वागत किया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जेसी दामोदर अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सौरभ टांटिया, शुभम साबू, केशव बजाज, साहित्य पवन, केतुल पटेल, विभोर चौधरी, विशेष वशिष्ठ एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जेसी मोहित बागला और आयुष अग्रवाल ने कुशलता से किया।

# गौ तस्करी में शामिल पुलिस कर्मियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच होनी चाहिए : संजय सिन्हा

**निरसा(एप्र)।** गौ तस्करी और आर्थिक मामलों में जीटी रोड के अंतर्गत आने वाले थानों के पुलिसकर्मियों की आय से अधिक संपत्ति के मामलों की जांच होनी चाहिए।उक्त बातें अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी संजय सिन्हा ने कही। आरोप है कि यह जांच सीबीआई,आयकर विभाग या निगरानी विभाग द्वारा की जानी चाहिए। झारखंड में आय से अधिक संपत्ति के मामलों में दोहरी नीति क्यों अपनाई जा रही है? जीटी रोड पर तैनात पुलिस अधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप लग रहे हैं। यह भी बताया गया कि पुलिसकर्मी गौ तस्करों और आर्थिक अपराधियों के साथ सांठगांठ कर रहे हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो आम जनता किस पर भरोसा करे? धनबाद जिला पशु तस्करी का एक सुरक्षित जॉन बन गया है। ऐसे में, पशु तस्कर दिन के उजाले में सरकारी निदेर्शों का उल्लंघन करते हुए, रोजाना दो सौ से ज्यादा वाहनों में मवेशियों को बंगाल के रास्ते अवैध रूप से बांग्लादेश ले जाते हैं। पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने रहते हैं, क्योंकि पशु तस्करों द्वारा उन्हें हर महीने एक तय राशि दी जाती है। तस्कर बिहार के विभिन्न इलाकों से पशुओं को खरीदकर धनबाद के रास्ते पश्चिम बंगाल पहुंचाते हैं, और यहाँ से बांग्लादेश में तस्करी की जाती है। यह गतिविधि लंबे समय से जारी है, और झारखंड के धनबाद से हर दिन दुधारू पशुओं को ट्रकों में भरकर पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा है।

## आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे बच्चों के लिए यह स्टार्टअप होगा वरदान: विधायक शत्रुध्न

**बाघमारा(एप्र)।** देश की एक नई स्टार्टअप कंपनी, जो शिक्षा क्षेत्र से संबंधित है, तेलोंटांड़ नामक एक छोटे से गांव से शुरू होने जा रही है।उक्त जानकारी रविवार को राइजिंग आरकेसी प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंपनी के चेयरमैन राज चौहान ने दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो उपस्थित हुए। श्री महतो ने कहा कि यह खुशी की बात है कि यह स्टार्टअप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर बाघमारा तेलोटांड से शुरू हो रहा है, जो उन बच्चों की मदद करेगा जो शिक्षा के लिए आर्थिक बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बच्चों को




उनके भविष्य को संवारने का अवसर देगा। उन्होंने वादा किया कि जब भी कंपनी को सहायता की आवश्यकता होगी, वे हर संभव मदद देने के लिए तैयार हैं। स्टार्टअप कंपनी का नेतृत्व कर रहे राज चौहान ने कहा कि यह एडटेक कंपनी गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करेगी और वह भी सबसे कम फीस पर, जिसके लिए उन्होंने एंड्रॉयड एप फ्अख उल्अवल्अठ रक्फ़ का निर्माण किया है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 2023 में आयोजित बोर्ड परीक्षा में 10वीं और 12वीं में लगभग 65 लाख छात्र फेल हुए थे। ऐसे छात्र, जो आर्थिक समस्याओं के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं, उनके लिए इस ऐप के माध्यम से पढ़ाई का मौका फिर से दिया जाएगा। इसमें यह भी सुनिश्चित किया गया है कि यदि कोई छात्र फेल होता है, तो उनकी फीस वापस कर दी जाएगी ताकि वे दोबारा पढ़ाई कर सकें। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप की स्थापना की गई है और इसका उद्घाटन जल्द ही होगा। यह कंपनी न केवल बोर्ड परीक्षाओं, बल्कि इंजीनियरिंग और मेडिकल की परीक्षाओं जैसे जेइइ और नीट के लिए भी मनी बैक गारंटी प्रदान करेगी। इस मौके पर निदेशक देव चौहान,बब्लू मिश्रा,राजू शर्मा,नवीन वर्णवाल, सुनील कुमार, मदन महतो, कंपनी के आईटी मैनेजर निलेश कुमार,दीपक प्रसाद,देवानंद चौहान,मनोज चौहान आदि भी उपस्थित थे।

### प्रबंधन के रवैये के खिलाफ कल से मोर्चा देगा अनिश्चितकालीन धरना




**बाघमारा(एप्र)।** प्रबंधन के रवैया के खिलाफ मोर्चा के द्वारा ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष 25 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। उक्त बातें मोर्चा के नेताओं ने रविवार को ब्लॉक दो क्षेत्र के 14 नंबर हाजिरी घर के समीप पत्रकारों से कहीं।वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन ने बगैर सलाहकार समिति सदस्यों को विश्वास में लिए मशीन को दूसरे कोलियरी क्षेत्र में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।इससे मजदूर और मजदूर संगठनों में आक्रोश व्याप्त है।पत्रकार वार्ता में जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य गोपाल मिश्रा,यूसीयू के तुलसी साव,धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के चंद्रशेखर राय,क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य उत्तम कुमार पांडेय, केआईएमपी के गोपाल चंद्र गोप,राम कुमार पांडेय, अविनाश दुबे,रणविजय कुमार,मुरारी पांडेय,एच एन पांडे, ओम प्रकाश पांडेय,बच्चन शाह,अखिलेश नोनियां, बृजेश पांडेय,शंकर महतो आदि थे।

# स्मार्ट सर्फ व लेसिक तकनीक चश्मा हटाने का सबसे एडवांस तरीका : डॉ. भारती कश्यप

■ **नेत्र रोग विशेषज्ञों के वार्षिक सम्मेलन में तकनीकी सत्रों का हुआ आयोजन**




**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** झारखंड ऑप्थोमोलॉजिकल सोसाइटी और संताल परगना ऑप्थाल्मिक फोरम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नेत्र रोग विशेषज्ञों के 22 वें वार्षिक सम्मेलन के तीसरे दिन मैहर गार्डेन में नवीनतम तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। मौके पर रिफ्रेक्टिव सर्जन व कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रांची की डायरेक्टर डॉ. भारती कश्यप ने चश्मा हटाने की सुरक्षित विधि और चीरा रहित स्मार्ट सर्फ लेजर तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट पल्स लेजर तकनीक पर आधारित स्मार्ट सर्फ एवं स्मार्ट लेसिक आज के दौर में आंखों से चश्मा हटाने की सबसे ज्यादा एडवांस्ड लेजर तकनीकी है। अपनी 1050 एचजेड पुनरावृति दर एवं सात डाइमेंशनल आई ट्रैकिंग के साथ स्विंड अमारिस मशीन पर स्मार्ट सर्फ सतह उपचार एवं स्मार्ट लेसिक पारंपरिक लेजर उपचारों की तुलना में असाधारण उच्च गति एवं परिशुधता की लेजर प्रणाली है। स्मार्ट पल्स टेक्नोलॉजी ट्रीटमेंट से कॉर्निया की मॉडलिंग बहुत चिकनी होती है। उत्कृष्ट परिणाम के लिए लेजर प्रक्रिया के दौरान आंखों की स्थिर एवं गतिशील अवस्था में सही जगह पर लेजर फायर की जाती है और उस समय को भी कम करता है, जिसके दौरान मरीज को लेजर के समय हरी बत्ती पर नजर रखना होता है। ज्यादा सिलेंडर पावर वाले मरीजों में यह काफी बेहतर परिणाम देता है। माइनस पावर के साथ-साथ प्लस पॉवर का भी उपचार इससे संभव है।



## कॉर्निया की कई बीमारियों का भी इलाज संभव

डॉ. भारती कश्यप ने कहा कि एलवी प्रसाद आई हॉस्पिटल हैदराबाद के द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार लेजर सतह उपचार स्माइल एवं लेसिक से ज्यादा सुरक्षित है। आजकल स्मार्ट पल्स तकनीक का उपयोग लेजर सतह उपचार के लिए बेहतर रिजल्ट दे रहा। अपेक्षाकृत ज्यादा पावर, सिलिंडर पॉवर एवं पतले कॉर्निया में स्माइल लेजर नहीं हो सकता है और एक बार लेजर होने के बाद दोबारा ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ने पर इसे नहीं किया जा सकता है। प्लस पावर का ट्रीटमेंट भी स्माइल तकनीक से नहीं किया जा सकता है। इस तकनीक से कॉर्निया की कई बीमारियों जैसे केराटॉकोनस आदि का भी उपचार होता है।

## आंखों के कैंसर का इलाज संभव : डॉ. संतोष

मौके पर अखिल भारतीय नेत्र सोसाइटी के सचिव डॉ. संतोष होनावर ने आंखों के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह ज्यादातर छोटे बच्चों में आमतौर पर 3 वर्ष की आयु से पहले होता है। यह कैंसर 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों में शायद ही कभी विकसित होता है। रेटिनोब्लास्टोमा आंख की रेटिना में बनता है। इस कैंसर का इलाज बहुत अधिक संभव है। समय पर बीमारी की पहचान और इलाज शुरू होने से 95 प्रतिशत मरीज ठीक हो सकते हैं। सम्मेलन में आयोजन समिति के मुख्य संयोजक डॉ. एनडी मिश्रा, डॉ. एनसी गांधी, डॉ. कुमार विजय, डॉ. कुमार मधुप, डॉ. अभिषेक ओमकार, डॉ. मंजूषा झा, डॉ. एसके मित्रा, डॉ. रजनीकांत सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बीपी कश्यप, डॉ. ललित वर्मा, डॉ. नम्रता शर्मा, डॉ. मनोज माथुर समेत पूरे झारखंड से आए 100 से अधिक नेत्र रोग चिकित्सक मौजूद थे।

## एक नजर

### जालेश्वर मंदिर में शिवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवीपुर के जालवे पहाड़ तराई स्थित जालेश्वर बाबा मंदिर में शिवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यहां आसपास



के ग्रामीणों के सहयोग से शिव बारात निकाली जाती है। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। शिवरात्रि के दिन यहां ग्रामीण इलाकों से भक्तों की भीड़ उमड़ती है। राम नारायण झा ने बताया कि शिवरात्रि को लेकर मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन हो रहा है।

### स्व. यमुना तिवारी को किया याद



**सारठ (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र के पथरड्डा चौक पर पथरड्डा निवासी भाजपा जनसंघ काल के नेता यमुना प्रसाद तिवारी की 25 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर स्व. तिवारी के बड़े पुत्र भाजपा देवघर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नाथ तिवारी, मुखिया नन्द किशोर तुरी, पूर्व मुखिया महेंद्र सिंह, एएसआई सुखदेव भगत, प्रकाश लाल, सोहन तिवारी, विनोद यादव, विजय पांडे, गणेश रजक, शंभू नाथ तिवारी ,सुधीर तिवारी, राजा तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### ट्रैक्टर से युवक घायल

**सारठ(एप्र)।** प्रखंड के आराजोरी में ट्रैक्टर से खेत की जुताई के दौरान 18 वर्षीय राहुल कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि राहुल अपने खेत की जुताई ट्रैक्टर से करवा रहा था, उसी दौरान ट्रैक्टर के रोटा वेटर हल में उसका दोनों पैर फंस गए, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हुआ है। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे डॉक्टर के पास ले गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर भेज दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही विधायक के दत्तक पुत्र राहुल कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर अस्पताल भिजवाने में सहयोग करते हुए डॉक्टरों से बात कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजय वर्मा समेत अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### बुढ़ई पहाड़ के पीछे मिली अधेड़ की लाश, हत्या का आरोप

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवीपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ई पहाड़ के पीछे रविवार को एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। शव की पहचान गिरिडीह जिला के गांडेय निवासी के रूप में हुई है। मामले की जानकारी पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने गांव के पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के भाई ने बताया कि गांव के एक किसान का घर में उनका भाई पिछले 5 साल से गायब भैंस बकरी चराने का काम करता था। कुछ दिनों से मजदूरी नहीं देने के कारण दोनों में विवाद हुआ था। जिसके बाद सभी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। शव छिपाने के नियत से वहां फेंक दिया है। घटना को लेकर देवीपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के छोटे भाई के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने शव पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया है।

### अनियंत्रित पिकअप घर में घुसा, बचे लोग

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** कुंडा थाना क्षेत्र के तपोवन मुख्य पथ पर एक ओवरलोड पिकअप वैन असंतुलित होकर एक मकान में घुसा गया। इससे घरवाले बाल-बाल बच गए। हादसे के वक्त मकान में कोई नहीं था। इसलिए कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और चालक को गाड़ी से बाहर निकाला इसके बाद घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने कुंडा थाना पुलिस को दी।

### ट्रक के धक्के से जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** मोहनपुर थाना क्षेत्र के घाघरा मोड़ के पास ट्रक के धक्के से गोपाल कुमार जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी के पिता परमेश्वर यादव ने बताया कि गोपाल बाजार से घर पहुंचा था और बाइक को किनारे में खड़ा करके घर घुस रहा था। तभी तीव्र गति से आ रहे ट्रक ने धक्का मार दिया। ट्रक चालक घटनास्थल से ट्रक लेकर फरार हो गया।

### जर्जर मकान को गिराने का निर्देश

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** शीतला मंदिर के पास अवस्थित एक जर्जर मकान को गिराने का आदेश प्रशासन की ओर से दिया गया है। लेकिन मकान काफी पुराना और जर्जर हो गया है, जो कभी भी गिर सकता है। प्रशासन ने मकान को गिराने का प्रयास किया, लेकिन वहां नवास कर रहे कुछ लोगों ने इसका विरोध किया और मकान गिराने नहीं दिया। 26 फरवरी महाशिवरात्रि शव बारात निकलेगी। यह मकान बारात रुट में है। इस कारण भीड़-भाड़ में हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# बारातियों के स्वागत को तैयार देवनगरी, जगमगाया शहर

**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।**

शिव बारात को लेकर पूरे शहर सज-धज कर तैयार है। 26 फरवरी की शाम केकेएन स्टेडियम में शिव बारात निकाली जाएगी। पहली बार पर्यटन विभाग शिव बारात का आयोजन कर रहा है। इसलिए राज्य सरकार से लेकर जिला प्रशासन की पूरी टीम तैयारियों में जुटी हुई है। डीसी विशाल सागर ने बताया कि शिव बारात की तैयारी अपने अंतिम चरण में हैं। ऐसे में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र व देवघर शहर में रंग-बिरंगे स्पाइरल लाइट से सुसज्जित विद्युत पोल की सुंदरता परस्पर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। बाबा मंदिर के आस-पास के क्षेत्रों के अलावा सम्पूर्ण शिव बारात रुटलाइन और देवघर शहर के अन्य जगहों पर इन लाइटों को लगाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि और शिव बारात के अवसर पर





इन लाइटों को लगाने का मुख्य उद्देश्य यहा आए श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति प्रदान करना है, ताकि यहां की साज-सज्जा और सुन्दरता उनके मानस पटल में अविस्मरणीय रूप से लम्बे समय तक अंकित रह सके। महाशिवरात्रि को शाम 6 बजे बाबा भोलेनाथ की बरात केकेएन स्टेडियम से निकलेगी, जो बजरंगी चौक, टावर चौक, आजाद चौक, भैरो बाजार, नरसिंह टॉकीज रोड, शिक्षा सभा, चांदनी चौक, बैद्यनाथ लेन होते हुए बैद्यनाथ मंदिर के पूरब दरवाजा से मंदिर में प्रवेश करेगी। शिव बारात में देवी-देवता, राक्षसों की झांकियों रहेगी। शिवरात्रि से पहले ही पूरा शहर में शिव धुन बजने लगा है, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया है।



## एक साथ होंगे 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन

इस बार शिव बारात की झांकी में श्रद्धालुओं को एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन हो सकेंगे। बारात में कलयुग के थीम पर कई झांकियां होगी, जिसमें कलका सूर और कल्कि अवतार प्रमुख हैं। कलका सुर मनुष्य के निगेटिव और पॉजिटिव दोनों सोच को दशार्ने वाली झांकी होगी। बच्चों में मोबाइल के दुष्प्रभाव को दशार्ने वाली झांकी भी शिव बारात में रहेगी। इसके अलावा हफिया होफ, हाथी के रूप में भगवान गणेश समेत कई देवी-देवताओं की देव दुर्लभ झांकियां झांकियां बारात में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं पहली बार लोग ड्रोन शो, लेजर शो तथा बारात रूट में सड़क किनारे बने 30 से 40 मंचों पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेंगे। इसमें छउ नृत्य, फोक नृत्य से लेकर कई तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। बाबा भोलेनाथ की बारात में 50 घोड़े, 15 ऊंट व 250 झंडों के साथ अलग-अलग दल शामिल रहेंगे। वहीं बारात में 24 लोगों का अलग-अलग 15 से 20 दल तासा, बैंड, 15 से 20 भांगड़ा पार्टी आदि शामिल रहेंगे।

# देवघर में होने वाला सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता ऐतिहासक होगा : डॉ. सुनील खवाड़े

■ **23 से 25 मार्च तक जसीडीह में होगी प्रतियोगिता**

**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र.)।** झारखंड हैंडबॉल संघ के निर्देश पर 23 से 25 मार्च तक देवघर में 39 वां राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक-बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर जसीडीह के रामकृष्णन विवेकानंद विद्या मंदिर में समाजसेवी सह देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक सौगता कर भी मौजूद थे। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई है। रामकृष्णन विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में खिलाडियों को अच्छी सुविधा दी जाएगी। प्रतियोगिता के लिए पूरे राज्य से करीब 350 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। बैठक में देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि इस तरह के आयोजन से झारखंड खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा और खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा रहेगा। उन्होंने विद्यालय के निदेशक को सफल आयोजन करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यालय के निदेशक सौगता कर ने कहा कि आयोजन स्थल के रूप मे चुने जाने के लिए विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा हैं। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि देवघर को खेल के क्षेत्र मे अग्रणी बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सम्भव प्रयास करता रहेगा। बैठक में जिला खेल प्राधिकरण के सचिव आशीष झा, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष नवीन शर्मा, जिला हैंडबॉल संघ के सचिव राजेश रंजन, विद्यालय के उपप्राचार्य सुनील कुमार मौजूद थे।



## भाजपाइयों ने सुनी मन की बात कार्यक्रम



**देवघर (का.प्र)।** शहर के वार्ड नंबर-9 शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम भाजपा नेता पंकज सिंह भदौरिया के अध्यक्षता में सुना गया । मौके पर भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में देश को ऐसा नेतृत्व मिला है, जिसने न सिर्फ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि निखरी है, बल्कि विकास के नए आयामों को छूकर भारतीय परिवारों के रहन-सहन का स्तर भी ऊंचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से कार्यकताओं को प्रेरणा और नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम में सुचिता घोष, मोनिका सिन्हा, मिठू दत्ता, शुभेंदु सुमन, अशोक कुमार, अजय कुमार झा, विजय कुमार, बंटी सिंह, रौशन कुमार, भूषण कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## तरन्नुम ने पहले प्रयास पास की नेट की परीक्षा



**सारठ(एप्र)।** प्रखंड के कचुवाबांक पंचायत निवासी तरन्नुम आरा (पति फरीद शेख) ने पहले ही प्रयास में नेट परीक्षा-2024 पास कर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। तरन्नुम में बताया कि वे अपने परिवार बच्चों के साथ गांव में ही रहती है और वर्तमान समय मे वो मध्य विद्यालय ढ़ोड़ोडुमर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही तरन्नुम कोचिंग का भी संचालन करती है। उन्होंने कहा कि उनके समाज मे आज भी लड़कियों का पढ़ना काफी कठिन है। बावजूद हर चुनौतियों से लड़कर उन्होंने महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने व परिवार का भविष्य निर्माण करने की सलाह दी। तरन्नुम ने कहा कि प्रोफेसर बनकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी।

## अजमत-ए-कुरान कांफ्रेंस का आयोजन

**मधुपुर (निसं)।** शहर के नबी बक्स रोड स्थित मदरसा हिफजुल कुरान अल-सालेहिन कैंपस में वार्षिक हाफिज दस्तार बंदी के मौके पर अजमते कुरान कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर मदरसा की नन्हें मुन्ने बच्चे बच्चियों के बीच इस्लामिक क्वीज कंपटीशन का आयोजन किया गया। मौके पर बच्चों ने अपनी शिक्षा का हुनर लोगों को बीच सुनाया। मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चे बच्चियों को सम्मानित किया गया मौके पर मदरसे के दो बच्चे को दस्तार बंदी से नवाजा गया। जिसमें एक लड़की राफाईदा राशीद पिता मोहम्मद राशीद कमर शहर के पत्थर चपटी मात्रीका गली की रहने वाली दुसरा मोहम्मद शाहिद इमाम पिता मास्टर मोहम्मद अब्बास शहर के पनाह कोला मोहल्ला के रहने वाले हैं। इस वजह से को हाफिज जो कारी मोहम्मद इमरान उल जमां कुरैशी की लगन के कारण हर वर्ष से अपने आवासीय मदरसा से दो-चार बच्चों को हाफिज ए कुरान बनाकर कुरान की शिक्षा से मालामाल करते हैं जो काफी सराहनीय कार्य है। यह दस्तारबंदी सातवां दस्तारबंदी है



जिसमें 7 वर्ष में 19 हाफिज ए कुरान बनाने का काम कारी इमरान जमा कुरैशी ने किया है। जिसमें उलेमाओ ने मुसलमानों से तालीम हासिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आगाज कारी ने कुरान पाक की तिलावत से किया। मौके पर समस्तीपुर बिहार से आए हजरत मौलाना मुफ्ती मुजफ्फर इकबाल काशमी हजरत मौलाना मोहम्मद इलियास चतुर्वेदी सारठ, मौलाना मुफ्ती इमरान साहब काशमी मधुपुर मौलाना मुफ्ती आबू सालेह काशमी देवघर नदवी गिरिडीह, मोहम्मद रिजवान उल्ला काशमी देवघर के अलावा कई उलमा ए कराम उपस्थित रहे। इस मौके पर संबोधित करते हुए हजरत मौलाना मुफ्ती मुजफ्फर इकबाल कासमी ने तकरीर करते हुए कहा कि कुरान में सबसे पहले इल्म के ताल्लुक से आयत उतरी है कहा कि हमारे नबी ने कुरान व अहलेबैत से मोहब्बत का हुक्म दिया है। इल्म हासिल करने के लिए अगर विदेश भी जाना पड़े तो वहां जाकर इल्म हासिल करो। उन्होंने कहा कि मदरसों से इल्म की रोशनी मिलती है। इल्म जितना हासिल करना मर्दों को जरूरी है उतना ही औरतों पर भी जरूरी है। इस्लाम में औरतों के लिए इल्म का दरवाजा बहुत पहले खोल दिया गया है। लोग इस दौर में नारे लगाते हैं बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ यह दोनों नारे पैगंबरे इस्लाम ने आज से 14 सौ साल पहले दुनिया वालों को दे दिए थे, और इस पर अमल करके भी बताया है। हजरत मौलाना इलियास चतुर्वेदी सारठ ने कहा कि वह बाप बहुत खुशनसीब हैं जिनका बेटा और बेटी हाफिज व कारी बनता है। जलसे में मदरसे की तालीम से फारिग होने वाले दो बच्चे को हाफिज ए दस्तार बन्दी की गई।

## ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित

**मधुपुर (निसं)।** प्रखंड अंतर्गत स्थित पटवाबाद की सर जमीन पर ₹तहरीके लेसान-ए- उर्दू₹ के बैनर तले शहर के नामी गिरामी शायर व कवियों अख्तर मधुपुरी, इरशाद काशिफ, सलाम कैफी, लालचंद काशफी, अफजल दिलकश, और राजेंद्र मिश्रा के नाम एक हसीन रात ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता जाने-माने समाजसेवी ₹कौमी बेदारी तहरीक₹ बंगाल के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अफरोज ने की और मंच का संचालन जाने माने नकीब इम्तियाज अंसारी आसनसोल ने बड़े ही खूबसूरत अंदाज से अंजाम दिया।

मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण जल संसाधन मंत्री के प्रतिनिधि मंत्री के छोटे भाई शब्बीर अंसारी, न्यूज लाईन के डायरेक्टर प्रिंस समद, शहर के जाने-माने समाजसेवी हाजी अलाउद्दीन अंसारी स्टेज पर रात भर जमे रहे और पूरे मुशायरा व कवि सम्मेलन का आनंद लेते रहे।मुशायरा का आगाज कुराने पाक की तिलावत से की गई इसके बाद इरशाद काशिफ के भांजी मधुपुर नगर पार्षद के कद्दावर वार्ड पार्षद शबाना परवीन ने इरशाद काशिफ की गजल पढ़कर शुरूआत की! इसके बाद बारी-बारी आए शायर व कवियों ने अपने-अपने सुनहरी आवाज और अंदाज से उपस्थित लोगों को समेटे रखा और दाद व तहसीन की दौलत से मालामाल होते रहे। इस मुशायरा में शेकुल रहमान-कुलटी बंगाल,यासीन साकिब-आसनसोल बंगाल, जैनुल आबिदीन- कोलकाता बंगाल,शालिनी सबा-रांची झारखंड,मंजू कुमारी इशरत-कोलकाता बंगाल,अनीशा साबरी-कोलकाता बंगाल,वकी मंजर-वेस्ट बंगाल,रोशन हबीबा रोशनी-इंटरनेशनल शायरा झारखंड,कैसर इमाम कैसर-गिरिडीह झारखंड, रियाज अहमद शम्श-गिरिडीह झारखंड, के अलावे अजीम शादाब, मेराज शगफ, अरुण निर्झर धनंजय प्रसाद डॉक्टर अंजार कलीम परवाना ताहिर मधुपुरी राजा मधुपुरी अजीम मधुपुरी इत्यादि ने अपनी अपनी गजलें पेश कीं इस महफिल को सजाने ,रचाने और कामयाब बनाने में ₹तहरीके लेसान-ए- उर्दू₹ के सदस्य मोहम्मद आमिर अख्तर, नूर आलम, मोहम्मद तनवीर, मोहम्मद रजाऊल, मोहम्मद कौसर ने अहम किरदार निभाए।



## एक नजर

### डीसी ने शिक्षा विभाग के साथ की बैठक



**पाकुड़ (एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं शिक्षकों के साथ बैठक की। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जिस विद्यालय में अभी तक बच्चों को फाइलेरिया का दवा नहीं खिलाया गया है, वहां कल तक बच्चों को दवा जरूर खिलाएं। ताकि एक भी बच्चें दवा से वंचित ना रहे। उपायुक्त ने जो शिक्षक एनईपी संबंधित प्रशिक्षण नहीं लिए हैं, उन्हें प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया गया। वहीं सीएम स्कूल में नामांकन में तेजी लाने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

### ओलावृष्टि से प्याज की फसल को नुकसान की आशंका

**पाकुड़िया (एप्र)।** प्रखंड में रविवार को दोपहर दो बजे से चार बजे तक दो घंटे ओलावृष्टि के साथ रुक रुक कर झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से मौसम में अचानक बदलाव हो गया। जिस वजह से लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। लगातार हुई बारिश से सड़क पर पानी बहने लगा और कहीं कहीं जल जमाव की स्थिति बन गई। जिससे सड़क पर चल रहे राहगिरों की परेशानी बढ़ गई। वहीं सड़क पर बह रहे गंदे पानी से लोगों को गली मोहल्ले की सड़कों में चलने में काफी परेशानी हो रही है। एकाएक हुई बारिश से खेतों में लगी प्याज एवं आलू की फसल को लेकर किसानों में चिंता बढ़ गई है। ओलावृष्टि से खेत में लगी प्याज एवं आलू की फसल को नुकसान होने की संभावना है। बहरहाल मानसून की इस झमाझम बारिश से किसान काफी खुश हैं। इधर बारिश के कारण तीन घंटे तक बिजली भी बाधित रहा। बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बहरहाल समाचार प्रेषण तक बिजली नहीं आई थी।

### फर्जी आधार कार्ड नहीं बने, इसका रखें ध्यान : डीसी

**पाकुड़ (एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी यूआईडीएआई रितेश श्रीवास्तव ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जो आधार केंद्र प्रखंड स्तर पर संचालित है और अभी के समय में वह बंद है, तो उसे जल्द से जल्द चालू कराएं। उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूरति को स्कूलों में आधार कैंप एवं पोस्ट ऑफिस को आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार कैंप लगाने का निर्देश दिया। यह भी सख्त निर्देश दिया कि फर्जी आधार कार्ड नहीं बनना चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखें।

### कोयला व पत्थर साइडिंग से आने-जाने के लिए वाहनों को दुरुस्त कराने की मांग

**पाकुड़ (एप्र)।** पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस पाकुड़ शाखा की ओर से कोयला साइडिंग एवं पत्थर साइडिंग से पाकुड़ स्टेशन आने जाने के लिए मुहैया कराए गए वाहनों को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर रविवार को परिचालन पर्यवेक्षक प्रतिबिक्षक पाकुड़ प्रवीण कुमार एवं स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के एक शिष्टमंडल ने सौंपा है। जिसमें शाखा सदस्य गौरव कुमार, भोपाली कुमार यादव, सहायक सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, नीरज ठाकुर, आशीष रंजन, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, मो. नियाज अंसारी एवं अन्य शामिल थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कोयला साइडिंग एवं पत्थर साइडिंग से पाकुड़ रेलवे स्टेशन आने-जाने के लिए प्रतिनियुक्त रेलवे पदाधिकारी और कर्मचारियों को चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिसमें कतिपय सुधार की आवश्यकता है। इसी को लेकर विचार विमर्श के बाद ज्ञापन सौंपा गया है। जिस पर परिचालन पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार एवं स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेंब्रम ने आश्वासन दिया है।

### रामनवमी महोत्सव को ले मेला कमिटी की बैठक

**हिरणपुर (एप्र)।** आगामी 30 मार्च से 21 दिनों तक चलने वाले रामनवमी महोत्सव को लेकर शनिवार को मवेशी हाट परिसर स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में रामनवमी मेला कमिटी के अध्यक्ष पिंटू भगत की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा किया गया। बैठक में राम कथा के लिए कथावाचक के रूप में अमड़ापाड़ा के पंडित रविशंकर मौजूद रहेंगे। वहीं 6 अप्रेल रामनवमी के दिन दोपहर 2 बजे से शोभायात्रा सह अखाड़ा निकाली जाएगी। झांकी की प्रस्तुति शोभायात्रा में सोनभद्र (कटप्पा) यूपी के द्वारा किया जाएगा। स्टेज कार्यक्रम भी इसी सोनभद्र यूपी कटप्पा टीम के द्वारा किया जाना है। साथ ही अन्य कई विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर सामिति के सचिव बिकाश रविदास, विशाल आर्य, उपाध्यक्ष बिपिन यादव, लक्ष्मण गुप्ता, जितेन्द्र दास, मुकुन्द यादव, प्रमोद साह, दीपक साहा, बिक्की दास, बरुन रजक, कुन्दन दास, राजेश भगत, राजेश पंडित, मनोज बागती, बिनय भगत, सहदेव मण्डल, बाबुराम रविदास आदि थे।

### अश्लील मैसेज भेजकर जान से मारने की धमकी की शिकायत

**महेशपुर (एप्र)।** थाना क्षेत्र के बरहाबांध गांव निवासी सह वादिनी अनीता हेंब्रम ने रविवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही नामजद आरोपित परितोष किस्कू के खिलाफ शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए जान मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज करवाई है। वादिनी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि आरोपित के द्वारा वादिनी के मोबाइल में अश्लील एसएमएस भेज कर जान मारने की धमकी देता था। बीते 21 जुलाई 2024 को इसी मामले को लेकर ग्राम प्रधान के पास बैठक रखा गया था। जिसमें समझोता नामा में आरोपित ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा था कि दोबारा कभी नहीं परेशान करेंगे। इसके बाद आरोपित ने पांच जनवरी 2025 एवं 21 फरवरी 2025 को आरोपित ने संख्या 7054465030 एवं 8002716758 से वादिनी के मोबाइल में अश्लील मैसेज भेज कर फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। वादिनी ने आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दो पक्षों में मारपीट को ले मामला दर्ज

**महेशपुर (एप्र)।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बीते 22 फरवरी को घर से निकलने वाली सड़क विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर रविवार को थाना में दोनों पक्षों के द्वारा दो अलग-अलग मामला दर्ज करवाया गया है। घटना को लेकर प्रथम पक्ष के वादी मोतिबुल शेख ने अपने भाई रासीबुल शेख के अलावा देलबर शेख व कायेम शेख के खिलाफ जान मारने की नीयत से मारपीट कर जख्मी कर देने के आरोप में मामला दर्ज करवाया है। वहीं दूसरे पक्ष के वादिनी जुमेला बीबी ने अपने मझले बेटे मोतिबुल शेख, बसीर शेख एवं बसर शेख के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट कर जख्मी कर देने तथा बक्सा से रुपया ले लेने के आरोप में मामला दर्ज करवाई है।

# आईकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से नवाजे गए समाजसेवी लुत्फल हक

## चीन प्रांत के मकाऊ शहर में आयोजित समारोह में हुए सम्मानित

**पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ के चर्चित और नामचीन समाजसेवियों में शुमार लुत्फल हक ने एक बार फिर जिले वासियों को गर्वित किया है। लुत्फल हक को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए चीन प्रांत के मकाऊ में आईकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देश के मशहूर पत्रकार और हिंदुस्तान अखबार के प्रधान संपादक शशि शेखर ने अपने हाथों लुत्फल हक को अवार्ड प्रदान किया है। आयोजित सम्मान समारोह में भारत देश के अलग-अलग हिस्सों से तीन दर्जन जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए थे। इनमें लुत्फल हक का नाम भी खास तौर पर शामिल किया गया था। देश-विदेशों में दर्जनों बार सम्मानित किए जा चुके लुत्फल हक गरीबों की मदद के लिए जाने जाते हैं। असहाय और जरुरतमंद लोगों को मदद पहुंचाना उनकी पहचान बन चुकी है। पाकुड़ जैसे पिछड़े और छोटे से जिले से निकलकर चीन प्रांत के मकाऊ में सम्मान हासिल करने वाले समाजसेवी लुत्फल हक ने जिले का नाम रोशन किया है। अवार्ड प्रदान के




दौरान भरे समारोह में लुत्फल हक की दरियादिली से खुश हिंदुस्तान अखबार के प्रधान संपादक शशि शेखर भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने लुत्फल हक की तारीफों के पुल बांध दिए। प्रधान संपादक शशि शेखर ने लुत्फल हक के सामाजिक कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गरीबों की मसीहा बनकर जो काम सालों से करते आ रहे हैं, वह वाकई में प्रेरणादायक और प्रशंसनीय भी है। कहा कि जिस वक्त कोरोना वायरस के कहर से पूरा देश खौफ में था, लोग सिर्फ अपनी जान बचाने के लिए ही सोचने पर मजबूर हो गए। लुत्फल हक ने लोगों की मदद के लिए अपने दोनों हाथ खोल दिए। जिनके घर के चूल्हे रोजाना मेहनत मजदूरी से जलते थे, उन गरीब मजदूरों के परिवारों के सामने संकट आन पड़ी थी। उस दौरान लुत्फल हक जैसे समाजसेवी ने गरीबों के घर राशन पहुंचाया। लोगों की जान बचाने के लिए इन्होंने अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर, सैनिटाइजर और मास्क मुहैया कराया। पाकुड़ रेलवे स्टेशन में रोजाना लगभग 300 गरीबों को हर दिन भोजन कराया जा रहा है। आर्थिक रूप से मदद पहुंचा कर गरीब बेटियों की शादी में सहयोग कर उनका घर बसा रहे हैं। लुत्फल हक गरीबों की उम्मीद बन गए हैं। निश्चित रूप से लुत्फल हक समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। इधर लुत्फल हक ने दूरभाष पर कहा कि शशि शेखर जी का मैं शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने मुझे इस मंच पर सम्मानित किया। यह सम्मान मैं उन बेबस भाई बहनों और माताओं को समर्पित करना चाहूंगा, जिनकी दुआओं ने मुझे यहां तक पहुंचाया। मेरी उन भाई-बहनों और माताओं के आशीर्वाद से ही मुझे यह सम्मान नसीब हुआ है।

### कलश शोभा यात्रा के साथ नौ दिवसीय महारूद्र यज्ञ शुरू



**महेशपुर (एप्र)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री श्री 1008 बूढ़ा बाबा महेश्वरनाथ शिव मंदिर में रविवार को शिवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। कलश शोभा यात्रा में 1151 श्रद्धालु महिलाएं व कन्याएं शामिल हुई। वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ कलश शोभा यात्रा आरम्भ हुई। कलश शोभा यात्रा में शामिल लोगों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नौ दिवसीय महारूद्र यज्ञ के पहले दिन बूढ़ा बाबा शिव मंदिर स्थित यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा डाकबंगला चौक, अंबेदकर चौक, ग्वालपाड़ा, राजबाड़ी होते हुए स्थानीय बांसलोई नदी के ठाकुरबाड़ी घाट पहुंचा। जहां पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर कर कलश यात्रा हाईस्कूल, बाबूपाड़ा, दत्तापाड़ा, हटियापाड़ा से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना प्रारंभ किया गया। इस महारूद्र यज्ञ में हो रहे मंत्रोच्चार व जयकारे से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। महारूद्र यज्ञ में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था के राष्ट्रीय सचिव यज्ञाचार्य दुलाल पांडेय, बनारस के अनीश उपाध्याय, अयोध्या के सुरेश पांडेय, राहुल पांडेय, चेन्नई से दिग्विजय उपाध्याय, वाराणसी के अमित चौबे, राजा पांडेय, शिव प्रकाश ओझा, कुंज बिहारी पांडेय, हीरा मिसिर एवं सोनू चौबे सहित अन्य पुरोहित शामिल हैं। महारूद्र यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर मंदिर कमेटी के गोपाल भगत, निर्मल साह, राकेश मंडल, संदीप भगत, गुंजन तिवारी, अपूर्व राणा, गुड्डू भगत, राजेंद्र प्रसाद भगत, पंचानन दास, मृत्युजंय दास, गौतम सिंह सहित कमेटी के अन्य सदस्य काफी सक्रियता से जुटे हुए थे।

### ग्रामीणों को जल मीनार का नहीं मिल रहा लाभ



**पाकुड़िया (एप्र)।** प्रखंड अंतर्गत मोंगलाबांध पंचायत के जुगुड़िया गांव में पंचायत मद के 15वें वित्त आयोग से स्थापित किए गए सोलर चालित जल मीनार का हाल इन दिनों दयनीय हो चुका है। बात है मोगलाबांध पंचायत अंतर्गत जुगुड़िया विद्यालय के ठीक सामने सोलर निर्मित जलापूर्ति जल मीनार की। यह जलमीनार एक साल पहले पंचायत मद के 15वें वित्त की लगभग चार लाख रुपए की राशी से सोलर चलित जल मीनार का निर्माण हुआ है। लेकिन इसके निर्माण के कुछ ही दिनों बीतने के बाद ही मोटर में खराबी आ जाने के कारण पानी सप्लाई बंद हो गया है। यह पानी टंकी मोटर खराब हो जाने के कारण बंद पड़ा हुआ है। जिससे यहां के लोगों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस बाबत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि यहां सोलर सिस्टम जलापूर्ति निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। जिस कारण इसका मोटर कुछ ही दिनों में स्वतः खराब हो गया है। ग्रामीणों ने बीडीओ से संज्ञान लेते हुए खराब सोलरयुक्त टंकी को ठीक कराकर चालू करने की मांग की है। इस बाबत बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने बताया कि इसे पंचायत सचिव को ठीक कराने के लिए निर्देश दिया गया है। ताकि लोगों को पानी के लिए समस्या ना हो ।

## आम नागरिक को समर्पित है केंद्रीय बजट : त्रिवेणी प्रसाद भगत

**पाकुड़ (एप्र)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार की देर शाम शहर के हाटापाड़ा स्थित अपर्णा मार्केट कांप्लेक्स में बजट पर परिचर्चा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केकेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. त्रिवेणी प्रसाद भगत शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट आम नागरिक को समर्पित है। आयकर छूट सीमा में वृद्धि से गरीब लोगों के पास अधिक आय होगी। जिनकी सीमांत उपभोग प्रवृत्ति सबसे अधिक है। इसी तरह, एमएसएमई, पर्यटन और कृषि पर जोर देने से अर्थव्यवस्था में आय, उत्पादन और रोजगार बढ़ेगा। बजट में मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाने के राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को शामिल किया गया है। भारत को




खिलौनों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना भी मेड इन इंडिया ब्रांड को बड़े पैमाने पर बेहतर बनाएगी। सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश करने की योजनाओं को भी गंभीरता से लिया गया है। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि केंद्रीय बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में प्रस्तुत किए गए इस ऐतिहासिक बजट में मध्यम वर्ग के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का काम किया है। ये बजट आम नागरिक के झोली भरने का बजट है। मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं को संबल देने हेतु धन धन्य योजना, किसानों की ऋण सीमा बढ़ाने जैसे प्रावधान किए वहीं युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए स्टार्ट अप हेतू 10 हजार करोड़ का फंड देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए ये दशार्या है कि वो तीसरी बार तिगुनी गति से कार्य कर देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि मोदी सरकार ने जो विकसित भारत का संकल्प लिया है उस दिशा में यह बजट नई ऊर्जा प्रदान कर विकसित देश की ओर तेजी से अग्रसर होगा। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, जिला महामंत्री रूपेश कुमार भगत, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक साह, आईटी जिला संयोजक पार्थ रक्षित, हिसाबी राय, सपन दुबे, अजीत रविदास, मनीष कुमार पांडेय,पार्वती देवी, राणा शुक्ला, अनिकेत गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# जिला परिषद के करोड़ों की योजनाओं में टेंडर मैनेज की आशंका, जांच से हो सकता है पदार्फाश

**पाकुड़ (एप्र)।** जिला परिषद के करोड़ों की योजनाओं में टेंडर मैनेज की आशंका जताई जा रही है। हालांकि यह जांच का विषय है और जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकती है। लेकिन शहर के चौक चौराहों पर लोगों में टेंडर मैनेज के खेल की चर्चा तेज हो गई है। लोगों में चर्चा है कि अगर ईमानदारी से उच्च स्तरीय जांच हो तो, टेंडर मैनेज का पदार्फाश हो सकता है। जिसमें सरकार को लाखों रुपए का चुना लगाने की आशंका जताई जा रही है। यह भी चर्चा है कि पिछले महीने हुए ई-टेंडर की प्रक्रिया को सिर्फ फॉर्मेलिटी के तौर पर पूरा किया गया है। पांच योजनाओं में टेंडर मैनेज का खेल हुआ है। इस तरह की चर्चा छोटी-छोटी योजनाओं के लिए दौड़ने वाले ठेकेदारों में भी ज्यादा हो रही है। इन ठेकेदारों का कहना है कि जब हमारी लाइसेंस के मुताबिक छोटी-छोटी योजनाएं आती है और टेंडर की प्रक्रिया शुरू होती है, तो सारे बड़े-बड़े




ठेकेदार भी कूद पड़ते हैं। लेकिन बड़े-बड़े करोड़ों की योजनाओं के टेंडर आते ही उछल-कूद तो शुरू हो जाती है, लेकिन बाद में सारे उछल-कूद अपने आप धीरे-धीरे शांत होने लगता है और टेंडर में गिने चुने लोग ही दिलचस्पी दिखाते हैं। एक-दो ठेकेदारों की ही टेंडर में हिस्सेदारी देखी जाती है। यह मैनेज का खेल कहीं ना कहीं सरकार को चूना लगाने के साथ-साथ छोटे ठेकेदारों को दबाने का प्रयास भी है। इधर सूत्रों का कहना है कि टेंडर मैनेज के इस खेल में एक चर्चित चेहरे की मुख्य भूमिका है। जो इस तरह के मामलों में पुराने खिलाड़ी भी हैं। सूत्रों के मुताबिक जिला परिषद से पांच योजनाओं का टेंडर हुआ था। इन पांचों योजनाओं में दो-तीन ठेकेदारों ने ही दिलचस्पी दिखाई और ई-टेंडर की प्रक्रिया को पूरा किया गया। जबकि शुरूआत में लगभग 2 दर्जन ठेकेदारों की होड़ लगी थी। यह कहीं ना कहीं टेंडर मैनेज के बड़े खेल की ओर इशारा करती है।

**इन योजनाओं का हुआ था टेंडर**

मिली जानकारी के मुताबिक गत 22 जनवरी को जिला अभियंता, जिला परिषद में 55 लाख 50 हजार की पांच-पांच योजनाओं का ई-टेंडर खोला गया था। इनमें पाकुड़ प्रखंड के बेलडांगा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण (प्राक्कलित राशि 55 लाख 50 हजार), लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत जामकुंदर में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण (प्राक्कलित राशि 55 लाख 50 हजार), महेशपुर प्रखंड अंतर्गत पोखरिया में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण (प्राक्कलित राशि 55 लाख 50 हजार), पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत लकड़ापहाड़ी में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण (प्राक्कलित राशि 55 लाख 50 हजार) तथा पाकुड़िया प्रखंड में ही सरसाबांध में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण (प्राक्कलित राशि 55 लाख 50 हजार), शामिल हैं।

### लिटरेसी क्लब में डीएवी के छात्रों को मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की मिलेगी जानकारी




**पाकुड़ (एप्र)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के बैनर तले झालसा के निर्देश पर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। उच्च न्यायालय रांची के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा रविवार को डीएवी विद्यालय में पाकुड़ न्यायालय के एसीजेएम माननीय विशाल मांझी की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। इस क्लब का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं संयोजक अमित कुमार के द्वारा किया जाएगा। कक्षा नवम से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को इस क्लब में शामिल किया जाएगा। वहीं छात्रों को जागरूक किया जाएगा। इसमें छात्रों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा। प्राथमिकी दर्ज करने और सामाजिक कुरीतियों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उन्हें नशा मुक्ति, बाल-श्रम, दहेज प्रथा, डायन बिसाही जैसी कुरीतियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। ताकि वे लोग गांव में जाकर अपने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दे सके। रविवार को झारखंड के 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत प्रसाद के द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### संत गाडगे महाराज की मनाई गई 149 वीं जयंती, दी गई श्रद्धांजलि




**पाकुड़ (एप्र)।** संत शिरोमणि गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती समारोह रविवार को लायंस क्लब में आयोजित की गई। दलित समाज सुधार मंच के द्वारा आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने गाडगे महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने संत गाडगे की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाडगे महाराज एक महान संत और समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना जीवन गरीब और असहाय लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिले, जिनमें संत गाडगे महाराज पुरस्कार भी शामिल है। उनके अनुयाई आज भी उनके आदर्शों को अपनाते हैं और समाज सेवा का काम कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, प्रदीप रजक, मंजीत लाल रजक, कार्तिक कुमार, शर्मिला रजक, वरुण रजक, संजय रजक, विनय रजक, ठाकुर बैठा, बंटी रजक, उमेश रजक सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। इस कार्यक्रम में पाकुड़ में अखिल भारतीय धोबी महासंघ का पाकुड़ जिला इकाई के गठन पर चर्चा की गई। इस दौरान शीघ्र ही पाकुड़ जिला इकाई का गठन कर प्रदेश कमेटी को सूची उपलब्ध कराने पर सहमति बनी।

## विकसित झारखंड का पैगाम लेकर आएगी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की नई प्रदेश कार्यकारिणी : मो . हंजिला शेख




**पाकुड़ (एप्र)।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की ओर से होटल रॉयल रेसिडेंसी में रविवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य मो. हंजिला शेख, प्रदेश महासचिव संगठन हबिबुर रहमान, जिला अध्यक्ष अमीर हमजा, जिला महासचिव एडवोकेट अब्दुल हन्नान शामिल हुए। प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य मो. हंजिला शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि एसडीपीआई पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी के गठन को लेकर 25 फरवरी को इसी होटल रॉयल रेसिडेंसी में कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें एसडीपीआई पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता शिरकत करेंगे। इनमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मो. सफी साहब (राजस्थान), राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी इलियास मोहम्मद साहब, बिहार के प्रभारी डॉ महबूब शरीफ (बेंगलुरु, कर्नाटक) और झारखंड प्रभारी एनयू सलाम साहब (केरला) से पाकुड़ की धरती पर इसी होटल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रदेश महासचिव सह जिला परिषद सदस्य मो. हंजिला शेख ने कहा कि राज्य प्रतिनिधि परिषद का गठन 3 साल के लिए होगा। इस साल 2025 व 2026 तथा 2027 तक के लिए गठन किया जाएगा। झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी के नए लीडरशिप में जो भी नेता शामिल होंगे, निश्चित रूप से झारखंड को विकसित झारखंड बनाने की दिशा में काम करेंगे। प्रदेश महासचिव ने कहा कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में झारखंड आगे बढ़ेगा और यह कार्यकारिणी झारखंड के विकास का नया पैगाम लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि एसडीपीआई पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक आवाज उठाने का काम करती है। एसडीपीआई पार्टी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए लड़ाई लड़ती रही है। प्रदेश महासचिव मो. हंजिला शेख ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज के समय में राजनीतिक पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए जनता के साथ धोखा करती है, आम जनता की भावना से खिलवाड़ करती है। एसडीपीआई पार्टी जनता की भावना को आहत पहुंचाने वाली पार्टियों के खिलाफ मजबूती के साथ खड़े होकर, जनता की बातों को उठाते हैं। झारखंड में जो सरकार चल रही है, इस सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के नाम पर हमारे समाज की मां बहनों और बेटियों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुखिया और उनके सहयोगी पार्टियों ने चुनाव से पहले हर महीने निर्धारित तारीख पर उनके खाते में 2,500 रुपए नियमित रूप से भेजने का वादा किया था। लेकिन सरकार बनने के बाद टालमटोल किया जा रहा है। इससे कहीं ना कहीं झारखंड की बेटियां और हमारी मां बहनें खुद को ठगा महसूस कर रही है। एसडीपीआई पार्टी सरकार से मांग करती है कि आपने जो वादा किया था, उसे निभाइए। अन्यथा एसडीपीआई पार्टी सरकार की ऐसी नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 24 फरवरी, 2025



## एक नजर

### कुड़मी महाजुटान सह झुमैर मेला संपन्न



**पथरगामा (एप्र)।** पथरगामा प्रखंड के पीपरा हटिया टांड़ मेला मैदान में रविवार को एकदिवसीय कुड़मी महाजुटान सह झुमैर मेला का आयोजन टोटेमिक कुरमी, कुड़मी विकास मोर्चा के बैनर तले किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टोटेमिक कुरमी, कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता सह संथाल परगना प्रभारी दीपक महतो, रांची जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो, ऋषिराज महतो, पप्पू कुड़मी महतो, कंचन महतो, संदीप महतो सहित विभिन्न गांवों के मुखिया और क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मौके पर पर बोकारो से आई कुड़माली झुमैर गायिका रेवती महतो और उनकी झूमर टीम ने कुड़माली संस्कृति और पर्व-त्योहारों पर आधारित झूमर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गोड्डा, दुमका, झारखंड के अन्य जिलों, बोकारो, रांची, रामगढ़, दक्षिण दिनाजपूर सहित कई क्षेत्रों से कुड़मी समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, मालेश्वर महतो, नवरत्न महतो, दीपक मुतरूआर, गौतम महतो, राजेश महतो, निताइ महतो, विकास महतो और अजय डुंगरिआर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर मुख्य अतिथि शीतल ओहदार ने कहा कि जब तक कुड़मी समाज को एसटी अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक कुड़मी समुदाय को मिलकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की भी अपील की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

### जामिया मिलिया उस्मानिया ने किया दीक्षांत समारोह का आयोजन



**गोड्डा(एप्र)।** स्थानीय रौशनबाग असनबनी मोहल्ला स्थित जामिया मिलिया उस्मानिया में रविवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को मेडल एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न खेल संघ सचिव सह जिला कला संस्कृति संयोजक सुरजीत झा तथा विशिष्ट अतिथि के तौर हसन जमील के अलावा अन्य आमंत्रित अतिथियों में प्रो. फिरोज अखतर, मास्टर शरफुद्दीन साहब, उस्ताद नईम इबरत, एडवोकेट निसार अहमद, वार्ड पार्षद शहादत अंसारी, हाजी जुबैर साहब, कवि प्रकाश यादव एवं एडवोकेट अफसर हसनैन मौजूद थे। मुख्य अतिथि श्री झा ने तालीम की अहमियत और जरूरत पर जोर देकर तालिम को आम करने की बात कही। कहा कि जब तक आप शिक्षित नहीं होते तब तक आप हासिए में रहेंगे। एजुकेशन डिपार्टमेंट में एक्सिलेंस वर्क के लिए जमील हसन को सम्मानित किया गया। जमील हसन ने भी स्कूल जामिया मिल्लिया उस्मानिया को एक उगता हुआ चिराग बताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की यह भीड़ स्कूल के कामयाबी की दलील है। एडवोकेट अफसर हसनैन ने स्कूल के डायरेक्टर अहमद फिरोज की सराहना करते हुए एदारे को अपनी कड़ी मेहनत से स्कूल को बुलंदियों पर ले जाने की हिदायत दी।

### गोदाम निर्माण के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश



**गोड्डा(एप्र)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के अंतर्गत गोदाम निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने हेतु समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता प्रभाग के द्वारा गोड्डा जिले में 5 मीट्रिक टन, 100 मीट्रिक टन एवं 500 मीट्रिक टन के सोलर कोल्ड स्टोरेज एवं 6 बैचफैड आउटलेट का निर्माण प्रस्तावित है। विभागीय निदेशो के अनुरूप उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है। उपायुक्त ने सामीक्षा के उपरांत निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर उक्त योजनाओं का संबंधित विभाग से प्रस्ताव उपलब्ध करा लिया जाये, तदोपरांत अपर समाहर्ता के स्तर से सभी अंचल अधिकारी को प्रतिवेदन प्रेषित करते हुए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं ताकि ससमय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय कुमार नाग जिला मत्स्य पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी के प्रतिनिधिसहित सहकारिता विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

### शंकरपुर क्रिकेट क्लब ने सिरीज पर जमाया कब्जा

**रामगढ(एप्र)।** ए किंग ऑफ फिटकोरिया क्लब की ओर से एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को हटिया मैदान में किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबले में महुबना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 ओवर में 23 रन का लक्ष्य रखा। वहीं शंकरपुर टीम ने 1 ओवर रहते ही इस मैच में जीत दर्ज कर ली। फाइनल मुकाबले में शिव कुमार ने 4 छक्के मारकर अपने टीम को जीत दिला दी। मौके पर टूर्नामेंट के सदस्य पिंटू कुमार, सुरेन्द्र कुमार, विनोद, मिठू कुमार सहित सैंकड़ों खेलप्रेमी मौजूद थे।

### समूह की दीदियों को दी जा रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी

**दुमका(काप्र)।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव-के दौरान जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा दुमका जिले के सभी प्रखंडों से प्रतिदिन क्लस्टरवार समूह की दीदियों को किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में परिभ्रमण कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दीदियों को कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन में नवीनतम तकनीकों और नए आजीविका के अवसरों से परिचित कराना है। विशेषज्ञों द्वारा दीदियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकें।

#### हिजला मेला महोत्सव में समिति के रवैये से ग्रामीण व आदिवासी संगठन नाराज

# ओलचिकी लिपी से तोरण द्वार व बैनर नहीं लिखने को बताया पूरे आदिवासी समाज का अपमान

**दुमका(काप्र)।** 135 वर्ष पुराने ऐतिहासिक राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव का दुमका प्रखंड के हिजला गांव में हर वर्ष आयोजन किया जाता है। इस बार यह मेला 21 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। मेला का उद्घाटन स्वंय हिजला गांव के मांझी बाबा(ग्राम प्रधान) सुनीलाल हांसदा करते हैं। रविवार को हिजला गांव में हिजला गांव के मांझी बाबा(ग्राम प्रधान) के अध्यक्षता में हिजला गांव के ग्रामीण और विभिन्य आदिवासी संगठनो ने बैठक की। बैठक में मेला समिति के रवैए पर हिजला गांव के ग्रामीणों के साथ-साथ आदिवासी सामजिक संगठनों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि आदिवासी के नाम पर मेला हो रहा है, लेकिन कहीं भी मेला समिति की ओर से संताली में बैनर और तोरण द्वार नही लगाया गया, जबकि इसके पूर्व वर्ष में लगाया गया थो यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। ग्रामीणों और संगठनो का यह कहना है कि हिजला गांव के ग्रामीण और विभिन्न सामाजिक संगठनो ने तोरण द्वार और बैनर आदि में संताली के ओलचिकी लिपि से भी लिखने का लिखित आवेदन मेला समिति को पूर्व में ही दिया था, उसके बाद भी ओलचिकी लिपी से तोरण द्वार व बैनर नही लिखना पूरे आदिवासी समाज का अपमान है। मेला समिति के 27 जनवरी के आयोजन संबंधित बैठक की कार्यवाही में भी यह निर्देश दिया गया था कि सभी तोरण द्वार ओलचिकी स्क्रिप्ट, लिपि से लिखा जाय। इसके आलोक में सभी तोरण द्वार में हिंदी और संताली ओलचिकी लिपि से लाइट डिस्प्ले कर लिखा गया था, लेकिन मेला शुरू होने के एक दिन पूर्व ही रातों-रात उसे हटा दिया गया। ग्रामीणों और संगठनो का कहना है कि ऐसा प्रतित हो रहा है कि मेला समिति किसी अन्य के दबाव में काम कर रही है। उसके साथ-साथ हिजला मेला के जितने भी होडिंग, बैनर लगाये गये हैं सभी में संताल आदिवासी के पूज्य स्थल मरांग बुरु थान का कई वर्ष पुराना पोआल छावनी वाला फोटो लगाया गया है। मेला शुरू होने से मरांग बुरु की पूजा होती है। उद्घाटन के बाद सभी अधिकारी भी पूजा करते हैं। ज्ञात हो दो वर्ष पहले दुमका के विधायक व पूर्व मंत्री बसन्त सोरेन के प्रयास से कच्चे थान के जगह संगमरमर का थान बना है, लेकिन जनसंपर्क विभाग और मेला समिति के लापरवाही से आदिवासीयो के मरांग बुरु देवता का अपमान हुआ है और कही ना कही विधायक और सरकार के विकास के कार्य को कम आकने का काम किया गया है। ग्रामीण और सभी आदिवासी संगठनो की मेला समिति से मांग है कि सभी बैनरो, पोस्टरो में लगी मरांग बुरु थान की तस्वीर बदली जाय, उसकी जगह वर्तमान तस्वीर लगायी जाए और सभी तोरण द्वार और अन्य में ओलचिकी लिपि से भी लिखा जाय। अगर जल्द मेला समिति ऐसा नहीं करती है तो सभी ग्रामीण और आदिवासी संगठन जमकर विरोध करेंगे। मौके पर हिजला गांव के ग्रामीण दिलीप सोरेन, गणेश हांसदा, अनिल टुडू, लाल हांसदा, मारग्रेट हांसदा, सोना सोरेन, मनोती हेम्ब्रम, पतामुनि सोरेन, स्वीटी सोरेन, लूली हांसदा, एमेल मरांडी, रुबिलाल हांसदा, संजय हांसदा, आजु हांसदा, लुखिराम हांसदा, विभीषण हांसदा, सोम हांसदा, प्रकाश सोरेन, संतोष हेम्ब्रम, सुनील सोरेन, सोनोत हांसदा के साथ-साथ कई आदिवासी संगठनो के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विधिक सेवा शिविर सह विकास मेला का आयोजन



**पथरगामा(एप्र)।** रविवार को पथरगामा ब्लॉक परिसर में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश पर विधिक सेवा शिविर और जागरूकता सह विकास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साह, एलएडीसी लिली कुमारी और पैनल अधिवक्ता शेखर चंद्र चौधरी, अधिवक्ता अबोध ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मां योगिनी महिला विकास संघ, प्रदान संस्था, उद्यान विभाग सहित अन्य संस्थाओं के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को बताया गया कि किस प्रकार वे कम पूंजी में अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। जागरूकता शिविर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साह ने कहा कि महिलाओं को कानूनी जानकारी होना आवश्यक है और उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए ताकि समाज में जागरूकता फैले। उन्होंने कानून के सही उपयोग पर भी जोर दिया और छोटे-मोटे विवादों को आपस में सुलझाने की सलाह दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम ने विधिक सेवा शिविर के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और महिला समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों की जानकारी ली। महिला समूह द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रखंड विकास अधिकारी के द्वारा न्यायिक डंडा अधिकारी को उपहार स्वरूप दिया गया। मंच संचालन पंचायत सचिव राजीव साह ने किया। मौके पर पैरा लीगल वालंटियर दिलीप यादव, मीनू बेसरा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार जायसवाल, कनीय अभियंता पवन कुमार, श्रीकांत कुमार, सुदर्शन भगत और अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

#### प्रखंड स्तर पर मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर आयोजित

## सभी नागरिकों को न्याय पाने का अधिकार : प्रधान जज




**गोड्डा(एप्र)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में रविवार को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नालसा के शिशु प्रोजेक्ट के तहत जरुरतमंद बच्चों के पुनर्वास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्पानशरशिप की राशि का नियमित भुगतान से संबंधित पहलुओं की अद्यतन स्थिति पर विशेष फोकस किया गया। वहीं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराया गया। इसी कड़ी में सदर प्रखंड में परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय, पैनल अधिवक्ता आशिष कुमार ,बीडीओ दयानंद जायसवाल,सीओ ऋषि राज, थाना प्रभारी दिनेश मोहली ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। परिवार न्यायायल के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने शिविर में आम लोगों को कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिकों को न्याय पाने का अधिकार है। कोई भी नागरिक न्याय से वंचित नहीं रहे और सभी को न्याय सुलभ हो इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसके लिए विधिक सहायता की व्यवस्था है। वंदियों, महिलाओं व समाज के अभिवंचित वर्गों के लिए मुफ्त विधिक सहायता मुहैया कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जबावदेह बनने की जरुरत है। इस दौरान तीन लाभुकों को आबूआ आवास का स्वीकृति पत्र, चार लाभुकों को गृह प्रवेश कराने को लेकर चाबी सौंपी गई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में जेएसएलपीएस आजीविका महिला समूह नेपुरा को 41 लाख रुपए का चेक दिया गया। आपूर्ति विभाग की ओर से चार लाभुकों को राशन कार्ड दिया गया। 16 लाभुकों के बीच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। कृषि विभाग की ओर से दो लाभुकों के बीच कार्ड व एक दिव्यांग के बीच ह्वील चेयर का वितरण किया गया। पोड़ैयाहाट प्रखंड मुख्यालय में अपर जिला जज तृतीय रीचा श्रीवास्तव, पैनल अधिवक्ता अरूण कुमार मंडल एवं अरविंद कुमार गुप्ता, पीएलवी चंपा कुमारी एवं अजय टुडू की उपस्थिति में मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जज तृतीय रीचा श्रीवास्तव, बीडीओ फूलेश्वर मुर्मू आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया। इस दौरान 286 लाभुकों को सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर 45 लाभुकों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। कल्याण विभाग की ओर से दो लाभुकों को चिकित्सा अनुदान स्वीकृति पत्र दिया गया तथा नौ अन्य को विविध जानकारी को लेकर प्रपत्र दिया गया। दो समूहों के बीच चेक का वितरण, 15 असंगठित श्रमिकों के बीच कार्ड वितरित, एक को प्रसुति लाभ, एक श्रमिक को मृत्यु योजना के लाभ का चेक दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा पांच की गोद भराई, चार बच्चों का अन्न प्रासन्न, एक को ह्वील चेयर, पशुपालन विभाग की ओर से 15 को प्रपत्र वितरित, 55 पशुपालकों को दवाइयां वितरित की गई। मनरेगा की ओर से 55 जाबकार्ड, पांच का धान बिक्री निबंधन, 46 लाभुकों को धोती-साड़ी, 10 को ग्रीन राशन कार्ड, 15 को पेंशन का प्रपत्र, 6 को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ सुनिश्चित कराया गया। इसी प्रकार अन्य प्रखंडों में भी शिविर आयोजित कर अभिवंचितों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया गया।

## 89वां शिव जयंती महोत्सव का आयोजन



**पथरगामा (एप्र)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शाखा-गोड्डा में 89वां शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ शिव बाबा के संगीत से ओतप्रोत गीतों के साथ हुआ। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी पूनम बहन ने महाशिवरात्रि पर्व की सभी को बधाई दी और इस पर्व के आध्यात्मिक रहस्य को साझा करते हुए कहा कि परमात्मा का अवतरण पाप और भ्रष्टाचार के नाश के लिए होता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में संसार में बढ़ते पाप और अशांति के बीच भगवान ने अपने वायदे के अनुसार इस संसार में अवतार लिया है। कार्यक्रम में छोटी बच्चियों ने नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल उपस्थित थे। उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और परमात्मा शिव का ध्वज लहराया। कार्यक्रम में गोड्डा, पथरगामा, पोड़ैयाहाट और महागामा सेवाकेंद्र के सैंकड़ों भाई-बहन उपस्थित थे। मौके पर बीके हराधर, बीके वीरेंद्र, बीके दिगन, बीके कृष्णा, बीके सुनील, डॉक्टर बीके भगत, बीके अमित, बीके कुंदन, बीके सिकंदर, बीके सीमा, बीके तारा माता और अन्य ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## मनीष कंप्यूटर सेंटर ने मनाया दूसरा स्थापना दिवस



**पथरगामा(एप्र)।** रविवार को पथरगामा स्थित मनीष कंप्यूटर सेंटर ने अपना दूसरा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सेंटर की संचालिका मोनी कुमारी ने केक काटकर स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। छात्रों के बीच हर्षोल्लास के साथ यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मनीष कंप्यूटर सेंटर की संचालिका मोनी कुमारी पिछले दो वर्षों से छात्रों को अकेले प्रशिक्षण दे रही हैं। उनके निरंतर प्रयासों के कारण सेंटर से कई छात्र बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और आज वे नौकरी की दुनिया में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मोनी कुमारी का सरल और सहज स्वभाव उन्हें लोगों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय बनाता है। संस्थान के इस सफलता के मौके पर छात्रों और उनके परिवारों ने भी खुशी का इजहार किया और मोनी कुमारी को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर सलोनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, लिपिका कुमारी, मिताली कुमारी, पूजा कुमारी, जोहनी कुमारी, मनीष कुमार, मयंक कुमार आदि मौजूद रहे।

#### जैक मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामला

## कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह में की छापेमारी, सात छात्रों से पूछताछ जारी




**गिरिडीह(एप्र)।** जैक मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में कोडरमा पुलिस द्वारा आज शनिवार को गिरिडीह जिला में भी छापेमारी किया गया। यहां कोडरमा पुलिस द्वारा गिरिडीह पुलिस के सहयोग से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह में संचालित एक कोचिंग सेंटर में छापामारी किया गया है। पुलिस ने कोचिंग सेंटर के 7 छात्रों को हिरासत में लेकर थाना लाया है। एवं सभी सातों छात्रों से थाने में पूछताछ किया जा रहा है। पूछताछ में कोडरमा और गिरिडीह के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। बता दें कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल 10वीं बोर्ड परीक्षा के विज्ञान और हिंदी का पेपर लीक हो गया था। विज्ञान और हिंदी विषय का प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। जब परीक्षा हुई तो वायरल प्रश्न पत्र का मिलान किया गया था। जिसमें प्रश्न पत्र हूबहू निकला था। जिसके बाद उक्त दोनों विषय की परीक्षा को रद्द करते हुए जांच कमेटी गठित की गई थी। पूछताछ के साथी पुलिस द्वारा बच्चों के ईमेल एवं सोशल मीडिया अकाउंट को भी खंगाला जा रहा है।

## डीएवी स्कूलों में ऑनलाइन कानूनी साक्षरता क्लब का किया गया उद्घाटन




**गिरिडीह(एप्र)।** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज चंद्र झा के निदेर्शानुसार आज 23 फरवरी सिरसिया स्थित बद्री नारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल, रामकृष्ण डीएवी सरिया एवं डीएवी सीसीएल में न्यायिक अधिकारीगण, एल ए डी सी एस, पैनल अधिवक्ता, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं अन्य स्कूल प्रशासन के अधिकारियों की गरिमामय उपस्थित में न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष झालसा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन कानूनी साक्षरता क्लब का उद्घाटन न्याय सदन डोरंडा से किया गया। कार्यक्रम में श्री अमित कुमार अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ हरिओम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुशीला कुमारी, महबूब आलम, कुमारी रूबी, एल ए डी सी एस गौरी शंकर सहाय, फैयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार, रविकांत शर्मा, पैनल अधिवक्तागण मो. शाहनवाज, अमित कुमार, सूरज नयन, तृप्ति रंजना शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में डीएवी संस्थान के झारखंड के सभी सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को कानूनी रूप से जागरूक करना, मौलिक अधिकारों की जानकारी देना एवं कानूनी सेवाओ की जरूरत वाले लोगों की मदद करना रहा। झालसा रांची में संपन्न हुए कार्यक्रम में सी सी एल डीएवी के छात्र पारस कुमार माजी को पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। झारखंड राज्य के सभी 72 डीएवी स्कूलों में कानूनी साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। जिसके माध्यम से स्कूली बच्चों को कानूनी जानकारी देने का कार्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा ने कानूनी साक्षरता क्लब, बी एन एस डी ए वी, गिरिडीह को यह सुविधा प्रदान करने के लिए, अध्यक्ष झालसा के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि साक्षरता क्लब का प्राथमिक कार्य कानूनी साक्षरता एवं जागरूकता फैलाना है। ताकि लोग अपने कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों कानूनी नियमों के बारे में जागरूक हो सके। साथ ही विद्यार्थी कानून के क्षेत्र में व्याप्त संभावनाओं से परिचित हो अपने कैरियर की भी तलाश करेंगे। प्राचार्य ने डालसा, गिरिडीह से अनुरोध किया कि वे विधि के जानकार विशेषज्ञों के सहयोग से प्रतिमाह विद्यालय में कानून साक्षरता एवं जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों को विधि एवं कानून संबंधी जानकारी से अवगत कराए ताकि कानून सम्मत जानकारी जन जन पहुंचाने के पावन संकल्प को हम पूरा कर सकें। वही सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ओम प्रकाश गोयल ने कहा कि कानूनी साक्षरता क्लब की स्थापना कानूनी शिक्षा को व्यापक शैक्षिक पाठ्यक्रम में एकीकृत करने के स्कूल के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यह सुनिश्चित करता है कि छात्र न केवल अकादमिक रूप से कुशल हों बल्कि कानूनी रूप से भी सूचित हों। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी एल वी अशोक कुमार वर्मा, कामेश्वर कुमार, रिया कुमारी, कुलदीप यादव, रीता कुमारी, विद्यालय के शिक्षकगण पी एस त्रिगुनाइत, शबाना रब्बानी, डी एन सिन्हा, पी के शर्मा, मौली दासगुप्ता, श्यामली घोष, नियाज अहमद, दीपांशु कुमार, एवं देव बनर्जी आदि शामिल रहे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 24 फरवरी, 2025



## सुभाषितम्

सफल व्यक्ति वह है जो खुद पर फेंकी गई ईंटों से मजबूत नीव बना ले

- डेविड ब्रीक्ले

# अश्लीलता एक बहाना, सोशल मीडिया पर है रोक लगाना

डिजिटल सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अश्लीलता और हिंसा दिखाए जाने की शिकायतों को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जल्द ही सोशल मीडिया पर नकेल कसने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सरकार नया कानून बनाने जा रही है। इस बार सरकार को कोर्ट का भी सहारा मिलने जा रहा है। रैना के यूट्यूब कार्यक्रम इंडियाज गोट लेटेंट में रणवीर इलाहाबदिया की अभद्र टिप्पणियों को लेकर देशभर में इस तरह के कार्यक्रमों पर रोक लगाने की बात की जा रही है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर जिस तरह से अश्लील वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं, उसको लेकर भी आम जनता में रोष है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने अश्लीलता और हिंसक वीडियो को रोकने के लिए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। सरकार के लिए यह मौका है, जब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के लिए कानून को अपनी मनमर्जी से पास करा सकती है। इसके पहले भी सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर सेंसरशिप लगाने के प्रयास किए गए थे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण को लेकर विरोध के कारण सरकार को तब सफलता नहीं मिली थी। अब खुद न्यायालय द्वारा सरकार से सोशल मीडिया के इस तरह के प्लेटफार्म पर कानून बनाने और उस पर नियंत्रण करने की बात कही गई है। इससे केंद्र सरकार को एक नया मौका मिल गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह मामला संसदीय समिति की ओर भेज कर समाज में बढ़ रही हिंसा, यूट्यूब, गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के लिए कानून बनाने के लिए समिति से सलाह मांगी है। सोशल मीडिया के जरिए किस तरह से संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है, इसको रोकने के लिए कानून में क्या प्रावधान किए जाएं? इसको लेकर सरकार का सूचना प्रसारण मंत्रालय सक्रिय हो गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में हो रहीं सरकार की आलोचनाओं तथा सोशल मीडिया में आम नागरिक पत्रकार बनकर वीडियो डालकर जो सत्य उजागर कर रहा है। इससे सरकार और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ रही हैं। सरकार सोशल मीडिया पर सबको रोकना चाहती है। हाल ही में महाकुंभ और दिल्ली की रेलवे स्टेशन में जो भगदड़ की घटनाएं हुई हैं। नागरिकों ने घटना के जो वीडियो बनाए थे। वह सोशल मीडिया में डाल दिए। जिसके कारण केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। जवाबदेही भी तय होने लगी है। पिछ्ले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को सरकार ने पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले लिया है। सोशल मीडिया पर सरकार कोई नियंत्रण नहीं बना पा रही है। सरकार को लग रहा है, इससे अच्छा मौका दोबारा नहीं मिलेगा। इस समय सुप्रीम कोर्ट में रणवीर इलाहाबदिया की अवैध टिप्पणियों को लेकर जन मानस में रोष है। सुप्रीम कोर्ट भी नाराज है। ऐसी स्थिति मे सरकार जो कानून बनाने जा रही है, उसके बारे में कहा जा रहा है कि सरकार सोशल मीडिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के लिए, इस तरह के प्रावधान लेकर आ रही है। जिसमें नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सरकार के नियम और कानूनो के अधीन हो। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आम नागरिकों को नियंत्रित किया जा सके। सरकार की मर्जी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वही उपलब्ध हो जो सरकार चाहती है। बहरहाल इस बार रणवीर इलाहाबादियां ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नियंत्रित करने के लिए सरकार के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। सरकार को लगता है कि इस बार डिजिटल बिल को लेकर न्याय पालिका का संरक्षण सरकार को मिलेगा। जिस तरह से मैन स्ट्रीम मीडिया में सरकार के खिलाफ कुछ भी उजागर नहीं किया जाता है। मेन स्ट्रीम मीडिया पर सरकार ने पूरी तरह से नियंत्रण कर चुकी है। वही स्थिति आगे चलकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की ना हो जाए। यह आशंका गहराने लगी है। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स और यूट्यूब पर जो वीडियो दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ के हैं, उन्हें कानून व्यवस्था की स्थिति का आधार बनाकर वीडियो हटाने के निर्देश दिए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार जो नया कानून लाने जा रही है। उसके लिए सभी को सजग रहने की जरूरत है।

## चिंतन-मनन

# दुःखी होने की बजाय दुख का उपचार

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुःख ही दुःख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुःख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुःख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुःख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुःख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुःख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुःख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुःख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुःख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुःख का उपचार किया। दुःख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुःख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुःख से दुःखी होकर बैठने से दुःख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुःख का अंधेरा छंटने लगता है। दुःख से हम जितना डरते हैं दुःख हमें उतना ही डराता है। अगर कोई यह सोचता है कि मृत्यु के बाद दुःख का अंत हो जाता है तो गरूड़ पुराण उसे जरूर पढ़ना चाहिए। गरूड़ पुराण में मृत्यु के बाद प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन किया गया है।

# भारत बन रहा है ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर

- प्रो. मनोज कुमार तिवारी

केंद्रीय बजट 2025-26, भारत के ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर बनने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी पर अधिक ध्यान देने के साथ, इस बार घोषित किया गया केंद्रीय बजट अधिक कुशल, प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के लिए मंच तैयार करता है। इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार की दीर्घकालिक आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार एकीकरण की नींव रखने वाली प्रतिबद्धता पूरी तरह स्पष्ट है ।

### बुनियादी ढांचे का विकास बन रहा लॉजिस्टिक्स का बैकबोन:

एक मजबूत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर एक बिना किसी रूकावट वाली सप्लाई चेन को बनाये रखने के लिए अहम है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1.5 ट्रिलियन रुपये आवंटित करने का सरकार का निर्णय सही दिशा में एक कदम है। आधुनिक परिवहन नेटवर्क और कनेक्टिविटी सिस्टम ट्रांजिट की देरी को कम करने और व्यवसायों के लिए लागत दक्षता में सुधार करने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। बजट का एक उल्लेखनीय पहलू 25,000 करोड़ रुपये का मेरीटाइम डेवलपमेंट फंड(एमडीएफ) है, जो भारत के जहाज निर्माण उद्योग के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण है। यह पहल विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने और भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए बनाई गई है। साल 2047 तक भारतीय ध्वज वाले जहाजों के माध्यम से ग्लोबल कार्गो का 20% संभालने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन आधुनिक बंदरगाह बुनियादी ढांचे और शिपिंग टेक्नोलॉजीस में निरंतर निवेश के साथ प्राप्त किया जा सकता है। हालांकि, केवल बुनियादी ढांचा ही पर्याप्त नहीं है। वैश्विक मंच पर वास्तव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए, भारत को उन्नत लॉजिस्टिक्स सल्यूशंस और ऑटोमेशन में निवेश में तेजी लानी चाहिए। उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ संचालन को सुव्यवस्थित करने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बनाए रखे और प्रतिस्पर्धी बना रहे।

### निजी क्षेत्र की भागीदारी और एमएसएमई ग्रोथ:

बजट के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक सरकार और



प्राइवेट प्लेयर्स के बीच बढ़ता सहयोग है। निजी उद्यमों को पीएम गति शक्ति डेटा तक पहुंच प्रदान करना एक प्रगतिशील कदम है जो लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्ट्स की बेहतर प्लानिंग, क्वार्डिनेशन और एक्जिक्यूशन की सुविधा प्रदान करेगा। यह पहल दक्षता में सुधार करेगी, अड़चनों को कम करेगी और लागत-प्रभावशीलता को बढ़ावा देगी। इसके अतिरिक्त, एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन का उद्देश्य लोन और एक्सपोर्ट क्रेडिट सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करके एमएसएमई को बढ़ावा देना है। 20 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध होने से, छोटे और मध्यम उद्यमों को वैश्विक बाजारों में विस्तार और प्रतिस्पर्धा करना आसान हो जाएगा। एमएसएमई को मजबूत करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनमें निर्यात को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन की अपार क्षमता है।

### एयर कार्गो और ग्रामीण संपर्क बढ़ाना:

एयर कार्गो त्वरित और कुशल व्यापार को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बेहतर स्क्रीनिंग, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं और कम टर्नअराउंड समय सहित एयर कार्गो इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर बजट का जोर भारत की व्यापार क्षमताओं को मजबूत करेगा। चूंकि ग्लोबल कॉमर्स तेज गति और दक्षता पर निर्भर करता है, इसलिए ये सुधार भारत को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक पसंदीदा हब के रूप में उभरने में मदद करेंगे। 120 नए गंतव्यों को शामिल करने के लिए उड़ान योजना का विस्तार एक और महत्वपूर्ण कदम है। दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रमुख आर्थिक केंद्रों से जोड़कर, छोटे शहरों और गांवों में व्यवसायों को बड़े बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। आर्थिक समावेशन और आपूर्ति श्रृंखलाओं के सुचारू संचालन के लिए ग्रामीण संपर्क को मजबूत करना आवश्यक है।

### डिजिटल इनोवेशन से लॉजिस्टिक्स के भविष्य को बदलना:

लॉजिस्टिक्स उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है, और यह बजट नए जमाने की तकनीकों को अपनाने के महत्व को पहचानता है। डिजिटल फ्रेट सल्यूशंस और डेटा-संचालित निर्णय लेने के एकीकरण से कार्गो की आवाजाही में सुधार होगा, दक्षता में सुधार होगा और लागत कम होगी। निजी संस्थाओं को पीएम गति शक्ति डेटा उपलब्ध कराना एक साहसिक कदम है जो लॉजिस्टिक्स संचालन में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देगा। नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी (एनएलपी) और जीएसटी लागू किये जाने ने पहले ही अधिक सुव्यवस्थित लॉजिस्टिक्स ढांचे में योगदान दिया है। लॉजिस्टिक्स को एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्र के रूप में मान्यता देना भारत की आपूर्ति श्रृंखला संचालन को अधिक कुशल और लागत प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए रोडमैप:

2025-26 का केंद्रीय बजट भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए एक स्पष्ट और रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत करता है। बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, नियमों को सरल बनाने और डिजिटल इनोवेशंस का लाभ उठाकर, भारत खुद को ग्लोबल ट्रेड और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित कर रहा है। ये उपाय देश के मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात-संचालित अर्थव्यवस्था बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। आईआईएम मुंबई में, हम भारत के आर्थिक भविष्य को आकार देने में लॉजिस्टिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और निजी क्षेत्र के सहयोग में निरंतर निवेश के साथ, भारत लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में ग्लोबल लीडर बनने की राह पर है।

# आस्था की डुबकी से ज्यादा जरुरी है ईश्वर की भक्ति

-संजय गोस्वामी



आस्था का पागलपन आदमी को किस कदर अमानुषिक बना सकता है की आप अपनों को कष्ट में छोड़ कर डर से महा कुम्भ में पाप धोने महा कुम्भ जा रहे हैं कुंभ की शुरूआत बहुत पुरानी है और यह उस समय से शुरू हुई जब समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश (अमरता का अमृत कलश) बरामद किया गया था, जिसके लिए देवताओं और असुरों के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। देवताओं से ज्यादा शक्तिशाली असुरों द्वारा अमृत कलश को जबरन अपने कब्जे में लेने से रोकने के लिए, इसकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी बृहस्पति, सूर्य, चंद्र और शनि देवताओं को सौंपी गई थी। चारों देवता अमृत कलश को असुरों से छिपाने के लिए उसे लेकर भाग गए। देवताओं की साजिश को जानकर, असुरों ने क्रूर रूप धारण कर लिया और अमृत कलश लेकर भाग रहे चारों देवताओं का पीछा किया। यह पीछा 12 दिन और रात तक चला, जिसके दौरान देवता और असुर पृथ्वी के चारों ओर घूमते रहे और इस पीछा के दौरान देवताओं ने हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन और नासिक में अमृत कलश रखा। अमृत कलश को 4 स्थानों पर रखे जाने की इस पवित्र घटना की याद में, हर 12 साल में कुंभ मनाया जाता है। अन्य पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवताओं और असुरों के बीच वास्तविक लड़ाई हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप अमृत कलश गिर गया था, जिसमें से (अमृत) उपरोक्त 4 स्थानों पर गिरा था।लेकिन यहाँ सवाल है कि आखिर इतने देवताओं कौन थे और इतने देवता थे तो ईश्वर कौन है ईश्वर एक है और संपूर्ण जगत का मालिक है और अच्छे बुरे का ख्याल रखने वाला परमात्मा भगवान श्री राम हैं जिसे स्वामी विवेकानंद ने उस ईश्वर की ध्यान में डुबकर उसकी अनुभूति हुई उन्होंने जो भी कहा वो ईश्वर के द्वारा बताये गए मार्ग पर चलना है जिसे आप अपने अनुसार उनके फोटो से ही उनका दिव्य रूप दिख जाता है जो व्यक्ति कल क्या होगा ऐ नहीं बता सकता वो कैसे कह सकता है कि 144साल बाद ही महाकुम्भ आएगा दरअसल एक कथा के अनुसार इन्द्र ने अंहकारवश वैजयंतीमाला का अपमान किया था, परिणामस्वरूप महालक्ष्मी उनसे रुष्ट हो गईं और उन्हें दर-दर भटकना पड़ा था। देवराज इन्द्र अपने हाथी ऐरावत पर भ्रमण कर रहे थे। मार्ग में उनकी भेंट महर्षि दुवार्सा से हुई। उन्होंने इन्द्र को अपने गले से पुष्पमाला उतारकर भेंटस्वरूप दे दी। इन्द्र ने अभिमानवश उस पुष्पमाला को ऐरावत के गले में डाल दिया और ऐरावत ने उसे गले से उतारकर अपने पैरों तले रौंद डाला। अपने द्वारा दी हुई भेंट का अपमान देखकर महर्षि दुवार्सा को बहुत क्रोध आया। उन्होंने इन्द्र जो देवताओं के प्रमुख थे उन्होंने असुरो को होने का श्राप दे दिया कहा जाता है दुवार्सा मुनि सतयुग, त्रेता एवं द्वापर तीनों युगों में मौजूद थे। पुराणों के अध्ययन से पता चलता है कि वशिष्ठ, अत्रि, विश्वामित्र, दुवार्सा, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, परशुराम, मार्कण्डेय ऋषि, वेद व्यास और जामवन्त आदि कई ऋषि, मुनि और देवता हुए हैं जिनका जिक्र सभी युगों में पाया जाता है। कहते हैं कि ये आज सशरीर जीवित हैं।ऋषि दुवार्सा ने इंद्रदेव को विशेष वर्तनी श्राप दिया था, जिसके कारण असुरों ने देवताओं को इतना कमजोर कर दिया की वे सभी भयभीत होकर ब्रम्हा भगवान के पास गए उन्होंने भगवान विष्णु के पास भेज दिया और भगवान विष्णु ने अमृत पाने का लालच देकर असुरों औ? देवताओं के बीच समुद्र मंथन का सुझाव बताया और समुद्र मंथन हुआ था।जिसमें सबसे पहले हलाहल विष निकला और जिसे भगवान शंकर ने सृष्टि को बचाने के लिए विष को अपने गले में अटका लिया और नीलकंठ भी नाम पड़ा, शास्त्रों के अनुसार ईश्वर एक है और यही गुरू नानकदेवजी ने भी कहा है अतः फिर इतने देवता कहाँ से ईश्वर हो सकते हैं दरअसल भगवान विष्णु और शंकर एक ही हैं जो समय समय पर अपना रूप बदलते हैं जैसा रसायन विज्ञान में आप आइसोटोप का नाम सुना होगा जो एक ही तत्व के कई अलग अलग रूप में होता हैं जैसे कार्बन का आइसोटोप डायमंड और ग्रेफाईट होता है एक विद्युत का चालक है दूसरा नहीं देवताओं का अर्थ है आपको सद्बुद्धि देने वाला और ईश्वर का अर्थ है सही ज्ञान देने बाला अतः सभी ईश्वर के एक ही अंश से बने है और असुरों का अर्थ है गलत शक्ति से किसी का बुरा कर अपने को खुब अच्छा बनाना और लूट मार कर आतंक फैलाना भ्रम में रखना और अपने को ही ईश्वर बताकर लोगों को अज्ञानी बनाकर लूट लेना और ईश्वर आपको सबकुछ आपके सामने रख कर आपकी परीक्षा लेते हैं कि आप विष पिएंगे या अमृत विष का मतलब त्याग से है औ? अमृत का मतलब कभी न मरने वाला पेय पदार्थ है लेकिन मौत इसके बाद भी आती है और जैसा करेंगे वैसा ही भरेंगे ऐ सुन कर हैरान होता हूँ कि माँ बाप, पत्नी, पति बाल बच्चे को अकेले में मरता हुआ छोड़कर अमृत पाने की लालसा में महाकुम्भ जाकर अपना भला के बारे में सोचते है कैसी घटिया विचारों के लोग हैं जो अपनों से दूर रहकर अपनी भलाई का सोचते हैं आप भी इसपर गौर करें मार्च में जब महाकुम्भ खत्म होगा तो आपको भी मालूम होगा क्या ईश्वर मिला ईश्वर ऐसे नहीं मिलता आपका त्याग व तपस्या ही ईश्वर के पास लाता है जो प्रभु राम हैं उनका स्मरण करते रहें हौसला अवश्य मिलेगा. एक समाचार के अनुसार अपने माता पिता को छोड़ कर ताला लगाकर कुम्भ चला गया और बाद में उनके रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी वहां जुट गए। देखा कि भूख के कारण घर में रखे प्लास्टिक को चबा रही हैं। उसके गले से आवाज भी नहीं निकल रही थी। बेटी चांदनी को देखकर वह गले से लिपट गई और फफक फफक कर रोने लगीं। पैर में जख्म होने के कारण वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थीं लेकिन कुछ ऐसी भी महिला व पुरुष है जो पति या सास ससुर के देखभाल के लिए त्याग का रास्ता अपना कर कर्म का रास्ता अपना रही है जो बिलकुल सही है अब ऐसी नौबत आ गई है कि महिलाओ की अस्मिता ही खत्म हो रही कहीं नहाने का वीडियो वायरल हो रहा कहीं उसपर कार्यवाही भी हो रही है


# क्या भारत को केवल हिन्दू सम्हाले हुए हैं?

- राम पुनियानी

दि इंडियन एक्सप्रेस (मुंबई संस्करण) के 17 फरवरी 2025 के अंक में हिंदू समुदाय देश का जिम्मेदार तबका शीर्षक से प्रकाशित एक समाचार में आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत को उद्दत करते हुए कहा गया है कि संघ हिंदू समुदाय को एकजुट करना चाहता है क्योंकि हिंदू समुदाय पर ही इस देश की जिम्मेदारी है। ये बात भागवत ने पश्चिम बंगाल के बर्धमान में आरएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू ही देश के गुणधर्मों का मूर्त रूप हैं और देश की विविधतापूर्ण जनता को एकता के सूत्र में बांधकर रखते हैं। भागवत पश्चिम बंगाल के दस दिवसीय दौरे पर थे। यह निरूपण न केवल भारतीय संविधान के मूल्यों के विपरीत है, वरन् इतिहास हमें जो बताता है उसके भी एकदम खिलाफ है। संविधान के अनुसार हम भारत के लोग धर्मों से परे हैं। हमारा धर्म कोई भी हो हम सब इस देश के नागरिक हैं। आरएसएस के नजरिए के विपरीत, संविधान मानता है कि सभी भारतीयों के अधिकार और जिम्मेदारियां एक बराबर हैं। आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की विचारधारा के समर्थक भारत में धर्मों की विविधता की संकल्पना को खारिज और कमजोर करने में लगे हुए हैं। आरएसएस समर्थक हमारी मिली-जुली संस्कृति के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले सुंदर शब्द गंगा जमुनी तहजीब को नापसंद करते हैं और जोर देकर कहते हैं कि यह शब्द हिंदू संस्कृति को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करता है। उनका दावा है कि हिन्दू संस्कृति यहाँ हमेशा से छाई रही है। पहली बात तो यह है कि हिंदू शब्द को गढ़ा ही उन लोगों ने था जिन्होंने सदियों पहले सिंधु नदी को पार किया था। चूंकि वे स का उच्चारण बहुत कम करते थे इसलिए उसकी जगह ह शब्द ने ली और हिन्दू शब्द बन गया। यह शब्द पहले एक विशिष्ट इलाके में रहने वालों के लिए प्रयुक्त हुआ और बाद में इसे उन सभी धर्मों के अनुयायियों के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा जो पैगम्बर-आधारित नहीं थे। 13वीं सदी में मिन्हाज-ए-सिराज नामक एक फारसी इतिहासकार ने पहली बार इस शब्द का इस्तेमाल वर्तमान पंजाब, हरियाणा और गंगा व यमुना नदियों के बीच के क्षेत्र के लिए किया। राजनीतिक दृष्टि से इसका अर्थ था वह इलाका जिस पर दिल्ली सल्तनत का शासन था। 14वीं शताब्दी में निजामुद्दीन औलिया के शागिर्द अमीर खुसरो ने दक्षिण एशिया के लिए इसका इस्तेमाल कर इसका प्रचलन बढ़ाया। सम्राट अशोक, जिन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया था, और जो बहुत बड़े साम्राज्य के शासक थे, ने उस समय जितने भी धर्म अस्तित्व में थे - वैदिक (ब्राम्हणवादी), जैन, अजीविक और बौद्ध - के प्रति समानता की नीति अपनाई। उस समय बौद्ध धर्म बहुत बड़े इलाके में फैला और तब तक देश का प्रमुख धर्म बना रहा जब तक पुष्यमित्र शुंग ने अपने साम्राज्य से उसका उन्मूलन करने के लिए बड़े पैमाने पर हिंसा प्रारंभ नहीं की। उसके बाद नाथ, तंत्र, शैव, सिद्धांत और आगे चल कर भक्ति जैसी कई श्रमण परम्पराएं फैलीं। लेकिन वैदिक ब्राम्हणवाद सबसे प्रबल बना रहा। सन् 52 में सेंट थामस द्वारा मलाबार तट पर एक चर्च की स्थापना के साथ देश में ईसाई धर्म का प्रवेश हुआ और धीरे-धीरे यह फैलता गया।

## दैनिक पंचांग

**24 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.26 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मेष | 08.56 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.36 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.35 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.48 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.04 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.16 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.27 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.41 ब.से |
| **राहुकाल** | | धनु | 01.57 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 04.03 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.49 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 55 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** एकादशी 13.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 18.59 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 10.05 बजे को समाप्त। **करण** बालव 13.45 बजे तदनन्तर कौलव 01.22 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 27’ **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872265 **जूलियन दिन** 2460730.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** शाबान **तारीख** 25 **विशेष** विजया एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## विशेष

# दीन हीन की मदद भगवान भी नहीं करते हैं

विपक्ष क्यों नहीं समझता है, दीन हीन की मदद भगवान भी नहीं करते हैं । ऐसे में विपक्ष सरकार से गुहार लगाता है । सरकार विपक्ष की मूर्खता पर हंसती है । सरकार जो चाहती है,वह करती है ।विपक्ष संसद में चिल्लाता है । एकजुट होकर मुकाबले में खड़ा नहीं होता है, अलग-अलग चिल्लाता रहता है । कसाई और पशुओं के बीच यही एक संबंध होता है । वध के समय पशु चिल्लाता है, कसाई अपना काम पूरे मनोयोग से करता है । सरकार सत्ता में बने रहने के लिए अपना काम मनोयोग और पूरी ताकत से कर रही है । विपक्ष के चीखने चिल्लाने का कोई असर सरकार के ऊपर नही पड़ रहा है । सभी संवैधानिक संस्थाएं सरकार के अधीन हो चुकी हैं । सरकार जो चाहेगी, वहीं उन्हें करना पड़ेगा ।राम रावण युद्ध के समय सारे ग्रह रावण की कैद में थे । विपक्ष को यदि अपनी जान बचाना है । तो उसे स्वयं एकजुट होकर सरकार के मुकाबले में खड़ा होना पड़ेगा । रावण वध के लिए किसी विभीषण को खोजना होगा । जंगल के कानून में जिसके पास ताकत होती है, वही जीतता है ।अभी सरकार के पास ताकत है, इसलिए सरकार ही जीतेगी ।

चीन के बाद मोदी को अमेरिका से धोखा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन और अमेरिका के मुखियाओं से बहुत अच्छे संबंध बनाए थे । उन्हें अपना दोस्त बनाया था ।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1542 : इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतार दिया गया. 1607 : लंदन में ईस्ट इंडिया कंपनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया. 1633 : इटली के खगोलशाखी गैलीलियों को रोम पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया. 1673 : दिल्ली के सुल्तान जहांदर शाह की हत्या गला घोंट कर की गई. 1788 : भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया. 1820 : फ्रांसीस तख्त के दावेदार डक डी बेरी की हत्या कर दी गई. 1856: ईस्ट इंडिया कंपनी का लखनऊ सहित अवध पर कब्जा। 1886: नेपल्स के फ्रांसिस द्वितीय ने ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले. 1896 : द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों ने बुडापेस्ट पर कब्जा किया. 1896 : सुरक्षा परिषद ने कांगो में गृहयुद्ध रोकने के लिए बल प्रयोग की स्वीकृति दी. 1879 : सरोजिनी नायडू का जन्म.

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन सम्मान से भरा होगा और आपको शुभ कार्य के लिए सरकार की तरफ से सम्मान मिल सकता है।

**तुला** आपको धन का निवेश बड़ा लाभ करवाएगा। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी।

**वृषभ** आज दिन शुभ है और परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त काफी अच्छा बीतेगा।

**वृश्चिक** आज मन अशांत और परेशान रहेगा। व्यापार बढ़ाने की कोशिशें बेकार हो सकती हैं।

**मिथुन** आज दिन परेशानियों से भरा हो सकता है और करियर में आपको कोई नुकसान हो सकता है।

**धनु** आज विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना बढ़ेगी।

**कर्क** दिन भाग्यशाली रहेगा। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों पर आपका विश्वास और मजबूत होगा।

**मकर** आज कीमती चीजें मिलेंगी, लेकिन कुछ जरूरी खर्चे भी करने पड़ेंगे।

**सिंह** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। मानसिक बेचैनी, उदासी और चिंता आपको परेशान कर सकती है।

**कुंभ** दिन शुभ है और आपके धन सम्मान में वृद्धि के योग हैं। नई-नई खोज करने में समय बिताएंगे।

**कन्या** आज परिवार के लोगों के साथ आज प्यार से पेश आएंगे। उनके साथ कहीं शॉपिंग पर जा सकते हैं।

**मीन** आज दिन अच्छा रहेगा। पुत्र या पुत्री से जुड़े किसी पुराने विवाद का हल निकलेगा।

## एक नजर

### श्री-श्री 1008 नौ दिवसीय मारूतिनंदन रूद्र महायज्ञ का आयोजन 2 मार्च से



**जामताड़ा(एप्र)।** श्री-श्री 1008 नौ दिवसीय मारूतिनंदन रूद्र महायज्ञ का आयोजन 2 से 11 मार्च तक दक्षिणीडीह, नारायणपुर में बड़े धूमधाम से होने जा रहा है। इस महायज्ञ का उद्घाटन जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती करेंगे। इस दौरान पूज्या मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी(वाराणसी) मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। उनका मार्गदर्शन और दिव्य प्रवचन इस धार्मिक आयोजन को और भी पवित्र और प्रभावशाली बनायेगा। यह महायज्ञ भक्तों को आत्मिक शांति, समृद्धि और सुख-शांति की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगा। महायज्ञ के आयोजन में विशेष रूप से रुद्राक्ष, हवन सामग्री और विविध धार्मिक अनुष्ठान शामिल होंगे। श्रद्धालुओं के लिए यह एक अद्भुत अवसर होगा, जिसमें वे भगवान शिव की आराधना कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस महान आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी, और यज्ञ से जुड़ी सभी धार्मिक परंपराओं का पालन किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं को इस महायज्ञ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक समन्वय को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा और यह स्थानीय क्षेत्र में एक ऐतिहासिक धार्मिक घटना साबित होगा। आयोजन में भाग लेने के लिए स्थानीय श्रद्धालु और दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जाएगी। आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने की आशा है कि यह महायज्ञ न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि सामूहिक भलाई और समाज के उत्थान में भी योगदान देगा। सभी श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया कि वे इस पावन अवसर का लाभ उठाएं और इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष चमेली देवी ने बताया कि 3 मार्च के रात्रि 9 बजे से प्रसिद्ध गायिका डिंपल भूमि द्वारा भजन प्रस्तुति, वहीं 7 मार्च को जगतगुरु शंकराचार्य राम कथा करेंगे। 8 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायिका सृष्टि लक्ष्मी ठाकुर का भजन और 11 मार्च को भजन कलाकार शिवेश मिश्रा एवं स्मिता सिंहा द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पूणार्हुति 11 मार्च को होगी।

### जामदेही पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित



**नाला (एप्र)।** केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा जामदेही पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर पंचायत भवन जामदेही में बैठक का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रखंड सचिव सह 20 सुत्री उपाध्यक्ष जयधन हांसदा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया बलदेव कुमार सोरेन ने की। मालूम हो कि इस अवसर पर पर्यवेक्षक के तौर पर प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा, सलीम जहांगीर, भवसिंधु लायेक, दयामय घोष आदि की उपस्थिति में आयोजित इस चुनावी बैठक में सर्वसम्मति से जामदेही पंचायत के पंचायत अध्यक्ष के पद पर सुमित यादव, सचिव के पद पर सुरेश सोरेन तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सरजू सोरेन, नरसिंह बास्की का चयन किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष के पद पर सुधीर राम हांसदा, निरोधवरण महतो, बादल भंडारी,अरूण यादव, गुपीनश्वर हांसदा का चयन किया गया। सह सचिव के पद पर आरिफ अंसारी, हेनद सोरेन, चिनमय दास, प्रकाश सोरेन, राधा माधव सिंह को चुना गया। इसके अलावे संगठन मंत्री के पद पर विष्णु महतो, भोला अंसारी, छोटेलाल मिर्धा, मन्टु हांसदा, दयामय महतो तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नरोत्तम यादव, बाबुराम मुर्मू, प्रकाश यादव, संजीव दास, तापस कुमार यादव, लियाकत अंसारी, शामशेर अंसारी, सौरभ यादव, फिलिप मुर्मू, चन्द्रशेखर यादव, बैद्यनाथ सोरेन, सुनीति मुर्मू, किरिटी भूषण महतो, अमित दास, देवदूत यादव, बाबला हांसदा, रोहित कुमार यादव, राजीव हेम्ब्रम, शिवम कुमार यादव, कृष्ण चन्द्र महतो, उत्तम भंडारी, पुरण चन्द्र महतो, अकबर मुर्मू, आशीष सोरेन, तापस यादव, परिमल सिंह का चयन किया गया।

### महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर सकुशल लौटे श्रद्धालु

**नाला(एप्र)।** महाकुंभ प्रयागराज से पवित्र स्नान व आस्था की डुबकी लगाकर नाला के कई श्रद्धालु महाकुंभ प्रयाग से सकुशल नाला लौट गए हैं। इस संबंध में जितेंद्र नाथ मंडल तथा तुषार कांति बनर्जी ने कहा कि वहां का अद्भुत दृश्य अलौकिक अनुभूति रहा। उन्होंने कहा कि निर्विघ्न रूप से हम लोगों ने प्रयागराज के महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई और साधुओं के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के अलावे राम मंदिर अयोध्या, बनारस काशी विश्वनाथ आदि तीर्थ स्थल का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर तुषारकांत बनर्जी, प्रदीप बनर्जी, मोहित बनर्जी, अनूप मंडल, शुभम मंडल, मीरा मंडल, मौसमी बनर्जी, चंपा बनर्जी, सैकत मंडल, गगन मंडल, सजल शास्त्री, संतोष मंडल, संगीता मंडल, उत्तम मंडल, बेबी मंडल, राणा मंडल, उत्तम कुमार मुनि, मिठु देवी आदि श्रद्धालु प्रयागराज से आस्था की डुबकी लगाकर सकुशल नाला लौटे।

### 120 मरीजों की नेत्र जांच की गयी

**कुंडहित(एप्र)।** छोलाबेड़िया बांधपाड़ा पूजा कमेटी एवं जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच व ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया ।इस दौरान सिउड़ी आई अस्पताल की ओर से डॉ आरंधु राय, डॉ शेख बिलाल ने120 नेत्र मरिजों का नेत्र जांच किया। कई मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। वही कैंप में 20 यूनिट का रक्त संग्रह किया गया। कमेटी के अध्यक्ष चिन्मय कोनाई ने जानकारी देते हुए बताया हर साल के भांति इस साल भी छोलाबेड़िया जनकल्याण फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच व रक्त संग्रह किया गया। उन्होंने बताया नेत्र जांच के लिए क्षेत्र में बुजुर्गों का काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान शिक्षक संजय वाद्यकर ने बताया ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों के अभाव के कारण लोगों का नेत्र जांच नहीं हो पाते हैं। मौके पर संगठन संचालक चांद मंडल, आनंद मंगल, शिवदास मंडल,बापी कर्मकार, सुमन मंडल, सुमन घोष, तन्मय मंडल, माखन मंडल, आशुतोष घोष ,आलोक मंडल संजय मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ का चुनाव

# उम्मीदवारों का संथाल परगना में शक्ति प्रदर्शन, सदस्यों से मांगा समर्थन

**जामताड़ा(एप्र)।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ चुनाव 2025 की सरगर्मी तेज हो गई है। महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है, इस कड़ी में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू एवं रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू अपने प्रचार अभियान को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रहे हैं। रविवार को दोनों प्रत्याशी अपने - अपने समर्थकों और अपने ग्रुप के सभी प्रत्याशियों के साथ संथाल परगना के जामताड़ा जिला पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा जामताड़ा के सभी सम्मानित सदस्यों से मुलाकात की और अपने प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए राहुल कुमार मुर्मू ने कहा, ₹यह पुलिस एसोसिएशन शाखा केवल एक





संगठन नहीं, बल्कि मेरा परिवार है। इस परिवार के हर सदस्य की भलाई और बेहतरी के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि वे चुनाव में विजय प्राप्त करते हैं, तो एसोसिएशन के सभी सदस्यों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी और उनके कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। संथाल परगना के जामताड़ा में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। राहुल कुमार मुर्मू ने अपने चुनावी मुद्दों को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि पुलिस एसोसिएशन को एक नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिसकर्मियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए वे प्रभावी रणनीति तैयार कर रहे हैं और चुनाव जीतने के बाद इसे प्राथमिकता से लागू करेंगे। राहुल कुमार मुर्मू ने पुलिस एसोसिएशन की मजबूती और पुलिसकर्मियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण वादे किए। उन्होंने कहा कि यदि वे महासंघ के अध्यक्ष पद पर काबिज होते हैं, तो निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा पुलिसकर्मियों के हितों की सुरक्षा झ उनके वेतन, भत्तों और प्रमोशन संबंधी समस्याओं का निवारण। ड्यूटी के दौरान कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना झ पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए विशेष सुविधाएं। काम के घंटे और वर्किंग कंडीशन्स को बेहतर बनाना झ ओवरटाइम ड्यूटी और अन्य व्यवस्थाओं में सुधार। झारखंड पुलिस एसोसिएशन को और अधिक संगठित और प्रभावशाली बनाना है ताकि यह हर पुलिसकर्मी की आवाज बन सके। इसके बाद इस महा संग्राम में अपना भाग्य आजमा रहे हैं रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू ने बताया कि 27 फरवरी को महा अधिवेशन समारोह आयोजित होगी। तत्पश्चात 28 फरवरी को केंद्रीय कार्यालय लाइन टैंक रोड रांची में चुनाव संपन्न होने जा रहा है। जिसकी तैयारी जोरों पर चल रही है इसी सिलसिले में संथाल परगना की धरती जामताड़ा हम लोग पहुंचे हैं। आगे उन्होंने बताया कि अगर हम जीतते हैं तो झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी सदस्यों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। प्रचार अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों में जबरदस्त जोश देखा गया। महासंघ चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और हर उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगा है। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनाव में झारखंड पुलिस एसोसिएशन महासंघ की कमान किसके हाथों में जाती है। क्या राहुल कुमार मुर्मू की रणनीति और मजबूत प्रचार अभियान उन्हें जीत दिला पाएगा या मुकाबले में रविंद्र कुमार या अन्य कोई और प्रत्याशी बाजी मार लेगा यह तो चुनाव परिणाम के बाद ही साफ होगा।

## सेवानिवृत शिक्षक सहित एक अन्य घर से लाखों की चोरी

**कुंडहित(एप्र)।** शनिवार की रात कुंडहित थाना के समीप मास्टर कॉलोनी में बंद सेवानिवृत्त शिक्षक खगेंद्र नाथ मंडल के घर से चोरों ने लाखों की संपत्ति उड़ा ले गए। सेवानिवृत शिक्षक की पत्नी सुबह घर पहुंचने पर देखा



तो घर के सामने वाले दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर का दो रूम में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर में नगद सहित सोने की हार, कंगन, बाली आदि सहित करीबन पांच लाख की संपत्ति अज्ञात चोरों ने उड़ा ले गए। इसकी जानकारी शिक्षक की पत्नी सरला मंडल ने कुंडहित थाना में लिखित रुप से दी। सूचना मिलते ही कुंडहित थाना के एसआई श्रीराम पंडित एवं सरोज मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सेवानिवृत शिक्षक खगेंद्र नाथ मंडल महीना भर से बेंगलुरु इलाज हेतु गए हुए हैं। घर में उनकी पत्नी अकेली रह रही है। शनिवार शाम को उनकी पत्नी सरला मंडल घर में ताला लगाकर कुंडहित बारमेशिया मोड़ स्थित बेटी के घर चली गई। रविवार सुबह आकर देखा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर से नगद 25 हजार सहित सोने का चैन, हाथ का कंगन, कान की वाली, कांसा का बर्तन आदि गायब था। इस संबंध में एसआई श्रीराम पंडित ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं बरमसिया मोड़ स्थित रासबिहारी सिंह के घर से भी ताला तोड़कर घर के सामान की चोरी कर ली गई। दोनों ही मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। बहरहाल कुंडहित मुख्यालय में एक ही दिन में चोरी की घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाए हो रही है।

# स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का शुभारंभ

**जामताड़ा(एप्र)।** संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेक्ट अमृत अंतर्गत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का भव्य शुभारंभ रविवार को परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आदेशानुसार जामताड़ा नगर स्थित राजाबांध तालाब की साफ-सफाई की गई। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था। इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना



है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करें। संत निरंकारी मंडल जामताड़ा ब्रांच के मुखी महात्मा प्रहलाद दास ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। जामताड़ा में इस अभियान को पूर्व की भांति स्वच्छ जल- स्वच्छ मन के प्रेरक संदेश के साथ आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के लगभग 150-200 समर्पित स्वयंसेवक एवं सेवादारों ने मिलकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। गीतों की संगीतमय धुन जागरूकता माध्यम से जल जनित रोगों और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा रही है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित न रहकर आज की युवा पीढ़ी को समाज कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम सुबह सात बजे प्रार्थना के साथ राजा नृत्यगोपाल सिंह के अध्यक्षता में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता उज्वल महतो, सिकन्दर मंडल, भम्बल धीवर, स्वास्थ विभाग के द्विवेदी, नारायण, मिहिर, सरोज राउत एवं नगर के प्रबुद्ध वर्ग उपस्थित थे।

## संत शिरोमणि गाडगे महाराज की मनाई गई 149वीं जयंती

**नारायणपुर(एप्र)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ जामताड़ा की ओर से रविवार को नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत खरकोंकुंडी गांव में स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे की 149वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम संत गाडगे के चित्र पर सभी ने बारी बारी से माल्यार्पण व पुष्प अर्पण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कार्तिक रजक उपस्थित थे। महासंघ के कार्तिक रजक ने कहा कि राष्ट्र संत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनके मुहिम का हिस्सा था। संत गाडगे का मुख्य उपदेश था कि घर का बर्तन बिक जाए,एक रोटी कम खाए लेकिन



बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। कार्यक्रम के आयोजक सचिव सुरेश रजक ने कहा कि संत गाडगे सर्व समाज के महापुरुष के साथ- साथ संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ.आंबेडकर के राजनैतिक गुरु भी हैं। वहीं मुख्य सलाहकार मदन रजक, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद रजक, कामदेव रजक, कालेश्वर रजक आदि ने भी विचार रखें। इस दौरान राजेश रंजन रजक, प्रभाकर रजक, गोकुलेश्वर रजक, नंदू रजक, राहुल विवेक विपिन आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**नारायणपुर(एप्र)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के रधुनाथपुर गांव के समीप रविवार को हुए सड़क दुर्घटना में 3 लोग घायल हो गये। घटना के बारे में बतादें कि करमाटांड़ थाना क्षेत्र के कांशीटांड़ गांव निवासी 39 वर्षीय अरूण मंडल अपनी पुत्री 29 वर्षीय काजल देवी एवं उसकी पुत्री 3 वर्षीय प्राणो कुमारी को लेकर उसके ससुराल धनबाद जिला के टुंडी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव बाइक से जा रहा था। इसी दौरान गोबिन्दपुर साहेबगंज सड़क मार्ग पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के रधुनाथपुर गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गये। घटना के बाद तीनों घायलों का इलाज सीएचसी नारायणपुर में किया गया।

## विधिक जागरूकता एवं सह आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहपुर(एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत डुमरिया पंचायत के धोबना गांव में नालसा एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के अध्यक्ष एवं



सचिव के आदेशनुसार विधिक जागरूकता एवं सह आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 90 दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर सह आउटरिच कार्यक्रम करते हुए पीएलवी अमित कुमार मंडल एवं प्रभाष हेंब्रम ने शिविर में भाग लिया। शिविर में सड़क दुर्घटना, बाल विवाह, दहेज प्रथा, यौन शोषण, बाल मजदूरी, बाल तस्करी व घरेलू हिंसा पर चर्चा की गई। साथ ही सरकार द्वारा चालाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। खासकर सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मिलने वाले मुआवजा के बारे में बताया गया और बाल विवाह रोकने पर कहा कि कम उम्र में शादी कानूनी अपराध है। लड़कियों की शादी 18 साल के बाद ही करें वरना जेल सौर जुमार्ना दोनों हो सकता है। इससे बच्ची का भविष्य भी खराब होता है। इस दौरान बाल श्रम के बारे में भी बताया गया। मौके पर बताया गया कि जरूरतमंदों को कानूनी सहायता के लिए डालसा के द्वारा मुफ्त सुविधा दी जाती है।

# डीएवी स्कूल में विधिक साक्षरता क्लब का हुआ उद्घाटन

**जामताड़ा(एप्र)।** सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन आभासी रूप में झालसा प्रेक्षागृह, न्याय सदन, रांची से झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सह झालसा के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति एम एस रामचंद्र राव, झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश रंगम मुखोपाध्याय द्वारा किया गया। उनके साथ झारखंड के डीएवी विद्यालयों के सभी सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। झारखंड के 72 डीएवी विद्यालयों में एक साथ विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना की गई



है। सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, जामताड़ा में जामताड़ा जिला परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजेश प्रसाद, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शालिनी अन्ना हेरेंज, कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के प्रमुख अशोक तिवारी, उप प्रमुख उत्तम कुमार, सहायक अरिजीत बोस, पारा विधिक स्वयंसेवक अमित कुमार मिश्रा, सीमा कुमारी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार, अध्यक्ष कपीश परसुरामका, शिक्षक एस के दास, पी के सिंह, कमलेश प्रसाद, शांतनु चक्रवर्ती, भोला महतो, अभिषेक दुबे, सुचित्रा सिंह, संगीता पानीकर, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी सूरज मंडल, रिकी रिमी, अन्नपूर्णा, अनन्या, मानता कुमार मंडल, अदिति शर्मा, लक्ष्मी रानी, कोयल भंडारी, जिया कुमारी, मानवी, शिवम् राय एवं अन्य उपस्थित थे। अधिकारियों का तिलक एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने फीता काट कर क्लब का विधिवत उद्घाटन किया। आभासी उद्घाटन का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें सदस्य सचिव द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। उसके बाद नालसा गीत का प्रसारण हुआ। झालसा द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस क्लब का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता पैदा करना है। कई प्रकार के अपराध जो किशोरों से जुड़े हुए हैं उनकी जानकारी एवं बचाव के उपाय बताना शामिल है। यह क्लब प्रभारी शिक्षक के नेतृत्व में एक समूह के द्वारा संचालित होगा। इसमें कानूनी उपचार एवं जागरूकता से संबंधित पुस्तकें होंगी। साथ ही यह क्लब समय-समय पर चित्रांकन, भाषण, वाद-विवाद, कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। यह क्लब साक्षरता, बाल-विवाह, महिला उत्पीडन, मौलिक अधिकार, रैगिंग, स्वच्छता समेत कई क्षेत्रों पर कार्य करेगा। इसके साथ ही हिंदू पंचांग के अनुसार स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती भी आज के दिन पड़ती है। विद्यालय परिवार ने उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती भारत में शिक्षा का प्रसार चाहते थे। लोगों को जागरूक करने एवं उनके विकास के लिए कृतसंकल्प थे। विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना से विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान का संचार होगा, साथ ही जनसमुदाय को इससे सहयोग प्राप्त होगा।

## एक नजर

### डीएम ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**जमुई(निंस)।** भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग, बिहार पटना के निदेशानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी जमुई अभिलाषा शर्मा के द्वारा रविवार को पूर्वाह्न 11:20 बजे सोनपे अवस्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस में अधिष्ठापित सीसीटीवी डिस्पले एवं अग्निशामक यंत्र का अवलोकन किया गया तथा ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मियों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया एवं आवश्यक निर्देश दिया। ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस के निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी जमुई मो0 नजरुल हक, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी महेश कुमार एवं मो0 शाहिद अली उपस्थित थे।

### जमुई विस का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने के बाद किया गया सम्मानित




**जमुई(निंस)।** जिला जदयू कार्यालय में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश पासवान को जमुई विधानसभा का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किये जाने के उपरान्त उन्हें सम्मानित किया गया। हम अपनी पार्टी की ओर से सांसद अरुण भारती को गठबंधन धर्म को निभाने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्हें धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने सांसद प्रतिनिधि के रूप में एक विवेकशील और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को मौका दिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि राकेश पासवान एक सांसद प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निराकरण और विकास कार्यों के प्रति हमेशा तत्पर रहेंगें। उनके नेतृत्व में एनडीए और सशक्त होगा। अरुण भारती ने राकेश पासवान पर अपना विश्वास जताया। इसके लिए हम पूरे जद यू परिवार की ओर से उन्हें धन्यवाद देते हैं।मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर चौधरी, मो जमील अहमद, रामानंद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 150 युवाओं को मिला ऑफर लेटर



**बरहट(एप्र)।** नेचर विलेज मटिया के सौजन्य से मलयपुर स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के परिसर में रविवार को सिक्युरिटी गार्ड कॉमंडो कंपनी द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन नेचर विलेज के संस्थापक और लक्ष्मीपुर प्रखंड के पूर्व अंचलाधिकारी निर्भय प्रताप सिंह और कटौना पंचायत के मुखिया कपिलदेव प्रसाद ने दीप जलाकर किया।इस अवसर पर निर्भय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेला में विभिन्न पदों के लिए युवाओं का चयन किया गया, जिनमें हेल्पर, गैस कटर, मैसन, कारपेंटर, वेल्डर, रैन फैब कम बाइंडर, मजदूर, राजमिस्त्री और रोड गूंथने वाला सहित कई अन्य कामकाजी पद शामिल थे। उन्होंने बताया कि चयनित युवाओं को फ्री आवास की सुविधा दी जाएगी और उनके आने-जाने का भी पूरा इंतजाम किया जाएगा। रोजगार मेले में कुल 150 युवाओं को विभिन्न पदों के लिए चयनित किया गया। चयनित युवाओं से बैंक पासबुक और आधार कार्ड भी जमा करवाए गए। नेचर विलेज के संस्थापक ने इस अवसर पर यह भी बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।चयनित युवाओं में खुशी की लहर थी, और उन्होंने इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जनप्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला आयोजित




**बरहट(एप्र)।** प्रखंड के मटिया बाजार स्थित नेचर विलेज परिसर में शनिवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, उपमुखिया, सरपंच, उपसरपंच, समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और पांचों ने भाग लिया।कार्यशाला की अध्यक्षता लक्ष्मीपुर के पूर्व अंचलाधिकारी और नेचर विलेज के संस्थापक निर्भय प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण विकास के विभिन्न मुद्दों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।तथा उन्होंने नेचर विलेज परिसर में उत्पादित घरेलू मशालों और हर्बल गुलाल के बारे में जानकारी दी। साथ ही नेचर विलेज के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को मिलने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला।महिला प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारीवहीं कार्यक्रम में लगभग 30 महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया और नेचर विलेज के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम की सफलता में बरहट के मुखिया संघ के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद की अहम भूमिका रही। मौके पर समाजसेवी नंदलाल जी, महेश मंडल, श्रीकांत उर्फ बिट्टी यादव भी उपस्थित थे।

### केंद्रीय योजना के तहत हो रहा एनएच का पुनर्निर्माण कार्य



**गिद्धौर/जमुई(निंस)।** गिद्धौर जमुई एनएच 333 पर रतनपुर गांव में दुर्गा मंदिर के निकट पुनर्निर्मित मुख्य सड़क एक सप्ताह के अंदर ही टूट गई है।इस एनएच पर करीब सप्ताह भर पहले ही अलकतरा डाला गया है,जो अब उखड़ने लगा है।उखड़ने की वजह से बने दरार दोपहिया एवं तीनपहिया वाहनों को चकमा मिल सकता है।जिससे होने वाली सड़क दुर्घटना के अंदेशा से इनकार नहीं किया जा सकता।ज्ञातव्य हो कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग का पुनर्निर्माण कार्य केंद्रीय योजना के तहत हो रहा है। ऐसे में सप्ताह भर के भीतर ही अलकतरा हट जाने से ग्रामीण कार्य गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं।साथ ही इसके त्वरित मरम्मतीकरण की भी मांग कर रहे हैं।

# पांच मार्च को पटना में युवा चौपाल

## हजारों कार्यकर्ता जाएंगे पटना




**खैरा/जमुई (निंस)।** आगामी 05 मार्च को पटना मिलर हाई स्कूल के मैदान में बिहार प्रदेश से युवा राष्ट्रीय जनता दल युवा चौपाल कर युवाओं को 17 वर्ष के कार्यकाल और बिहार सरकार के जुमलावाज के बारे में गांव गांव जाकर बताने के लिए हुंकार भरेंगे जिसकी तैयारी के लेकर आज खैरा प्रखंड दुर्गा मंदिर परिसर में प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार यादव के अध्यक्षता व संचालन जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने किया।बैठक में उपस्थित जिला प्रभारी मोहम्मद नसीम अहमद ने कहा कि 05 मार्च को पटना में युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्ष सहित सभी पंचायत अध्यक्ष व कार्यकर्ता को बताया कि 17 महिना के कार्यकाल और ऐतिहासिक घोषणा के बारे में चौपाल के माध्यम से प्रचार प्रसार करने एबं पटना जाने के लिए तैयारी में जुट गए हैं।प्रदेश सचिव गोल्डन अम्बेडकर ने कहा कि बैठक आने वाले विधानसभा चुनाव में यशस्वी पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हर युवाओं को घर की पीलर की तरह तय करना होगा बूथ जितने के लिए युथ मजबूत कर अम्बेडकरवाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी के विचार धारा मिशन पर काम करना होगा तभी बुथ जीत पाएंगे जब बूथ जितेंगे सरकार निश्चित बन जाएगा।जब तेजस्वी की सरकार बनेगा तो माई बहिन मान योजना के तहत हर महिला को 2500/- हजार दिया जाएगा।वृद्धा विधवा दिव्यांग को 400/- सौ से बढ़ाकर 1500/- दिया जाएगा,बिजली 200/- सौ यूनिट मुफ्त और रसोई गैस महंगाई घटाकर 500/- सौ में दी जाएगी यह वादा तभी पुरा होगा जब भ्रष्टाचार जुमलाबाज नीतीश सरकार को पराजित कर यशस्वी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे।जिला अध्यक्ष उपेंद्र तांती ने कहा कि अगर बिहार को विकसित देखना चाहते हैं तो तेजस्वी यादव जी के मिशन को बढ़ाने में योगदान निभाना होगा हर मतभेद को हटाकर परिवार की तरह मिलकर गांव गांव जाकर प्रचार प्रसार करना है नेता बनने के लिए कार्यकताओं को विस्तार करना होगा और यह सब युवाओं में ही सम्भव है।वर्तमान सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार में संलिप्त है जिससे अफ्सरशाही बढ़ गया आम जनता को परेशानी बढ़ रही है जिससे डबल इंजन सरकार से उब गया और बिहार को विकसित के लिए तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री देखना चा रहें हैं। इस बैठक में अनुसूचित जाति कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेन्द्र दास, किसान प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद यादव,प्रखंड सचिव अशोक रविदास, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, इंद्रदेव यादव, दिनेश यादव, युवा नेता सकिंदर दास, रंजन कुमार,प्रकाश यादव, मोहन यादव, नरेश यादव, मनोज कुमार यादव, सहित दर्जनों युवा राजद नेता उपस्थित हुए।

## जमुई से हजारों कार्यकर्ता रैली के लिए निकले भागलपुर: विकास



**जमुई (निंस)।** 24 फरवरी को विश्व के सबसे लोकप्रिय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भागलपुर हवाई अड्डे के मैदान मे आगमन होने जा रहा है।उक्त कार्यक्रम मे जमुई से 5 हजार से अधिक कार्यकर्ता एवं किसान भागलपुर पहुंच रहे हैउक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता विकास प्रसाद सिंह ने बताते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव मे भाजपा की प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार की धरती पर पहली बार भागलपुर मे आगमन होने जा रहा है।जहाँ जमुई के कार्यकर्त्ता के अलावे 12 जिलों के कार्यकर्त्ता लाखो की संख्या मे शामिल होने पहुंच रहे है। श्री विकास ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी भागलपुर की धरती से ही देश के साढ़े नौ करोड़ किसान भाइयों के खाते मे डीबीटी के माध्यम सीधे बैंक खाते मे 19 हजार करोड़ की राशि भेजा भेजेंगे।प्रधानमंत्री 11 वर्षो मे देश को विश्व का चौथे महाशक्ति बनाकर विश्व गुरु बनाने की ओर तीव्र गति से पहुंचाने का कार्य कर रहे है। सबका साथ सबका विकास का जो प्रण है उसे वो अक्षरश पूरा कर रहे है।

## साईकिल यात्रा एक विचार मंच ने पौधे के जड़ों में नमी बनाये रखने को लेकर लगाया जुगाड़




**जमुई(निंस)।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर नए नए उपाय करते साईकिल यात्रा एक विचार द्वारा एक नया उपयोग पर कार्य जा रहा है। मंच से जुड़े मनीष कुमार द्वारा बताया कि मंच और ग्रामीण के सहयोग से उझड़ी मंदिर के पास लगाए गए पांच दर्जन से अधिक पौधे का संरक्षण के लिए बेकार और बिखरे प्लास्टिक बोतल को इकट्ठा कर हर पौधे के पास एक खाली बोतल लगाया गया जिसमें भरे पानी की बूंदे पौधे के आस पास की सतह को लगातार नमी बनाए रखा जाता है। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि पौधा हर भरा एव तरोताजा दिखाता है यह आने वाले गर्मी के समय में पौधा झुलसने से भी बचाने का सार्थक उपाय हो सकता है।इसके पूर्व साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के बैनर तले अपने निरंतर रविवारीय यात्रा के 477 वें यात्रा के क्रम में 6 सदस्यो का समूह आज जमुई नगर परिषद के उझंडी ग्राम पहुंचा। सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से दो दर्जन पौधे मंदिर के आस पास निजी जमीन पर लगाया गया।मंच से जुड़े सदस्य कुंदन सिन्हा ने बताया की उझंडी ग्राम के यूवाओ के साथ मिलकर पूर्व की यात्रा में लगाए गए पौधा का संरक्षण के लिए किया जा रहा प्रयास अनोखा है यह छोटे पौधे के जीवनदान साबित हो रही है।ग्रामीणों के द्वारा बहुत ही अच्छे टपक विधि द्वारा सिंचाई की जा रही है जो पानी की बोतल उपयोग करने के बाद व्यर्थ इधर-उधर पड़े होते हैं उसका सही इस्तेमाल इन ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है सही मायने में सिंचाई इसी प्रकार किया जाए तो कम पानी में ज्यादा से ज्यादा उपयोग किया जा सकता है।मंच के संस्थापक विवेक कुमार द्वारा बताया कि ऐसे अनोखे प्रयास को आने वाले गर्मी के मौसम में पूरे जिला में लोगो को प्रेरित कर पौधे को संरक्षित करने का अभियान चलाया गया साथ हो पर्यावरण संरक्षण करने की आदत सभी में आए इसके लिए हर लोग को प्रेरित कर लुप्त होती बगीचा को पुनर्जीवित करने करने का जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। इस अवसर पर कुंदन सिन्हा, मनेश कुमार, विवेक कुमार,सचीराज पद्माकर, हर्ष कुमार सिन्हा, कुंदन कुमार, रोहित कुमार, कृपाली कुमारी, यस राज, गुनगुन कुमार, पंकज कुमार,चंदन कुमार, पिंटू कुमार सहित कई ग्रामीण थे।

### इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं

## निजी नर्सिंग होम में भर्ती करने के कारण काल के गाल में समा रहे हैं मरीज



**गिरिडीह(एप्र)।** जिले के दो अलग-अलग अस्पतालो में दो मरीज की मौत हो गई है अस्पताल में इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं रहने के बावजूद गंभीर मरीजों को निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया जा रहा है। दो नर्सिंग होम में इलाज के दौरान दो मरीजों की मौत के बाद मामले का खुलासा हुआ है।

जिले में 24 घंटे के अंदर घटित इन दोनों घटनाओं के बाद परिजनों ने हंगामा किया है। पहली घटना धनवार प्रखंड के कोडाडीह स्थित एक अंसारी हेल्थ केयर नाम के नर्सिंग होम की है। जहां एक महिला की मौत हो गई है, जिसके बाद डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा है। जबकि दूसरी घटना गिरिडीह शहर के डोकानिया नर्सिंग होम की है। इस अस्पताल के प्रबंधन द्वारा गंभीर बीमारी से ग्रसित एक मरीज को भर्ती लिया गया। जिसके बाद उसने दम तोड़ दिया। यहां पर भी चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगा है। शहर की घटना की बात करें तो यहां बरमसिया अवस्थित नर्सिंग होम में अरगाघाट-पांडेयडीह रोड निवासी संतोष शर्मा को भर्ती करवाया गया। संतोष के भाई ने बताया कि उनके भाई का पटना में इलाज चलता था। पांच दिन पूर्व उसके भाई के पेट में दर्द उठा तो डॉ नीरज डोकनिया से दिखाया गया। उन्होंने कहा कि पथरी है। फिर पटना जाकर वहां के चिकित्सक से बात करवाने को कहा, ऐसा ही किया गया। इसके बाद डॉ ने लेजर से ऑपरेशन करने की बात कही। शुक्रवार रात उन्होंने भाई को भर्ती करवा दिया। शनिवार रात को ऑपरेशन किया गया। फिर कुछ घंटे के बाद कहा गया कि ब्लड चाहिए। कुछ देर बाद मरीज को आईसीयू में भेज दिया गया। मरीज के परिजनो का आरोप है कि जानबूझकर मरीज के साथ गलत किया गया है। इधर मामले की सूचना पर क्षेत्र के विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार खुद ही डोकानिया नर्सिंग होम पहुंचे। पहले मृतक के परिजनों से बात की फिर चिकित्सक से संपर्क कर पूरी जानकारी ली। यहां चिकित्सक डॉ नीरज डोकानिया ने मंत्री को बताया कि मरीज पहले से गंभीर था। ऐसे में मंत्री नाराज हो गए। कहा कि जब आपके पास संसाधन नहीं है और मरीज की पूरी हिस्ट्री अपने पटना के डॉक्टर से पता कर ली तो फिर किस आधार पर भर्ती लिया। उन्होंने कहा कि जब मरीज का लिवर खराब था और आप इलाज नहीं कर सकते थे तो फिर भर्ती लेना नहीं चाहिए था। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि व्यवसायिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मरीज के जीवन के साथ इस तरह का खिलवाड़ न तो नैतिक दृष्टिकोण से उचित है और न ही न्यायिक दृष्टिकोण से। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी को साफ कहा गया है कि परिजन जो भी लिखित शिकायत दें, उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी तरफ धनवार के कोड़ाडीह स्थित अंसारी हेल्थ केयर में महिला की मौत और उसके बाद लगे आरोप के बाद सिविल सर्जन डॉ एसपी मिश्रा ने संचालक के खिलाफ कार्रवाई की बात कह रहे हैं। जबकि इस नर्सिंग होम के संचालक सलीम अंसारी का कहना मरीज के इलाज में लापरवाही नहीं बरती गई है। हमने मरीज के लिए हर संभव प्रयास किया है।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न

**दुमका(काप्र)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज जिला दुमका की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय ग्रांट स्टेट दुमका में जिला अध्यक्ष गंगाधर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने कहा कि दुमका में बढ़ईगिरी के कार्य कर रहे 500 कारीगरों को जोड़कर स्फूर्ति योजना के तहत एक क्लस्टर बनाया जाएगा, सभी कारीगरों का ऑर्टिजन कार्ड बनाया जाएगा और रोजगार से जोड़ा जाएगा। लकड़ी मिल एवं लकड़ी से जुड़े समस्याओं को लेकर दुमका विधायक बसंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका निदान किया जाएगा। लकड़ी मिल एवं लकड़ी से जुड़ी समस्या जल्द समाधान नहीं हुआ तो विश्वकर्मा समाज सड़क पर उतरने को विवश होंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव जयप्रकाश शर्मा, प्रदेश सचिव पवन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष क्रांति राणा, जिला महासचिव रवींद्र शर्मा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लता देवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य नीलू मढैया, मुकेश शर्मा, विजय शर्मा, संजय शर्मा, सुभाष शर्मा, जितेंद्र शर्मा, पिंटूमिस्त्री, मसलियां प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ मिस्त्री, नरेश शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**रामगढ़(एप्र)।** रविवार को रामगढ़ प्रखंड के भातुडिया बी पंचायत अंतर्गत सारमी स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 501 महिलाओं एवं कन्याओं ने शिव मंदिर प्रांगण से कलश शोभायात्रा निकाली । जो पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद शिव गंगा सरोवर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण एवं गाजे बाजे के साथ कलश में जल भरकर राधे राधे का जयघोष करते हुए सारमी, ब्लाक , रामगढ़ बाजार का भ्रमण करते हुए अपने अपने कलश को कथा स्थल परिसर में निर्मित यज्ञशाला में स्थापित किया गया। शोभा यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा कलश लेकर चल रही महिलाओं एवं कन्याओं के लिए शरबत, शीतल पेय, शुद्ध जल तथा फल आदि की व्यवस्था की गई थी। श्रीमद् भागवत कथा में कथा वाचन श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास परम पूज्य गोपाल भाई ओझा जी महाराज के द्वारा रविवार 23 फरवरी से 1 मार्च तक किया जाएगा। जबकि महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य शिव बारात की झांकी के साथ शिव विवाह महोत्सव भी मनाया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक परम पूज्य गोपाल भाई ओझा जी महाराज ने भागवत की महिमा चर्चा करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत को सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ माना गया है। सात दिन तक नियम पूर्वक भागवत कथा का श्रवण करने वाले प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर भजन की टोलियां तथा झांकी के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी प्रदर्शित किया जाएगा। भागवत कथा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह प्रहर में पूजन, हवन तथा रात्रि में संगीत मय भागवत कथा का वाचन होगा। 2 मार्च को हवन, कलश विसर्जन एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

# गोली-चम्मच और सूई-धागा दौड़ में स्वर्ण तारिका और दीपिका अव्वल



**दुमका(काप्र)।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव 2025 के अंतर्गत हिजला मेला परिसर में रविवार को पुरुष तथा विभिन्न आयु वर्ग के महिलाओं के लिए राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति दुमका के तत्वावधान में कई प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी तादाद में ग्रामीण क्षेत्र से आये बच्चियों एवं महिलाओं सहित पुरुषों ने भाग लेकर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। 2 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए आयोजित 50 मीटर की दौड़ में संतरी हेम्ब्रम, रौशनी मरांडी तथा लक्ष्मी कुमारी 14 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए आयोजित सुई धागा दौड़ में दीपिका कुमारी ,नीलम मरांडी तथा एलिसा सोरेन,जलेबी दौड़ में बिजली हेम्ब्रम, दीपिका कुमारी तथा सपना मरांडी, गोली चम्मच दौड़ में स्वर्णतारिका मुर्मू, शर्मिला मुर्मू तथा सुमन बास्की,100 मीटर की दौड़ में तृप्तिलता हांसदा , बिजली हेम्ब्रम तथा मर्शिला मुर्मू जबकि महिलाओं के लिए आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में संजोली हेम्ब्रम, गिनी मरांडी तथा सोना मुनि हेम्ब्रम,म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कहां कनकलता बास्की, संगीता हांसदा तथा तथा सुनीता हांसदा क्रमशः पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के लिए आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अजय सोरेन , जयराम हांसदा तथा गोविंद हांसदा क्रमशः पहले से तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि राजकीय जनजातीय हिजला मेला आयोजन समिति के सचिव प्रशिक्षु आइएएस सह अनुमंडलाधिकारी दुमका अभिनव कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद स्थापना उपसमाहर्ता दुमका अब्दुल समद,सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका महेंद्र मांझी, जिला खेलकूद पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, अंचलाधिकारी दुमका अमर कुमार एवं अंचलाधिकारी जामताड़ा अभीश्वर मुर्मू ने नकद तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजन की सफलता में गोविंद प्रसाद, वरुण कुमार,अरविंद कुमार, मदन कुमार, अमरनाथ चौधरी, मुकेश कुमार, देवीधन टुडू,जयराम शर्मा, संदीप कुमार जय, संतोष गोस्वामी, विद्यापति झा, शिशिर कुमार घोष, हैदर हुसैन, डॉ रुपम कुमारी, वंशीधर पंडित, ज्ञान प्रकाश, निर्मल हांसदा, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार, रंजीत कुमार मिश्रा, देवीधन टुडू, सुशील हेम्ब्रम, रंजन मुर्मू, असीम हेम्ब्रम ,राजेश हेम्ब्रम, अग्नेश मुर्मू, ललित कुमार झा, मंतोष कुमार तिवारी, आशीष रंजन भारती, सुनेन्दु सरकार आदि की भूमिका सराहनीय रही।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 24 फरवरी, 2025



## एक नजर

### पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**उधवा/साहिबगंज (एप्र)।** राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि दो अलग-अलग जगहों में छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत अंतर्गत बाबू टोला गांव की एक विवाहिता महिला ने अपने पति शौकत शेख के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना मामले को लेकर राधानगर थाना कांड संख्या 101/24 दर्ज कराई थी। आरोप लगाई थी कि उसके पति समेत ससुरालवालों ने मिलकर दहेज को लेकर उसके साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। जबकि दूसरे घटना में कांड संख्या 176/24 के नामजद आरोपी पहाड़ गांव के सलीम शेख के विरुद्ध छेड़खानी का मामला दर्ज है। एक पीड़िता ने उक्त आरोपी पर छेड़खानी का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। वही राधानगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम गठित कर बाबू टोला व पहाड़ गांव में छापेमारी कर दोनों आरोपित को धर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय एसआई शिवानंद प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**राजमहल/साहिबगंज (एप्र)।** प्रखंड के फुलवरिया चौक के पास बीते रात अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक हुआ घायल। मिली जानकारी के अनुसार फुलवरिया निवासी शमसुद्दीन शेख 19 वर्षीय और तनवीर 18 वर्षीय मोटरसाइकिल लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था इसी दौरान फुलवरिया के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे रात में ही परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने घायलों का इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी। वहीं रविवार को तीनपहाड़ राजमहल मुख मार्ग पर बोहरा कॉलेज के पास बेगमपुर निवासी इजराफिल शेख 18 वर्षीय मोटरसाइकिल लेकर राजमहल की ओर आ रहा था इस दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रण होकर सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।

### 33 हजार वोल्ट तार के संपर्क में आने से एक युवक हुआ मूर्छित

**साहिबगंज (एप्र)।** एक युवक हाई वोल्टेज 33 हजार तार के संपर्क में आने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वजीर अंसारी उम्र 15 वर्षीय, पिता सफी उल रहमान, साकिन तालेडी, थाना मिजाचौकी, जिला साहिबगंज के रहने वाला बरहरवा से साहिबगंज बस से आ रहा था और बस के ऊपर बैठा हुआ था। वजीर अंसारी बरहेट मदरसा में पढ़ाई करता था, बरहेट से अपने घर तालेडी मंडरो भगिया आ रहा था, इस बीच हाई वोल्टेज 33 हजार के तार के चपेट में आने से करंट लग कर घायल हो कर मूर्छित हो गया। यह घटना बोरियों और बोआरीजोर के बीच में हुआ है। जहां बस वालों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियों लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाज के लिए हायर सेंटर साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा दिया गया। जहां साहिबगंज सदर अस्पताल में डॉक्टर कुलदीप कुमार गुप्ता के देखरेख में इलाज हो रहा है। युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### राजमहल में झमाझम बारिश से रबी फसल को पहुंचा नुकसान

**साहिबगंज (एप्र)।** राजमहल प्रखंड क्षेत्रों में रविवार को हल्की सुबह बारिश हुई। हुई बारिश से जहां लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया तो वही दूसरी ओर खेतों में लगी रबी फसलों को भी नुकसान पहुंचा। बेमौसम बारिश से किसानों को भी नुकसान पहुंचा है। सुबह से रुक रुककर हो रही बारिश से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रिमझिम बारिश से ठंड लगने के कारण लोग अपने अपने घरों में दुबके रहे।कई लोग ठंड से बचने के लिए चाय दुकान में चाय की चुस्की भी लेते रहे।बारिश से ईंट व्यवसायों को भी काफी क्षति पहुंची है। बारिश से कई क्षेत्रों की बिजली भी गुल रही।जिससे लोगों को कई परेशानियों से गुजरना पड़ा। बारिश से कच्चे ईट को भी नष्ट कर दिया है।

### महाशिवरात्रि को लेकर शिवगादी धाम में तैयारी जोरों पर

**बरहैट/साहिबगंज (एप्र)।** महाशिवरात्रि को लेकर शिवगादी में लगने वाले दो दिवसीय मेले की तैयारी शिवगादी प्रबंध समिति कि ओर से तैयारी शुरू कर दी है।मेले का उद्घाटन सांसद विजय हांसदा, झामुमो जिला मंडली प्रमुख पंकज मिश्रा,उपायुक्त हेमंत सती पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के हाथो से फीता काटकर मेले का शुभारंभ करेंगे।इसको लेकर शिवगादी प्रबंध समिति कि ओर से तैयारी पूरी हो चुकी है।वही परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।मेले कि विधि व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया है।साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था,वाहनों की पार्किंग , पूरी तरह से रूट चार्ट बनाया गया है।जगह जगह ब्रेकेटिंग लगाया गया है।महाशिवरात्रि में अन्य राज्यों से आने वाले सफा होड़ समाज के श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। महाशिवरात्रि के उपवास एवं मेले दिन मंदिर परिसर में वॉलिंटियर नियुक्त किया गया है।ताकि श्रद्धालु सुलभ जलार्पण कर सके।इसकी जानकारी शिवगादी प्रबंध समिति ने दी।

### पंचकठिया में हुआ आरसीएम का सेमिनार

**बरहेट/साहिबगंज (एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पचकठिया बाजार में कोचिंग सेंटर के परिसर में सरोज देवी फाउंडेशन के तरफ से आर सी एम के मुख्य उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा किया गया।जिसमें स्वास्थ्य रक्षा हेतु वास्तविक एवं गुणवत्ता कैसी होनी चाहिए।इस पर भी विशेष तौर पर ध्यान आकर्षित किया गया।महिला सशक्तिकरण पर बताया गया कि महिला परिवार का नीव होती है।वह खुद स्वास्थ्य रहकर और सोशल मीडिया का सही उपयोग कर आर सी एम के द्वारा चलाए जा रहे हैं।विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी हो सकती है।इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा और कल्याणी मिश्रा थी।वहीं श्रीमती मिश्रा ने बताया कि आज प्रशिक्षण के बदौलत आज अपने नाम से पूरे भारत में जानी जाती हैं।उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वह भी अपने पैरों में खड़े होकर नए भारत के निर्माण में अपना सहयोग कर सकती हैं।इस गोष्ठी को सफल बनाने में जयराम दास,पिंटू मिश्रा रॉबिन साह,दिनानाथ ठाकुर, स्वराज हक सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### नगर अध्यक्ष ने सांसद से की मुलाकात

**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर व नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने रविवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा सांसद विजय कुमार हांसदा के निजी आवास कालीतल्ला में औपचारिक मुलाकात किया. साथ ही उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान किया. सांसद ने कहा जिला में हर वर्ग तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है।

# एसपी ने किया मिर्जाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**मंडरो/साहिबगंज (एप्र)।** साहिबगंज एसपी अमित कुमार सिंह के द्वारा मिजाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। वही एसपी के पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया,इसके बाद उन्होंने थाने के कंप्यूटर कक्ष , कार्यालय हथियार माल खाना ,पुरुष हवालात व पुलिस थाने के मेस का भी निरीक्षण किया,साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का भी अवलोकन किया। इस दौरान मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव से विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी भी ली गई। निरीक्षण के दौरान सभी लंबित कांडों का अनुसंधान के स्तर को बारीक से देखा गया , साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। वही एसपी के द्वारा बताया गया की हमारा उद्देश्य है की थाना और भी बेहतरीन ढंग से काम करें। और अधिक से अधिक जनता का सेवा हो सके। साथ ही साथ लंबित कांडों का समीक्षा भी की गई । और उन्होंने कहा कि कई लंबित कांड निष्पादन की स्थिति में आ गए हैं, मिजाचौकी थाना प्रभारी के द्वारा बहुत अच्छा काम हो रहा है। प्रेस से बताया कि और तेज गति से काम करना है। मिजाचौकी थाना में प्रत्येक दिन थाना मीटिंग की शुरूआत की है। मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव थाना के पदाधिकारीयो के साथ मीटिंग करते हैं। इसी कड़ी में थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। लोगों को न्याय मिलेगा हमारा उद्देश्य है की त्वरित अनुसंधान हो अपराधियों को सजा मिले। रात्रि गश्ती बढ़ाने का व्यवस्था और दुरुस्त किया गया है। और चोरी की घटना पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वही साथ ही साथ एसपी के द्वारा बताया गया कि मिजाचौकी में पकड़े गए बाइक नीलामी की प्रक्रिया को लेकर पेपर भेजा गया है। मौके पर डीएसपी किशोर तिर्की, नगर प्रभार इंस्पेक्टर, मिर्जा चौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के साथ मिजाचौकी थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

## उधवा में तीन दिवसीय सत्संग का आयोजन सैकड़ों भक्त हुए शोभायात्रा में शामिल




**उधवा/साहिबगंज।** जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत में 23 एवं 25 फरवरी तक वैदिक आर्य समाज सत्संग यज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। रविवार को गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा उधवा कचहरी घाट,हरेराम टोला,खाड़ी टोला,मिर्जानगर,पाकीजा मोड़,भुदेवमंडल टोला आदि गांव भ्रमण करते हुए श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।कार्यक्रम स्थल पर हवन का आयोजन किया गया।जिसमें दर्जनों श्रद्धालुओं ने हवन में भाग लिया तथा पूजा अर्चना किया.वहीं आर्य समाज उधवा के मंत्री ज्ञानचंद्र मंडल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वैदिक सत्संग यज्ञ भजन प्रवचन का आयोजन किया गया है।उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के होशंगाबाद जिले से अंतर्राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य आनन्द पुरुषार्थी तथा दिल्ली से आचार्या अमृता आर्या के द्वारा तीन दिनों तक संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भजन प्रवचन किया जाएगा।मौके पर आर्य समाज के प्रधान विकाश मंडल,कोषाध्यक्ष राजेश मंडल,उपप्रधान ईश्वर कुमार भगत,संजय आर्य, धर्मव्रत आर्य,अमृत मंडल,उत्तम मंडल,सिरंजन आर्य,हरिबोल मंडल,सदस्य गुड़िया देवी, सैफाली देवी,शिप्रा सरकार,रुली देवी व सैकड़ों शोभायात्रा में शामिल हुए।

## बरहेट में दो दिवसीय जलसा का हुआ समापन



**बरहेट/साहिबगंज (एप्र)।** जामिया इस्लाहुल मोमिन मदरसा बरहेट में दो दिवसीय जलसा का का समापन शनिवार देर रात को संपन्न हो गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा,राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक मो ताजुद्दीन,दुबई से शेख अबू उमर हैदर रसन अद्दलफी शामिल हुए।इस अवसर पर जामिया इशरहुल मोमिनिया मदरसा के अध्यक्ष मजीबूर रहमान ,सेक्रेटरी प्रोफेसर हाशिम अख्तर ,कोषाध्यक्ष मोहम्मद एजाज अंसारी, प्रोफेसर नजरुल इस्लाम सहित अन्य लोगों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार हांसदा ने जलसे को सम्बोधित करते हुए कहा कि बरहेट में इतने बड़े जलसे का आयोजन से लोगों को काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा।समाज के बच्चियों को शिक्षा के प्रति प्रकाश डाला।राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन ने कहा वह इस जलसे में आकर अपने को काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं तथा कहा कि सभी लोगों को अमन चैन और खुशी का पैगाम मिलेगा। वही दो दिवसीय समापन के अवसर पर जामिया इस्लाहुल मोमेनिन मदरसा बरहेट की ओर से कल 20 छात्र और 40 छात्राएं को दस्तारबंदी कार्यक्रम के तहत हाफिज और फजीलत की डिग्री से नमाजा गया।मौके पर मो अली, मजीतुला अंसारी, कोसर अंसारी,आरिफ अंसारी, के अलावा अन्य मौजूद थे।

## कला संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सरस्वती पूजा समिति को कलाभूमि ने किया पुरस्कृत




**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** कला एवं संस्कृति में जागरूकता बढ़ाने हेतु कलाभूमि की ओर से रविवार को पुलिस लाइन मैदान स्थित शहीद स्थल में जिलास्तरीय सरस्वती पूजा समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि एपीओ संजय कुमार, सार्जेंट कुमार संजय सहित अन्य ने समिति को आकर्षक पुरस्कार, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही डीएसपी ने कहा कि सरस्वती पूजा का जीवन में बहुत महत्व है।हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाएं किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता समाज को कलंकित करता है। आप सबों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पुलिस जनता के साथ मिलकर बेहतर कार्य कर रही है। बाल विवाह, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा मुक्ति, डायन प्रथा सहित अन्य पर जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक कर रही है। सभी धर्म समुदाय के लोग मिलकर शांतिपूर्ण पूजा त्योहार करे। धर्म के नाम पर आपसी विवाद न करे। बच्चे पढ़ाई लिखाई करके बेहतर मुकाम हासिल करे। वही एपीओ ने कहा कि परंपरागत उत्सवों में सरस्वती पूजा सबसे पवित्र है जहां से हमें सरस्वती के वरदपुत्र बनने की प्रेरणा प्राप्त होती है जीवन में हम आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। कुमारी गरिमा ने बताया कि कलाभूमि कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर कार्यक्रम आयोजित करके समाज में कला के साथ साथ संस्कृति, अनुशासन, सामाजिक चेतना का बोध कराती है। वही सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धेश्वर मंडल, कुमारी गरिमा, सचिदानंद मिश्र सहित अन्य ने संबोधन किया।

### इन पूजा समिति को पुरस्कृत किया गया

ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार श्री श्री शांति संघ राजमहल को दिया गया। पूजा पंडाल और साज सज्जा में प्रथम ओम भवानी संघ गुल्ली भट्ठा, द्वितीय शोभापुर भट्ठा सरस्वती पूजा समिति, तृतीय युवा संघ हाटपाड़ा, राजमहल को दिया गया। वही समाज को जागृत करने के लिए बनाए गए थीम पर प्रथम एकता क्लब विजय ज्योति संघ नया टोला पुरानी साहिबगंज, द्वितीय दिव्य ज्योति संघ लोको गेट साउथ कॉलोनी, तृतीय महारथी संघ चाईपाड़ा, राजमहल, प्रोत्साहन पुरस्कार हरिपुर लंच घाट रोड, बरहरवा काली तल्ला, एम एस क्लब ज्ञान ज्योति संघ मजहर टोला, अमर निकेतन नवयुवक संघ भगैया को दिया गया।आकर्षक प्रतिमा एवं अनुशासन के लिए प्रथम सब्जी मंडी सरस्वती पूजा समिति, द्वितीय एकता संघ कृष्णा नगर, तृतीय कमल संघ जूनियर कमेटी बनिया पट्टी, सांत्वना पुरस्कार जय ज्वाला सिंह एल सी रोड ओर तालबन्ना पब्लिक स्कूल समीप को आकर्षक ट्राफी, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन भगवती रंजन पाण्डेय ने किया। स्वागत भाषण प्रो सुबोध कुमार और सार्जेंट कुमार संजय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ हास्य कवि कहकर खूब हंसाया। मौके पर वासुकी साह, नवीन कुमार, अरविंद ठाकुर, राकेश साह, संस्थापक अमृत प्रकाश, प्राचार्य विरेन्द्र प्रसाद सिंह, राजेंद्र पाठक, सागर, विक्की, अनिल कुमार, आकाश, शामिल है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया फेबर ब्लॉक प्लांट का शुभारंभ



**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत तेतुलीया एन.एच 80 सड़क किनारे जे.एस.ए इंटरप्राइजेज फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभ उद्घाटन कोंग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास सहित भाजपा नेता छट्ठू लाल शाहा,मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख व कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया। उक्त उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बरकत खान ने कहा कि इस तरह की मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का उद्घाटन होने से प्रखंड क्षेत्र वासियों को फेबर ब्लॉक ईट्टा से बनने वाले ग्रामीण सड़क आदि में बहुत सहूलियत होगा,साथ ही ये एक नई टेक्नोलॉजी वाली ब्लॉक ईंटे और चेकर्स है ,अगर घर के दीवारों और फर्श पर इसका उपयोग किया जाए तो एक नए अनुभव का एहसास होगा क्योंकि हमारे इलाके के लोगों के लिए ये बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है,वहीं प्रखंड बीस सूत्री ने कहा की इस तरह की फेबर ब्लॉक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का ग्रामीण क्षेत्र में खुलने से लोगों को अपने कार्य करने के लिए बेहतर फेबर ब्लॉक ईट्टा अपने क्षेत्र में ही मिलेगा और लोगों का काम आसानी से होगा।वहीं मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के कॉर्नर मुमताज खातून ने कहा कि हमारे प्लांट में अलग-अलग क्वालिटी के फेबर ब्लॉक ईट्टा बाजार मूल्य से कम दामों में बेहतर फबेर ब्लॉक ईट्टा मिलेगा। किसी को भी सड़क संबंधित या अपने घर संबंधित फेबर ब्लॉक ईट्टा की अगर आवश्यकता है तो अवश्य हमारे मैन्युफैक्चरिंग कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास,भाजपा नेता छट्ठू शह,कंपनी के कोकॉर्नर मुमताज खातून,कोंग्रेस नेता अश्वनी आनंद,मिजार्पुर मुखिया प्रतिनिधि आसराफुल शेख,साहिबगंज चेयरमैन तारीक अजीज, इसराक अहमद,मोहम्मद जावेद, आलामगीर आलम, जयदूर शेख, सालिम जाहांगीर, असिकुल शेख, मोहम्मद हाशिम, नादीम अख्तर सहित अन्य मौजूद थे।

## वन विभाग ने किया भारी मात्रा में अवैध लकड़ी का बोटा बरामद



**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** शनिवार की शाम साहेबगंज डीएफओ रांगा थाना पुलिस ने औचक छापेमारी कर बड़े पैमाने पर अवैध लकड़ी के वोटें को रांगा थाना क्षेत्र के झुमरबाद गाँव के समीप से बरामद करने में सफलता हासिल की है,सूत्रों मिली जानकारी के अनुसार लकड़ी माफियाओं द्वारा अवैध रूप से पहाड़ी इलाकों में कीमती लकड़ियों की कटाई कर रात के अंधेरे में प.बंगाल तस्करी की जाती है जो दिघी होते हुए सातगाछी रोड से पश्चिम बंगाल तस्करी की जाती है ,वहीं स्थानीय लकड़ी माफियाओं द्वारा पिछले एक महीने से ताल के पेड़ की कटाई खुलेआम शुरू कर दी गई थी ,ताल के पेड़ के तस्करी से माफियाओं के तार दूसरे राज्य प.बंगाल के तस्करो से हुई ,और साठ गाँठ के बाद सागवान,सिमल और शीशम जैसी पेड़ो पर माफियाओं की नजर पड़ी और फिर कटाई शुरू कर दी गई,गुप्त सूत्रों का मानना है कि बीते कई दिनों से ये शिलशिला जारी है ,जिसमें दो चार स्थानीय पतना के ही माफिया शामिल हैं।हालांकि मामले की छानबिन जारी है।

## पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**उधवा/साहिबगंज (एप्र)।** राधानगर थाना के सामने रविवार को राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान राधानगर पुलिस ने सड़क पर आवागमन कर रहे बाइक चालकों को रोककर उनके आवश्यक कागजातों की जांच की। पुलिस ने बाइक चालकों के पास से कागजात, इंश्योरेंस, डिक्की और हेलमेट जैसे आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।

## बरकत खान ने किया तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन



**बरहरवा/साहिबगंज (एप्र)।** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के सतगाछी पंचायत अंतर्गत श्रीरामपुर ग्राम में पंचायत में खेलों को बढ़ावा देने व ग्रामीण युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बिरसा मुंडा युवा क्लब श्रीरामपुर के द्वारा स्थान बरहरवा में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधिवत फीता काट कर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने किया। इस दौरान खान ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और खिलाड़ियों से परिचय लिया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने उपस्थित ग्रामीण व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है, ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है, तो बस उन्हें सही मंच और सुविधाएं देने की राज्य सरकार भी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। इसी उद्देश्य से मैंने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया टूनार्मेंट को देखने के मैदान के चारों ओर आसपास लोगों की काफी भीड़ थी। मौके पर मुखिया आलोक सोरेन,वार्ड मेंबर सोना मुर्मू,प्रमित तिवारी आयोजनकर्ता डेना सोरेन,अमीन सोरेन धूनू हांसदा इत्यादि सहित खेलप्रेमी मौजूद थे।

## एक नजर

### भारत में डिजिटल नेटिव क्षेत्र में अपना कारोबार बढ़ाएगी चेक पॉइंट सॉफ्टवेयर

**बैंकॉक (एजेंसी)।** चेक पॉइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के एक चीफ व्यवसायिक अधिकारी ने इस्राइली कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी के साथ साक्षात्कार में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया कि भारत एक रणनीतिक बाजार है और उनकी कंपनी भारत में डिजिटल नेटिव क्षेत्र में अपने कारोबार को बढ़ा रही है। एशिया प्रशांत और जापान की अध्यक्ष ने अधिकारियों को साइबर सुरक्षा के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया और बताया कि भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों को साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। वे भारत को एक रणनीतिक बाजार बताने के साथ ही दो क्षेत्रों में काम करने के लिए अच्छाई की भविष्यवाणी की। चेक पॉइंट कैसे बढ़ रहा है डिजिटल नेटिव क्षेत्र में, इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल नेटिव के बढ़ते खतरे के साथ, हमारी कंपनी अपनी साइबर सुरक्षा क्षमता को मजबूत कर रही है। हम भारत में बहुत सक्रिय हैं और आनेवाले समय में यहां और भी बढ़ेगी। चेक पॉइंट के अनुसंधान और विकास के केंद्र की स्थापना बेंगलुरु में होने वाली है और इससे न केवल कंपनी का विस्तार होगा, बल्कि भारत में साइबर सुरक्षा क्षमता को भी मजबूत करेगा। चेक पॉइंट के उत्पाद लाइन्स के विकास के साथ-साथ, वह एंटरप्राइज-ग्रेड नेटवर्क सुरक्षा और स्क्योर एक्सेस सर्विस एज प्रदान करने में भी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

### केरल में यूएई कंपनी करेगी 5,000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, यूएई स्थित शिपिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी शराफ ग्रुप ने राज्य में 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। शराफ ग्रुप के वाइस चेयरमैन ने कहा कि केरल को इसलिए चुना गया है क्योंकि राज्य सरकार व्यापार को सरल बनाने के लिए कई पहल कर रही है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा। कंपनी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि वह दो ड्राई पोर्ट पर निवेश करेगी और राज्य को व्यापार के लिए और भी आकर्षक बनाने के लिए कई पहल करेगी। यह निवेश केरल में न केवल रोजगार के अवसर पर वृद्धि करेगा, बल्कि यह भी अन्य कंपनियों को राज्य में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगा। इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट जो शुक्रवार को शुरू हुआ, इसी उद्देश्य से आयोजित किया गया है, और वहाँ क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस समिट के माध्यम से नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों में नई किरणें खिली हैं, जो राज्य की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।

### बर्कशायर हैथवे: वित्तीय सफलता की नई ऊंचाइयों पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बर्कशायर हैथवे के कैश और ट्रेजरी बिल होल्डिंग्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 300 अरब डॉलर से अधिक कमाए, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है। भारतीय बाजार को इस बड़े भूतपूर्व नकदी संग्रहण की खबर से प्रेरणा मिली है, जिसने विश्लेषकों के ध्यान को आकर्षित किया है। डाउ जोन्स मार्केट डेटा के अनुसार, कंपनी की संपत्तियों में इस मात्रा का वृद्धि 1998 के बाद सबसे अधिक है। बर्कशायर हैथवे के निवेशक वारेन बफेट के वार्षिक पत्र का बेसब्री से इंतजार है, जिसमें उनकी सोच और संभावित निवेश योजनाओं के संकेत मिल सकते हैं। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट से 2024 के अंत तक की सटीक नकद स्थिति का भी पता चलेगा। बर्कशायर के मुख्य निवेश अधिकारी ने इस नकदी की बड़ी मात्रा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या मैंने कभी नहीं देखी है। कंपनी अपने व्यवसायों के माध्यम से नकदी बनाती है और अपने निवेश से भी पैसा कमाती है। इन्हें इंश्योरेंस, रेलरोड, यूटिलिटी और कंज्यूमर गुड्स में व्याप्त है। बफे के नकदी खर्च न करने की रणनीति ने शेयरों के उच्च दाम का संकेत दिया है। एसएंडपी 500 ने 2025 की शुरूआत में नए उच्चतम स्तर पर पहुंचकर मजबूत छलांग दर्ज की है। बर्कशायर की वित्तीय स्थिति ने उन्हें कई बड़ी कंपनियों के निवेश की संभावना दी है।

### एलन मस्क के नए आदेश से सरकारी कर्मचारियों में उलझन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों के लिए एलन मस्क का नया आदेश चर्चा का विषय बन गया है। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रशासन में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख मस्क ने सभी फेडरल कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें पिछले हफ्ते की उपलब्धियों की रिपोर्ट जमा करनी होगी। इस आदेश के अस्वीकार से उन्हें इस्तीफे देना पड़ सकता है। मस्क द्वारा जारी नए नियम ने सरकारी कर्मचारियों के चेहरे पर उदासी बिखर दी है। उन्होंने सभी फेडरल कर्मचारियों को पिछले हफ्ते की कार्यवाहियों की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया है, और यदि यह किया नहीं तो इसे इस्तीफे देने की सजा दी जाएगी। इस विवादास्पद नियम ने कर्मचारियों में मात्रा कायम कर दी है और कई संगठनों ने इसे तानाशाही का मामला बताया है। संघीय कर्मचारियों के यूनियन ने इस नियम के विरोध में अपनी आवाज उठाई है और इसे क्रूर और अपमानजक बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्देश की कोई वैधता नहीं है और यदि किसी को निकाला जाता है तो कानूनी टकराव आएगा। सरकारी कर्मचारियों के बीच उलझन बढ़ गई है और इस मामले में आगे क्या चरण उठाए जाएंगे, इसका निर्णय आंकड़े में दर्शारह नहीं है। सरकारी एजेंसियों ने संघीय कर्मचारियों के बीच छंटनी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब 75,000 कर्मचारियों ने एक प्रस्ताव स्वीकार किया है, जिसमें उन्हें सितंबर तक वेतन देने का ऑफर दिया गया था अगर वे इस महीने तक नौकरी छोड़ देते हैं। इस प्रक्रिया से कर्मचारियों में अशांति और भ्रम रहा है और भविष्य में क्या होगा, इसकी स्थिति अभी अनिश्चित है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की भारत-चीन पर लगेंगे जवाबी शुल्क

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यहां जानकारी दी कि उनकी सरकार जल्द ही भारत और चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगी। उन्होंने इस निर्णय को प्रमुख बाजारों की सुरक्षा और न्याय व्यापारिक प्रवृत्ति को मजबूत करने के लिए लिया है। ट्रंप ने वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि अगर कोई देश हमसे शुल्क लेता है, तो हम भी उन पर जवाबी शुल्क लगाएंगे। यह बहुत सीधा-साधा नियम है। हम निष्पक्ष होना चाहते हैं, इसलिए जवाबी शुल्क जरूरी है। ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी साफ संदेश भेजकर कहा कि भारत को अमेरिकी जवाबी शुल्क से कोई छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता। ट्रंप ने यह भी कहा कि कोविड से पहले अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बेहतरीन थी। लेकिन अब टैरिफिंग बहुत दिलचस्प होने वाली है और इसकी जिम्मेदारी हावर्ड के पास होगी। इस दौरान ट्रंप ने टैरिफ से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी सुनाया। उन्होंने कहा कि पहले टैरिफ मेरा पसंदीदा शब्द था, लेकिन मुझे इसे चौथे नंबर पर रखना पड़ा। मैंने परिवार, प्यार और भगवान को पहले रख दिया। ट्रंप ने मजाकिया लहजे में कहा, भगवान को पहले रखना जरूरी है क्योंकि हम कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। उन्होंने कहा कि अब मैंने टैरिफ को अपना चौथा पसंदीदा शब्द बना लिया है।

# बाजार की चाल विदेशी निवेशकों और वैश्विक रुख से होगी तय

**कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी**

**मुंबई (एजेंसी)।**




इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। ऐसा विश्लेषकों का कहना है। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। वहीं, 27 फरवरी को होने वाली एफएंडओ एक्सपायरी भी शेयर बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार द्वारा 28 फरवरी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का जीडीपी डेटा और वित्त वर्ष 2024-25 की जीडीपी का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अमेरिका में 26 फरवरी को होम सेल्स और 27 फरवरी को 2024 की चौथी तिमाही की जीडीपी वृद्धि का दूसरा अनुमान जारी किया जाएगा। इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। निवेशकों की नजरें आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी। बाजार का मूड काफी हद तक निराशाजनक है। कंपनियों के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार और वैश्विक स्तर पर तरलता की बेहतर स्थिति तथा मुद्रा में स्थिरता से ही इसमें बदलाव आ सकता है। कोटक सिक्योरिटीज के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि जवाबी शुल्क की चिंताएं वैश्विक और भारतीय बाजार पर हावी हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क के मोर्चे पर खबरें बाजार को प्रभावित करेंगी। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा से बाजार की धारणा पर काफी असर पड़ा है। इसके अलावा कंपनियों की आमदनी भी दबाव में रही है।

## एफपीआई ने अब तक शेयर बाजार से 23,710 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजार से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इस तरह 2025 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की निकासी कर चुके हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि भारत में एफपीआई निवेश का पुनरुद्धार तब होगा जब आर्थिक वृद्धि और कंपनियों की आय में सुधार होगा। इसके संकेत दो से तीन माह में मिलने की उम्मीद है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 23,710 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई 1,01,737 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इतनी जोरदार बिकवाली के चलते निफ्टी ने सालाना आधार पर इस दौरान चार प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। बाजार के एक जानकार ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर जवाबी शुल्क के साथ-साथ इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर नए शुल्क लगाने पर विचार करने की रिपोर्ट के बाद बाजार की चिंताएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने संभावित वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं को फिर से जगा दिया है, जिसने एफपीआई को भारत सहित उभरते बाजारों में अपने जोखिम का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया है। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने भी भारतीय परिसंपत्तियों की अपील को और कम कर दिया है। कुल मिलाकर विदेशी निवेशकों सतर्क रुख अपना रहे हैं। एफपीआई का 2024 में भारतीय बाजार में निवेश काफी कम होकर 427 करोड़ रुपये रहा था। इससे पहले 2023 में उन्होंने भारतीय बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपये डाले थे।

## चालू वित्त वर्ष में सिग्नेचर ग्लोबल का परिचालन राजस्व हो सकता है तीन गुना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में उसका परिचालन राजस्व कम से कम 2.5 गुना होकर 3,000 करोड़ रुपये से अधिक रहेगा। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ के पूर्व-बिक्री लक्ष्य को पार कर जाएगी, कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि बिक्री के साथ-साथ परियोजनाएं पूरी होने की वजह से हम अपने राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये के पूर्व-बिक्री लक्ष्य और 16,000 करोड़ रुपये की पेशकश के लक्ष्य को पार कर जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में कंपनी का प्रदर्शन बिक्री बुकिंग, पेशकश, ग्राहकों से संग्रह और डिलिवरी जैसे सभी प्रमुख मापदंडों पर बहुत मजबूत रहा है। कंपनी वित्त वर्ष 2024-25 को मजबूती के साथ समाप्त करेगी। राजस्व वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि हमने चालू वित्त वर्ष के दौरान 3,800 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति का अनुमान लगाया था। इस वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में हमारा परिचालन राजस्व पहले ही 1,900 करोड़ रुपये को पार कर चुका है। हमें चौथी तिमाही में भी अच्छी वृद्धि की उम्मीद है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान सिग्नेचर ग्लोबल का परिचालन राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के 546.19 करोड़ रुपये से 3.6 गुना होकर 1,977.58 करोड़ रुपये हो गया है। 2023-24 में कंपनी का परिचालन राजस्व 1,240.55 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान सिग्नेचर ग्लोबल ने 8,670 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं, जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज 3,120 करोड़ रुपये की बिक्री से कहीं अधिक है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 7,270 करोड़ रुपये था।

## सरकार पांच सरकारी बिजली कंपनियों के आईपीओ लाएगी, आर्थिक स्थिति सही करना लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने पांच सरकारी बिजली बनाने वाली और ट्रांसमिशन कंपनियों की पहचान की है, जिन्हें स्टॉक मार्केट में लिस्टेड किया जाएगा ताकि वे अपनी क्षमता विस्तार कर सकें और उसे निवेश मिल सकें। एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकार ने बताया कि इन कंपनियों में आंध्र प्रदेश पावर जनरेशन कॉरपोरेशन और गुजरात एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन इस समय मर्चेंट बैंकर नियुक्त करने की प्रक्रिया में हैं। इसके अलावा, सरकार राज्य सरकारों द्वारा संचालित बिजली वितरण कंपनियों के निजीकरण की संभावना भी तलाश रही है। ये डिस्कॉम्स बिजली खरीद लागत में बढ़ोतरी, हाई ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नुकसान और उपभोक्ताओं से भुगतान में देरी जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। हाल ही में एक क्षेत्रीय बैठक में विभिन्न राज्यों ने बिजली वितरण सेवाओं की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से डिस्कॉम्स के निजीकरण में सहायता करने का अनुरोध किया था। डिस्कॉम्स की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए सरकार ने मंत्रियों का एक समूह गठित किया है, लेकिन पावर सचिव ने वित्तीय राहत पैकेज की संभावना से इनकार किया है। सरकार कुछ डिस्कॉम्स को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड करने पर भी विचार कर रही है, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने संचयी घाटे को कम करना होगा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 तक, देशभर के डिस्कॉम्स का कुल घाटा 6.92 लाख करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक उनका कुल बकाया कर्ज 7.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। हालांकि, राज्यों ने डिस्कॉम्स को सब्सिडी भुगतान में सुधार किया है और औसत आपूर्ति लागतऔर औसत राजस्व प्राप्ति के बीच का अंतर 2022-23 में 45 पैसे प्रति किलोवाट-घंटा से घटकर 2023-24 में 19 पैसे रह गया है। जनवरी 2025 तक, यह अंतर और कम होकर 0.10 पैसे प्रति किलोवाट-घंटा हो गया।

## ट्रंप ने रुस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करा दिया तब कच्चे तेल की कीमतों में आएगी गिरावट

**रियाद (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार युद्ध को खत्म करने के लिए रूस और यूक्रेन से बात कर रहे हैं। हालांकि ट्रंप के प्रस्ताव के मुताबिक ही युद्ध खत्म होता है, तब वहां यूक्रेन को अपाहिज बना देगा। युद्ध को खत्म करने के लिए ट्रंप इस माह के अंत तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। लेकिन उनकी कोशिशों ने यूरोप को हिलाकर रख दिया है। वहीं खाड़ी देश इस युद्ध के खत्म होने से काफी उदास हो सकते हैं, क्योंकि इसका सीधा असर तेल की कीमतों पर होगा है। जानकारों का मानना है कि जब अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाया, तब तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ा और खाड़ी देशों को बंपर कमाई हुई। ओपेके प्लस ने तेल का उत्पादन कम कर दिया, ताकि तेल की कीमतों में उछाल आए। बता दें कि ओपेक+ तेल उत्पादन करने वाले देशों का संगठन है, जिसका नेतृत्व एक तरह से सऊदी अरब करता है। रुस के सा यूक्रेन का युद्ध अगर खत्म होता हैं, तब इसका सीधा मतलब तेल से लेकर धातु और उर्वरक जैसी जरूरी चीजों के दाम अचानक कम होने वाले है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस की कीमतों में भी भारी कमी आएगी। जानकारों ने एक रिपोर्ट का हवाला देकर बताया कि युद्ध खत्म होने से रूस की स्थिति सामान्य होगी और उससे कमोडिटी बाजार का बड़ा हिस्सा फिर से आसानी से उपलब्ध होगा। जाहिर तौर पर तेल कीमतों में भारी कमी आएगी। हालांकि ये काफी हद तक इस पर निर्भर करता है कि क्या अमेरिका, युद्ध खत्म होने के बाद रूस पर लगे प्रतिबंधों को कम करता है या नहीं ट्रंप प्रशासन ने पिछले हफ्ते सऊदी के रियाद में रूसी अधिकारियों से मुलाकात के बाद कहा है कि युद्ध खत्म होने के बाद समझौते के रूप में रूस पर लगाए गये प्रतिबंधों को खत्म किया जाएगा। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि संघर्ष की वजह से प्रतिबंध लगाए गये थे और किसी भी संघर्ष को खत्म करने के लिए सभी पक्षों को रियायतें मिलनी चाहिए। जाहिर तौर पर उनका इशारा प्रतिबंधों को लेकर था। वहीं तेल इंडस्ट्री के हिसाब से प्रतिबंध हटने से वे देश, जिन्हें रूसी तेल खरीदना बंद करना पड़ा था, वे फिर से रूसी तेल खरीदना शुरू करने वाले हैं और इससे मिडिल ईस्ट से तेल निर्यात पर इसका असर पड़ेगा। इस हफ्ते बैंक ऑफ अमेरिका के जानकार ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध में शांति समझौते का मतलब है कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 5 से 10 डॉलर प्रति बैरल सस्ती हो सकती हैं। कीमतों में आई ये कमी काफी महत्वपूर्ण है। शुक्रवार दोपहर को भी तेल की कीमतों में गिरावट को दर्ज किया गया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में 2 प्रतिशत की कमी आई है और ये 74.96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## क्वांटम कंप्यूटर तकनीक के क्षेत्र में अगली बड़ी छलांग: पिचाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के दौरान गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने अपने संबोधन में एक बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जैसे एआई हमारे लिए जो था, वह आज के हिसाब से क्वांटम कंप्यूटर है। उन्होंने क्वांटम कंप्यूटर को तकनीक के क्षेत्र में अगली बड़ी छलांग बताई। पिचाई ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटर को डेवलप करना आधुनिक विज्ञान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। लेकिन बड़ी कंपनियां इस पर लगातार काम कर रही हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि भविष्य इसका है और हम इसे हासिल करेंगे। पिचाई से पहले इस साल की शुरूआत में एनविडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग भी इसको लेकर भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि क्वांटम कंप्यूटर भविष्य में बहुत उपयोगी बन जाएंगे, लेकिन इसमें अभी भी दशकों लगेंगे। लेकिन इन बयानों के कुछ दिनों बाद टेक की दुनिया की एक और दिग्गज कंपनी माइक्रोसाफट ने बीते दिनों पहले क्वांटम प्रोसेसर, मेजोराना 1 लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि किसी दूसरे चिप के मुकाबले मेजोराना 1 को पूरी तरह से नए प्रकार के मैटेरियल और पार्टिकल का उपयोग करके बनाया गया है। यह चिप इतनी शक्तिशाली है कि इसे 10 लाख क्यूबिट्स तक स्केल (बढ़ाया) किया जा सकता है, फिर भी यह इतनी छोटी है कि यह आपकी हथेली में समा सकती है। माइक्रोसाफट का कहना है कि 10 लाख क्यूबिट्स वाला क्वांटम कंप्यूटर दुनिया के सभी मौजूदा कंप्यूटरों को मिलाकर भी उससे कहीं ज्यादा शक्तिशाली होगा।

# क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया टेकविदहार्ट: स्मार्ट और बिजली बचाने वाले समाधानों के साथ हर दिन होगा आसान

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल उत्पादों की जानी-मानी कंपनी है, लगातार नए आविष्कार कर रही है। ये नए प्रोडक्ट्स बिजली की बचत करने वाले, बेहतर काम करने वाले और पर्यावरण के अनुकूल हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव मिलता है। आज कंपनी ने टेकविदहार्ट लॉन्च किया, जो दिखाता है कि वे ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर भारत में ही प्रोडक्ट्स बना रहे हैं। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन के उस मिशन को दिखाता है, जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट, भरोसेमंद और बेहतर काम करने वाले समाधान बनाए जाते हैं। इसमें तेज हवा देने वाले पंखे और बिजली बचाने वाले पंप शामिल हैं, जो लगातार और भरोसेमंद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। हर प्रोडक्ट को ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टेकविदहाटः क्रॉम्पटन ऐसी तकनीक प्रदान करता है जो वास्तव में मायने रखते हैं - भारत में आराम, सुविधा और ऊर्जा कुशल घरों को बेहतर बनाती है। ग्राहकों को ध्यान में रखकर किये जाने वाले इनोवेशनः क्रॉम्पटन के टेकविदहार्ट इनोवेशन उपभोक्ता की जरूरतों और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित हैं, जिनमें से प्रत्येक समाधान उनके जीवन को सरल, स्मार्ट और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ प्रोमीत घोष ने कहा, क्रॉम्पटन में हम ग्राहकों को ध्यान में रखकर नए-नए आविष्कार करके बिजली के सामान का भविष्य बना रहे हैं। हम लगातार ऐसे आधुनिक समाधान ला रहे हैं जिनमें टेक्नोलॉजी और परफॉर्मेंस का सही मेल है, और जो बदलते समय के साथ ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। हमारी चीजों की मजबूती और आसानी से ठीक हो जाना भी हमारी प्राथमिकता है। हमारे नए इनोवेशन इंडक्शन और बीएलडीसी फैन की टेक्नोलॉजी में कुशलता लाते हैं, और स्मार्ट सोल्यूशन्स देते हैं जो भविष्य के लिए तैयार हैं। हमारे टेकविदहार्ट इनोवेशन के तहत जो




नेक्स्ट-जेनरेशन टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म लाए जा रहे हैं, उनके केंद्र में स्थिरता है। विकास के लिए रणनीतिक निवेशः 200 से अधिक समर्पित शोध और विकास कर्मियों की एक टीम के साथ आरएंडडी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि, बाजार नेतृत्व और विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। भारत में निर्मित, दुनिया के लिए निर्मितः देश में ही डिजाइन और विकसित की गई, स्थानीय रूप से सोर्स की गई और भारत की सप्लाई चेन का लाभ उठाती है। अगली पीढ़ी की तकनीकों और स्थायी इनोवेशन पर मजबूत ध्यान देने के साथ, ब्रांड अपने नवीनतम उत्पादों के माध्यम से इलेक्ट्रिकल कंज्यूमर ड्यूरेबल्स उद्योग के भविष्य को आकार दे रहा है। ऊर्जा-कुशल इनोवेशन के साथ फैन उद्योग में अग्रणी क्रॉम्पटन हर दो सेकंड में एक पंखा बेचता है और वित्त वर्ष 2024 में 2 करोड़ से ज्यादा पंखे बेच चुका है। आज, कंपनी ने निम्न प्लेटफॉर्म्स को लॉन्च कियाः न्यूक्लियस प्लेटफॉर्म - क्रॉम्पटन ने न्यूक्लियस लॉन्च किया, जो एक इन-हाउस एडवांस्ड बीएलडीसी प्लेटफॉर्म है। यह उत्पाद के प्रदर्शन, विश्वसनीयता और दक्षता को बेहतर करता है। इस प्लेटफॉर्म में एक कुशल मोटर, मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्ट कनेक्टिविटी शामिल है। विभिन्न ऑपरेटिंग स्थितियों में लगातार परफॉर्मेंस सुनिश्चित करने के लिए इन उत्पादों का कठोर परीक्षण किया गया है। पूरी तरह से घरेलू प्लेटफॉर्म होने के कारण, यह कई उत्पादों में स्केलेबल है। एक्सटेक प्लेटफॉर्म (क्लासिक से कटिंग-एज तक) - कई दशकों से इंडक्शन फैन तकनीक में अग्रणी क्रॉम्पटन ने एक्सटेक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया है जो उच्च ऊर्जा दक्षता और स्थायित्व प्रदान करता है। डिजाइन, डेवलप्ड और मेड इन इंडिया, यह प्लेटफॉर्म एक मजबूत स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क और निरंतर इनोनवेशन के प्रति प्रतिबद्धता के साथ क्रॉम्पटन के नेतृत्व को मजबूत करता है। इन अगली पीढ़ी के उत्पादों को देश में ही विकसित किया गया है और मौसम की विभिन्न स्थितियों में इनका कठोर परीक्षण किया गया है। क्रॉम्पटन आवासीय और कृषि क्षेत्रों में विश्वसनीय जल पंपिंग समाधान प्रदान करता है। भारत के आवासीय पंपों में अग्रणी ब्रांड के रूप में, कंपनी सिंचाई और शहरी जल समाधानों की बढ़ती मांग के जवाब में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रही है। आवासीय और कृषि स्टार-रेटेड पंप - क्रॉम्पटन की ऊर्जा-कुशल पंपों की रेंज को बिजली की खपत को कम करते हुए उच्च प्रवाह दर सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है। लाइन-अप में आवासीय और कृषि दोनों पंपों का पोर्टफोलियो शामिल है, जो बेहतर दक्षता और प्रदर्शन के लिए बनाया गया हैं। कंपनी ऊर्जा-कुशल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनिवार्य नियमन से पहले, क्रॉम्पटन पहले से ही 190 से अधिक बीईई स्टार-रेटेड पंपों का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रदान करता है। पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, क्रॉम्पटन ने किसानों को स्थायी जल समाधानों तक पहुंचने में मदद करने के लिए लॉन्च के पहले वर्ष में 5,000 से अधिक यूनिट्स को तैनात करते हुए सौर पंप लॉन्च किए हैं। पीएम-कुसुम योजना जैसी सरकारी पहलों के साथ देश भर में सौर ऊर्जा को तेजी से अपनाया जा रहा है। क्रॉम्पटन पर्यावरण हितैषी पंपिंग समाधान प्रदान करने में सबसे आगे है।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, सोमवार, 24 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट, बंदूक की नोक पर सोने-चांदी के गहने और कैश ले गए बदमाश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में बंदूक की नोक पर दिनदहाड़े एक ज्वेलरी दुकान में लूट का मामला सामने आया है। वारदात की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि यह वारदात शनिवार दोपहर को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर क्षेत्र में स्थित एक दुकान में हुई। इस दौरान पांच से छह लोग ज्वेलर्स की दुकान में घुसे और बंदूक दिखाकर वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लूट ले गए। पुलिस ने फिलहाल लूटे गए सामान की कुल रकम के बारे में जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि यह वारदात प्रह्लाद मार्केट में स्थित महिंद्रा ज्वैलर्स की दुकान में आज दोपहर को हुई। वारदात की जानकारी देते हुए दुकान के मालिक हनी वर्मा (33 साल) ने बताया कि दोपहर करीब डेढ़ बजे, जब वह और उनका कर्मचारी दुकान में मौजूद थे, तभी पांच से छह लोग उनकी दुकान में घुसे और बंदूक की नोक पर वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण, करीब 50 हजार रुपए नगद, तीन मोबाइल फोन और एक लैपटॉप लूटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक इस बारे में एक पीसीआर कॉल दोपहर करीब 1 बजकर 56 मिनट पर प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस की एक टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों के आने-जाने का रूट पता करने की कोशिश करते हुए उनकी गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है।

### मैट्रिमोनियल साइट पर जान-पहचान, मिलने बुलाकर गैंगरेप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के प्रीत विहार थाना इलाके में 10 युवतियों से सामूहिक दुष्कर्म और पिटाई करते हुए हुए वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने बीते दिसंबर में केस दर्ज किया था, लेकिन अभी तक कोई पीड़िता नहीं मिल पाई है। प्रीत विहार पुलिस इस मामले में आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। फैशन डिजाइर के साथ हुई वारदात की जांच में खुलासा हुआ पेशे से फैशन डिजाइनर 35 वर्षीय कल्पना (काल्पनिक नाम) का वर्ष 2017 में तलाक हो गया था। उसने दोबारा विवाह के लिए मैट्रिमोनियल साइट पर पंजीकरण कराया, जहां उसका संपर्क दीपक से हुआ। दीपक अक्सर उसे फोन कर मिलने के लिए बुलाता था, लेकिन वह मना कर देती थी। 13 दिसंबर 2022 को जिद करने पर वह दीपक के साथ कार में बैठ गई। पीड़िता ने बताया कि कुछ दूर जाने पर दीपक का एक दोस्त भी कार में बैठ गया। आरोपी पिस्टल के बल पर उसे पलवल-बागपत रोड पर ले गए और दोनों ने चलती कार में उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान दूसरे शख्स ने वीडियो भी बनाया। इसके बाद आरोपी पीड़िता का सिर फोड़कर अर्ध नग्न हालत में सड़क के किनारे फेंककर फरार हो गए। पीड़िता ने किसी तरह से ट्रक चालक की मदद से पुलिस को सूचना दी थी। प्रीत विहार पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अपहरण, लूट और सामूहिक दुष्कर्म की धारा में केस दर्ज कर दीपक और मेहराज खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के फोन को फोरेंसिक लैब में भेजा तो घटना का खुलासा हुआ। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि वीडियो में दिखाई दे रही हैं। पीड़ित युवतियां दिल्ली के बाहर की भी हो सकती हैं। बीते साल एफएसएल ने आरोपियों के मोबाइल से मिला डाटा पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के मोबाइल में तीन फोल्डर बने हुए थे। इसमें कुल 12 वीडियो मिले। इन वीडियो में निर्वस्त्र हालत में युवतियां खून से लथपथ दिखाई दे रही थीं। वीडियो में दीपक और मेहराज दुष्कर्म करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित युवतियां दुष्कर्म के बाद पिटाई न करने की गुहार लगाती दिखाई दे रही हैं। इस नए तथ्य की जानकारी मिलने पर कोर्ट ने पुलिस को नई एफआईआर दर्ज कर पीड़ित युवतियों की तलाश करने के आदेश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया आशंका है कि दोनों आरोपी मैट्रोमोनियल साइट से तलाक शुदा युवतियों को फंसाते थे।

# यमुना में चलेगी वाटर टैक्सी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर प्लानिंग बोर्ड यमुना में वाटर टैक्सी चलाने की योजना बना रहा है। इसके लिए एक बोर्ड ने एनसीआर के अंतर्गत आने वाले राज्यों के सचिवों से मीटिंग में यह प्रस्ताव रखा है। बोर्ड के अनुसार, दिल्ली से नोएडा तक चलने वाली इस वाटर टैक्सी का रूट मदनपुर खादर से लेकर आईटीओ तक वाटर टैक्सी स्टेशन बनाए जाएंगे। आइए जानते हैं वाटर टैक्सी के लिए प्लानिंग बोर्ड ने यमुना के किनारे कहां-कहां स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा है और इसका रूट क्या होगा...



### कहां-कहां बनेगा वाटर बोट स्टेशन

एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के अनुसार, दिल्ली के मदनपुर खादर, फिल्म सिटी, निजामुद्दीन और आईटीओ तक वाटर टैक्सी के लिए स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके लिए अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग को प्रस्ताव दिया गया है। इसके तहत यमुना में 20-25 सवारियों को लेकर वाटर टैक्सी एक जगह से दूसरी जगह तक जाएगी। इससे एनसीआर में जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन भी बढ़ेगा।

मीटिंग के दौरान हुई बातचीत के बारे में एक अधिकारी ने बताया कि यमुना में वाटर टैक्सी चलाने के लिए 1-1.2 मीटर वाटर लेवल की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में यमुना नदी पर वाटर टैक्सी के लिए ना सिर्फ रिवर फ्रंट बनवाने की जरूरत है बल्कि परिवहन और टूरिज्म के लिए भी इसे सहज बनाने की जरूरत पड़ेगी। इसपर बात करते हुए अधिकारी ने बताया कि वाटर टैक्सी शुरू करने से पहले दिल्ली से लेकर नोएडा तक पानी का सर्वे और उसके ट्रैफिक का अध्ययन करना होगा। अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में 20-25 सवारियों वाली वाटर बोट चलाने की योजना है। इसके लिए दिल्ली सरकार से भी बातचीत चल रही है।

दिल्ली में चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने यमुना नदी को साफ करने का वादा किया था। इस प्रोजेक्ट के प्रस्ताव को नदी को साफ करने के वादे की ओर पहले कदम की तरह देखा जा रहा है। दिल्ली की यमुना नदी में वाटर टैक्सी चलाने के प्रोजेक्ट से नदी की साफ-सफाई भी हो जाएगी। इसको लेकर एनसीआरपीबी ने आईडब्ल्यूएआई से इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स मांगी हैं। इसमें काम, डीपीआर की मांग भी की गई है।

### संगम स्नान के बहाने पत्नी को प्रयागराज लेकर गया, वहीं कर दी हत्या; पति के थे अवैध संबंध

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रहने वाले एक 48 साल का व्यक्ति अपनी 40 साल की पत्नी को महाकुंभ के दौरान गंगा स्नान के लिए संगम नगरी में लाया था। उसने 18 फरवरी को उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी की पहचान दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। उस पर हत्या और सबूतों से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि कुमार के अपनी पत्नी के साथ अच्छे संबंध नहीं थे, क्योंकि वह उसके कथित अवैध संबंध के खिलाफ थी।

डीसीपी (सिटी) अभिषेक भारती ने को बताया कि अशोक कुमार ने एक साजिश रची और कुंभ मेले को अपनी पत्नी से छुटकारा पाने का सबसे अच्छा मौका पाया। आरोपी दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारी है। उसने अपने कुंभ दौरे और स्नान के कई वीडियो भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किए। इसके अलावा, आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसी दिन संबंधित पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई और फिर छिप गया। भारती ने कहा कि आरोपी अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को दिल्ली से प्रयागराज पहुंचा और आजाद नगर, केतवाना (नई झूंसी) में एक कमरा किराए पर लिया। इस दौरान उसने अपना पहचान पत्र जमा नहीं किया। अगली सुबह महिला का शव बाथरूम के अंदर मिला, लेकिन कुमार का कोई पता नहीं चला। घटना के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और जांच शुरू की गई।

## केजरीवाल ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कहा है कि उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से कहा है कि उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं है। दिल्ली में 10 साल पुरानी सत्ता गंवाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने आवास में मिलने पहुंचे कार्यकर्ताओं और नेताओं से कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने कहा कि अब उनसे जो भी मिलने आए उसे हंसते हुए आना है। केजरीवाल ने कहा कि ऊपरवाले ने उन्हें सत्ता दी और अब उसकी मंशा कुछ और थी। अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता के साथ बैठकर कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साढ़े 7 मिनट के इस वीडियो में केजरीवाल कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहते हैं कि सभी ने बहुत अच्छे से यह चुनाव लड़ा और कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी। केजरीवाल ने अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए उन्हें चुनाव का हीरो बताया। पूर्व सीएम ने कहा कि उनके कार्यकर्ताओं को धमकी दी गई, डराया गया, लालच दिया गया, लेकिन वे टूटे नहीं। केजरीवाल ने कहा, चाहे जितना टाइम लगे, राजनीति को साफ करना।

## एक महीने पहले मां की मौत, हाईकोर्ट बना मसीहा; दिल्ली में जन्मे बच्चे को युगांडा में ऐसे मिला पिता का साया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** युगांडा मूल के डेढ़ साल के अबोध बच्चे के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय मसीहा बना। एक महीने पहले एचआईवी पीड़ित होने की वजह से बच्चे की मां की मौत हो चुकी है। अदालत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अफ्रीका महाद्वीप के देश युगांडा की राजधानी कंपाला में बच्चे के जैविक पिता से संपर्क किया है। व्यक्ति ने बच्चा वापस पाने की इच्छा जाहिर की, जिसके बाद हाईकोर्ट ने बच्चे को युगांडा भेजने के आदेश दिए हैं। पीठ ने कहा है कि दो सप्ताह में आदेश को हर हाल में कार्यान्वित किया जाए।

**बच्चे की एचआईवी जांच रिपोर्ट निगेटिव आई–** न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की पीठ ने सबसे पहले डेढ़ साल के बच्चे का तत्काल एचआईवी टेस्ट कराने का निर्देश पुलिस को दिया। जांच रिपोर्ट में एचआईवी निगेटिव आई, जिसके बाद पीठ और पुलिस ने राहत की सांस लेते हुए बच्चे को उसके जैविक पिता के पास पहुंचाने का प्रयास शुरू किया। युगांडा के दूतावास के अधिकारियों को उच्च न्यायालय के समक्ष तलब कर सारे प्रयास किए गए। कोर्ट ने बच्चा पिता कों सौंपे जाने तक महिला के पास रहने के आदेश दिए हैं।

**मानव तस्करी की आशंका पर मामला खुला–** यह मामला एक गैर सरकारी संगठन मनोबल फाउंडेशन द्वारा उठाए जाने पर सामने आया। यह संगठन काफी समय से एचआईवी पीड़ित महिला को उसके बच्चे समेत वापस उसके देश भेजने के प्रयास में मदद कर रहा था, लेकिन इसी बीच महिला की मौत हो गई। बच्चा मृतका की युगांडा की ही रहने वाली सहेली को देखभाल के लिए सौंपा गया था, परंतु कुछ दिन से वह एनजीओ की कोशिश के बाद भी संपर्क नहीं कर रही थी। एनजीओ को आशंका हुई कि बच्चे को बेचा जा सकता है। मानव तस्करी की आशंका के मद्देनजर संगठन ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

**मंगेतर करना चाहता है अंतिम संस्कार–** दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष पेश हुए बच्चे के जैविक पिता ने बताया कि महिला के साथ उसकी मंगनी हुई थी। कंपाला में वह काफी समय साथ रहे। फिर उसकी मंगेतर वर्ष 2022 में भारत आई थी। उसने फोन पर बताया था कि वह गर्भवती है। जुलाई 2023 में उसने बेटे को जन्म दिया। मंगेतर की मौत की जानकारी मिलने पर इस व्यक्ति ने उसके अंतिम संस्कार की इच्छा जाहिर की। वहीं, पुलिस ने बताया कि 20 जनवरी 2025 को महिला की मौत हो गई थी।

### दिल्ली में तेज रफ्तार का कहर, 15 साल के किशोर ने 18 महीने के बच्चे को कुचला; अस्पताल में मौत

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में एक किशोर ने गाड़ी से 18 महीने के बच्चे को कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह बाहरी दिल्ली के अलीपुर स्थित मुखमेलपुर गांव में एक 15 साल का किशोर तेज रफ्तार में कार दौड़ा रहा था। जिसकी चपेट में आने से 18 महीने के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद किशोर ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस कमिश्नर (बाहरी-उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि उन्होंने उसके और वाहन के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। घटना की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि अलीपुर थाने को सुबह करीब 8.20 बजे एक बच्चे के साथ सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली। यह घटना तब हुई जब नाबालिग लड़का टाटा जेस्ट कार चला रहा था जो इलाके के इब्राहिमपुर गांव में रहने वाले उसके 23 साल के भाई की थी। पुलिस ने बताया कि नाबालिग का कथित तौर पर तेज रफ्तार वाहन पर से नियंत्रण छूट गया, जिसने पहले एक खड़ी कार को टक्कर मारी और फिर अपने घर के बाहर दूसरी कार के पास खेल रहे बच्चे को टक्कर मार दी। घायल बच्चे को उसके चाचा प्रदीप कुमार सत्यवादी राजा हरीश चंद्र अस्पताल लेकर पहुंचे।

### अब नोरोवायरस का खतरा!

**लंदन, एजेंसी।** अब एक नया वायरस लोगों को डरा रहा है, पिछले कुछ दिनों से कावासाकी नोरोवायरस का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। नोरोवायरस संक्रमण के प्रकोप के कारण यू.के. में अस्पताल के अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने पड़ रहे हैं, जिसमें लोगों से अधिक संक्रमण से बचने के लिए अस्पताल में आने की संख्या सीमित करने को कहा गया है। अत्यधिक संक्रामक वायरस, जिसे विंटर वोमिटिंग बग भी कहा जाता है, इस वायरस के मामलों में तीव्र बढ़ोतरी हो रही है। इसमें अचानक उल्टी और दस्त की समस्या जैसे लक्षण सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि अकेले 2025 के पहले सात हफ्तों के दौरान, 400 मामले सामने आए थे और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी अलार्म बजा रहे है।

ब्रिटिश स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यकारी (एचएसई) ने बढ़ती चिंता की ओर इशारा करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बढ़ती गतिविधि पहले से ही तनावग्रस्त सर्दियों की स्वास्थ्य प्रणाली पर भारी दबाव डाल रही है। नोरोवायरस बीमारी में यह बढ़ोतरी केवल यू.के. तक सीमित नहीं है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी इसी तरह की बढ़ोतरी देखी गई है, जो वायरस के संभावित रूप से व्यापक अंतरराष्ट्रीय प्रसार का संकेत देती है।

## थोप नहीं रहा; गाजा प्लान पर ट्रंप की सफाई, इजरायल की 2005 वाली डील पर भी उठाए सवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में शांति बहाल करने के लिए दिए अपने प्लान का बचाव किया है। ट्रंप ने कहा कि इजरायल और फिलिस्तिनियों के बीच में शांति बहाल करने के लिए उन्होंने गाजा पुनर्विकास की जो योजना बताई है उसे लेकर वह कोई जबरदस्ती नहीं कर रहे हैं। यह उस क्षेत्र में एक शांति स्थापित करने के लिए जरूरी है। ट्रंप ने 2005 में इजरायल द्वारा गाजा कि जमीन को वापस किए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुझे आश्चर्य होता है कि इजरायल ने तब एकतरफा वापसी क्यों की। उन्होंने ऐसा किया इसी वजह से हमास ने दोबारा वहां पर अपनी पकड़ को मजबूत कर लिया।




अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि गाजा के पुनर्विकास के लिए उन्होंने जो योजना बताई है वह सर्वश्रेष्ठ है। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए यह योजना सबसे सही है। यह मेरी योजना है मैं आपको बताऊंगा कि इसे कैसे लागू करना है। मुझे लगता है कि ऐसी योजना काम करेगी लेकिन मैं इसके लिए किसी को मजबूर नहीं कर रहा हूं। मैं बस आराम से बैठूंगा और इसकी अनुशंसा करुंगा। जब वहां से सब निकल जाएंगे तो हम एक साफ स्लेट की तरह एक नई शुरुआत करेंगे। इस पूरे क्षेत्र पर अमेरिका का स्वामित्व होगा तब आप देखेंगे कि वहां पर कोई हमास नहीं है। हम इस पूरे क्षेत्र को विकसित करेंगे। शांति के लिए यह योजना सबसे सही है। ट्रंप भले ही अपने इस गाजा प्लान को लेकर आश्वस्त हों लेकिन मिस्त्र और जॉर्डन समेत तमाम अरब देशों ने फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालने और फिर इसे पुनर्विकसित करने की योजना को खारिज कर दिया है। इस पर नाराज अमेरिका ने इन देशों को मिलने वाली विदेशी सहायता बंद करने की धमकी भी दी। इसके बाद जॉर्डन गाजा में बीमार 2000 बच्चों को अपने देश में शरण देने के लिए तैयार हो गया। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल द्वारा 2005 में गाजा में जमीन छोड़ दिए जाने पर भी आश्चर्य व्यक्त किया। ट्रंप ने कहा मुझे समझ नहीं आता कि आखिर इजरायल ने 2005 में सैन्य प्रतिष्ठानों और बस्तियों को लेकर गाजा से एक तरफा वापसी क्यों की। उन्होंने ऐसा किया इसी की वजह से हमास एक बार फिर से ताकतवर हो गया। ट्रंप ने कहा कि मैं आपको नाम नहीं बता सकता.. लेकिन इजरायल में से ही किसी ने इस जमीन को छोड़ने का फैसला किया। यह दुनिया का सबसे खराब रियल स्टेट सौदों में से एक था। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

ट्रंप ने नेतन्याहू को अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा करते हुए कहा कि यदि इजरायल बंधकों को छुड़ाने या हमास को खत्म करने के लिए हमास के खिलाफ दोबारा लड़ाई शुरू करने का फैसला करते हैं तो अमेरिका उनका समर्थन करेगा।

# 19 साल छोटी सिंगर संग काश पटेल का रिश्ता, 3 साल पहले हुई थी मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप के भारतवंशी दोस्त कश्यप प्रमोद विनोद, काश पटेल ने शुक्रवार को अमेरिका की सबसे बड़ी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के डायरेक्टर की शपथ ले ली है। काश पटेल ने भगवत गीता पर हाथ रख कर शपथ ली। वह एजेंसी को लीड करने वाले नौवें व्यक्ति बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर काश पटेल के बगल में खड़ी एक महिला भी नजर आई, जिनको देखने के बाद सब के जहन में आया होगा कि यह कौन हैं? दरअसल, यह काश पटेल की गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस हैं।

### कौन हैं एलेक्सिस विल्किन्स?

एलेक्सिस विल्किन्स का जन्म 3 नवंबर 1999 को बोस्टन, मैसाचुसेट्स में हुआ था। उनका परिवार बाद में फेयेटविले, अर्कासस शिफ्ट हो गया था, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड और स्विट्जरलैंड में भी काफी समय बिताया। अपनी म्यूजिक करियर को बढ़ावा देने के लिए वह नैशविले, टेनेसी चली गईं। एलेक्सिस विल्किन्स आज एक जानी-मानी कंट्री सिंगर, राइटर और पॉलिटिकल कमेंटेटर हैं। वह रिपब्लिकन प्रतिनिधि अब्राहम हमेडे की प्रेस सेक्रेटरी के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रेगर नामक संस्था से भी जुड़ी हुई हैं, जो अमेरिकी मूल्यों को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख शैक्षिक मीडिया कंपनी है।



### राजनीति और संगीत - दोनों में सक्रिय

एलेक्सिस केवल म्यूजिक इंडस्ट्री में ही सक्रिय नहीं हैं, बल्कि राजनीति में भी उनकी खास पहचान है। उन्होंने बेलमोंट यूनिवर्सिटी से बिजनेस और पॉलिटिकल साइंस में डिग्री हासिल की है और विभिन्न रूढ़िवादी राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेती हैं।

### काश पटेल और एलेक्सिस विल्किन्स की मुलाकात

काश पटेल और एलेक्सिस विल्किन्स की पहली मुलाकात अक्टूबर 2022 में अमेरिका को पुनः जागृत करो रैली के दौरान हुई थी। इस रैली में दोनों की मुलाकात के बाद, जनवरी 2023 में उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया और उस समय से ही दोनों का रिश्ता और भी मजबूत हुआ।

### अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिकों के लिए एलेक्सिस की मुहिम

एलेक्सिस विल्किन्स अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिकों के लिए भी सक्रिय रूप से काम करती हैं। उन्होंने कई संस्थाओं जैसे वॉरियर राउंड्स, ऑपरेशन स्टैंडडाउन, और सोल्जर का बच्चा के साथ मिलकर इन सैनिकों और उनके परिवारों की मदद के लिए कई सामाजिक पहल की हैं। उनकी यह समाज सेवा उन्हें अमेरिकी समाज में एक सम्मानित और प्रभावशाली शख्सियत बनाती है।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

# ऑस्ट्रेलिया का ऐतिहासिक रनचेज



## इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

**लाहौर, एजेंसी।** क्रिकेट के इतिहास में एक और यादगार रात, जब ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 5 विकेट से हरा दिया। 352 रनों का विशाल स्कोर भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के सामने छोटा पड़ गया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 351 रन बनाए। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने इसे 47.3 ओवर में ही पूरा कर लिया। जीत का छक्का जोश इंग्लिस ने जड़ा, जिन्होंने 77 गेंदों में शतक लगाकर टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक ठोकने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

- **जोश इंग्लिस की करिश्माई पारी** – ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 86 गेंदों पर नाबाद 120 रन की पारी खेली, जिसमें ताबड़तोड़ शॉट्स देखने को मिले। एलेक्स कैरी (69), मैथ्यू शॉर्ट (63) और मार्नस लाबुशेन (47) ने भी अहम योगदान दिया।
- **इंग्लैंड की बड़ी पारी, लेकिन बेकार गई मेहनत** – इंग्लैंड के लिए बेन डकेट ने 143 गेंदों में 165 रनों की लाजवाब पारी खेली, जिसमें 17 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा जो रूट (68) ने भी अर्धशतक जमाया, लेकिन अंत में यह स्कोर जीत के लिए काफी नहीं रहा।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 2025

# नहीं चले तेंदुलकर-अंबाती रायुडू तो यूसुफ पठान ने 20 गेंदों पर ठोका अर्धशतक

**मुंबई, एजेंसी।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 2025 के पहले मुकाबले में श्रीलंका मास्टर्स के खिलाफ इंडिया मास्टर्स टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत को इस स्कोर तक पहुंचाने में यूसुफ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी के अर्धशतक साथ ही युवराज सिंह की तेज पारी का बड़ा योगदान रहा। इस मुकाबले में टीम के कप्तान सचिन तेंदुलकर नहीं चल पाए तो वहीं अंबाती रायुडू भी रन बनाने में कामयाब नहीं रहे।

## युवी ने खेली तेज पारी, बिन्नी का दिखा जलवा



इस मैच में कुमार संगकारा ने टॉस जीतकर पहले भारत को बैटिंग करने का न्योता दिया। इसके बाद पहली पारी में भारत की शुरुआत खराब रही और टीम के ओपनर बल्लेबाज अंबाती रायुडू 5 रन बनाकर आउट हो गए जबकि इसके ठीक बाद कप्तान व ओपनर बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भी 10 रन बनाकर चलते बने। टीम के दो विकेट सिर्फ 26 रन के स्कोर पर गिर गए। इसके बाद गुरकीरत सिंह मान और स्टुअर्ट बिन्नी ने टीम को संभाला और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी हुई, लेकिन फिर गुरकीरत सिंह आउट हो गए जिन्होंने 32 गेंदोंपर 7 चौकों की मदद से 44 रन की पारी खेली।

इस मैच में स्टुअर्ट बिन्नी की बल्लेबाजी शानदार रही जिन्होंने 31 गेंदों पर 7 छक्के और 3 चौकों की मदद से 68 रन की पारी 219.35 की स्ट्राइक रेट के साथ खेली। वहीं यूसुफ पठान ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और अपना अर्धशतक सिर्फ 20 गेंदों पर पूरा किया। पठान ने इस मैच में 254.55 की स्ट्राइक रेट के साथ 22 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए और इस दौरान 6 छक्के और 3 चौके भी लगाए। युवराज सिंह ने भी आखिरी समय पर तेज पारी खेली और उन्होंने 2 छक्के व 2 चौकों की मदद से 22 गेंदों पर 31 रन बनाए और नाबाद रहे। श्रीलंका की तरफ से सुरंगा लकमल ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए।

वीमेंस प्रीमियर लीग

# यूपी की खिलाड़ी ने छक्कों की बारिश कर रचा इतिहास

### डब्ल्यूपीएल के इतिहास में दूसरी बार हुआ ऐसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूपी वॉरियर्स ने वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 के आठवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 33 रनों से हरा दिया. यूपी ने सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की. उसके लिए चिनले हैनरी ने कमाल का प्रदर्शन किया. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. यूपी वॉरियर्स ने वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 के आठवें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 33 रनों से हरा दिया. यूपी ने सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की. उसके लिए चिनले हैनरी ने कमाल का प्रदर्शन किया. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. यूपी ने पहले बैटिंग करते हुए 177 रन बनाए थे. इस दौरान हेनरी ने विस्फोटक बैटिंग करते हुए अर्धशतक जड़ दिया. इसके जवाब में दिल्ली की टीम 144 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई.

यूपी ने पहले बैटिंग करते हुए 177 रन बनाए थे. इस दौरान हेनरी ने विस्फोटक बैटिंग करते हुए अर्धशतक जड़ दिया. इसके जवाब में दिल्ली की टीम 144 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई. हेनरी ने इतिहास रच दिया. उन्होंने वीमेंस प्रीमियर लीग का सबसे तेज अर्धशतक लगाया. हेनरी ने महज 18 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली थी. हेनरी ने इतिहास रच दिया. उन्होंने वीमेंस प्रीमियर लीग का सबसे तेज अर्धशतक लगाया. हेनरी ने महज 18 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली थी. हेरनी ने सोफिया डंकली की बराबरी कर ली है. वे भी 2023 में 18 गेंदों में अर्धशतक लगा चुकी हैं. यह वीमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में सिर्फ दो बार हुआ है. हेरनी ने सोफिया डंकली की बराबरी कर ली है. वे भी 2023 में 18 गेंदों में अर्धशतक लगा चुकी हैं. यह वीमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में सिर्फ दो बार हुआ है. हेनरी ने अपनी पारी के दौरान छक्कों की बारिश कर दी. उन्होंने 8 छक्के और 2 चौके लगाए. हेनरी ने 23 गेंदों में कुल 62 रन बनाए. हेनरी ने अपनी पारी के दौरान छक्कों की बारिश कर दी. उन्होंने 8 छक्के और 2 चौके लगाए. हेनरी ने 23 गेंदों में कुल 62 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेमिमा रोड्रिग्ज ने अर्धशतक लगाया. लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सकी. जेमिमा ने 35 गेंदों में 56 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेमिमा रोड्रिग्ज ने अर्धशतक लगाया. लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सकी. जेमिमा ने 35 गेंदों में 56 रन बनाए.

# खेलो इंडिया स्टेट वूमेंस लीग वूशु की धमाकेदार शुरुआत, डिप्टी मेयर मोनालिसा का दिखा अनोखा अंदाज



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर स्थित खेल भवन के प्रांगण में खेलो इंडिया स्टेट लेवल वूमेंस वूशु लीग की शानदार शुरुआत हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने खुद वूशु खेलकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी ईशा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

**खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त जोश** – प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की गई। खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। विभिन्न जिलों से आई महिला खिलाड़ियों ने अपने जोश और हुनर से माहौल को रोमांचक बना दिया। डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तर पर इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों में न सिर्फ प्रतिस्पर्धा की भावना जागती है, बल्कि खेल के प्रति उनका समर्पण और जुनून भी बढ़ता है। सरकार की यह पहल सराहनीय है, क्योंकि यह खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मौका देती है।

**बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन** – वूशु बिहार की महासचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में बिहार के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वूशु एक चीनी मार्शल आर्ट है, जिसे दो तरह से खेला जाता है और यह तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बिहार के कई खिलाड़ियों ने इस खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार होते हैं।

# महेश भूपति ने टेनिस के युवा खिलाड़ियों को दिया सफलता का मंत्र

### बिहार में खेल विकास को लेकर की अहम चर्चा



**पटना, एजेंसी।** महेश भूपति ने बिहार में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और उभरते खिलाड़ियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में खेलों को लेकर जागरूकता बढ़ी है। यहां के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकते हैं।

भारतीय टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी महेश भूपति ने अपने पटना दौरे के दौरान उभरते टेनिस खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके खेल, ट्रेनिंग और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने खिलाड़ियों को लगातार मेहनत और समर्पण के महत्व को समझाते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी।

### खेल विभाग के अधिकारियों से मुलाकात

पटना दौरे के दौरान महेश भूपति ने बिहार सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेंदर और निदेशक महेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस दौरान बिहार में खेलों के विकास, खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं और राज्य में टेनिस को लोकप्रिय बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा उन्होंने बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण से भी भेंट की और राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बिहार में खेलों को लेकर जो सकारात्मक पहल हो रही है, वह भविष्य में राज्य के खिलाड़ियों के लिए एक उज्ज्वल अवसर प्रदान करेगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे रोहित शर्मा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर एक बार फिर से अटकलें लगाई जाने लगी हैं. रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने बड़ा बयान दे दिया है. मांजरेकर की माने तो ये रोहित का आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट हो सकता है. चलिए जानते हैं कि मांजरेकर ने रोहित को लेकर क्या कुछ कहा है.

रोहित शर्मा को लेकर संजय मांजरेकर ने बात करते हुए बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है अगर उन्होंने (रोहित शर्मा) फैसला कर लिया है, तो क्या वो 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में नजर आएंगे? इसकी संभावना नजर नहीं आती है और मुझे ऐसा नहीं लगता है. ऐसा भी हो सकता है कि ये आखिरी टूर्नामेंट हो सकता है. मैं उम्मीद कर रहा हूं कि रोहित शर्मा वहां जाएंगे'.



**रोहित के इस अंदाज पर फिदा हुए मांजरेकर** – मांजरेकर ने साथ में रोहित शर्मा के बेखौफ और आक्रामक बैटिंग अंदाज की तारीफ भी की. मांजरेकर ने बताया, 'साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप से रोहित शर्मा की पॉपुलैरिटी में इजाफा हो गया. मुझे उनके बारे में ये चीज पसंद आई कि उन्होंने निस्वार्थ क्रिकेट खेला और अपने शतक की परवाह किए बिना टीम को शानदार और तेज शुरुआत दिलाने पर जोर दिया जिससे कि आने वाले खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान हो गया.

**क्या 2027 का वनडे वर्ल्ड कप खेल सकते हैं रोहित** – रोहित शर्मा अभी 37 साल के हैं और अप्रैल में वो 38 साल के हो जाएंगे. जबकि साल 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक रोहित की उम्र 40 साल के पार हो जाएगी. रोहित टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब आईसीसी का अगला टूर्नामेंट उनके लिए 2027 का वनडे वर्ल्ड कप ही होगा. रोहित के मन में क्या है ये तो वो ही जानते हैं, बाकी सब अफवाहें तो उड़ती रही है और उड़ती रहेगी. बात अगर उम्र की है तो उससे कोइ फर्क नहीं पड़ता क्योंकि रोहित की फिटनेस लाजवाब है ।

# छक्के-चौके से ही बना डाले 116 रन, ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज ने गेंदबाजों को बनाया खिलौना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले ही मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जॉश इंग्लिस ने 86 गेंद में 120 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 6 छक्के और 8 चौके की बरसात करके इंग्लैंड के गेंदबाजों की हालत खराब कर दी. लेकिन हम आज इंग्लिस की नहीं बल्कि एक ऐसे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने अभी डेब्यू भी नहीं किया है. इंटरनेशनल क्रिकेट में आने से पहले ही 23 साल के इस खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी के तेवर दिखा दिए हैं. हम बात कर रहे हैं मिचेल ओवेन की, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के घरेलू वनडे टूर्नामेंट में साउथ ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों के साथ खिलौने की तरह बर्ताव किया है. उन्होंने 149 रनों की पारी में 10 छक्के और 14 चौके जड़कर ही 116 रन बना दिए हैं.

ऑस्ट्रेलिया में वनडे कप टूर्नामेंट जारी है. इसमें 23 फरवरी को साउथ ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच मुकाबला खेला गया. इस दौरान तस्मानिया के लिए खेलने वाले मिचेल ओवेन ने ओपनिंग की. उन्होंने 330 रन चेज करते हुए पहले ओवर से ही कूटना शुरू कर दिया और अपनी टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई. उनकी ताबड़तोड़ बैटिंग के कारण तस्मानिया ने 5.1 ओवर में ही 64 रन ठोक दिए. हालांकि, इसके बाद लगातार 2 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. लेकिन ओवेन नहीं रुके और महज 69 गेंदों में ही 149 रन ठोक दिए. इस दौरान उन्होंने मैदान के चारों ओर चौके-छक्के लगाए. लेकिन 197 के स्कोर पर वो भी चलते बने ।

# टॉप्स खिलाड़ियों को इस ओलंपिक सत्र में भत्ते में बढ़ोतरी, लेकिन हर छह महीने पर समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के एक सदस्य ने बताया, कोर समूह अगले ओलंपिक यानी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का अल्पकालिन लक्ष्य लेकर बनाया गया है जबकि डेवलपमेंटल समूह 2032 ओलंपिक और शायद 2036 को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के लिए चुने गए खिलाड़ियों को इस ओलंपिक चक्र में अभ्यास और विदेश में स्पर्धाओं के दौरान मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी की जाएगी, लेकिन उन्हें हर छह महीने में समीक्षा की प्रक्रिया के तहत शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट देने होंगे। टॉप्स का कोर समूह 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है और डेवलपमेंटल सूची में 112 खिलाड़ी हैं। एक ओलंपिक चक्र पूरा होने के बाद यह आम रूटीन होता है लेकिन तैराकी, स्क्वॉश, गोल्फ और टेनिस जैसे खेलों का कोर सूची में नाम नहीं है । कोर समूह में 52 पैरा एथलीट और 42 सामान्य एथलीट हैं। पेरिस पैरालम्पिक में भारत ने सात स्वर्ण समेत 29 पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। सूची में शामिल खिलाड़ियों को विदेश में अभ्यास या स्पर्धा के दौरान 25 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन और 50000 रूपये (कोर समूह) और 25000 रूपये (डेवलपमेंटल समूह) महीना दिया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के एक सदस्य ने





बताया, कोर समूह अगले ओलंपिक यानी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का अल्पकालिन लक्ष्य लेकर बनाया गया है जबकि डेवलपमेंटल समूह 2032 ओलंपिक और शायद 2036 को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सूत्र ने कहा, हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि चोटों में कमी आए। इसके लिए नियमित तौर पर शारीरिक और मनोवैज्ञानिक टेस्ट होंगे। पहले भी टेस्ट होते थे, लेकिन अब हमने अवधि तय कर दी है और ये टेस्ट अनिवार्य होंगे। कोर सूची में कोई पुरूष मुक्केबाज नहीं है और एथलेटिक्स में भी तीन (पिछ्ली बार से 27 कम ) ही जगह बना सके हैं। खराब फॉर्म से जूझ रहे बैडमिंटन खिलाड़ी के श्रीकांत और अश्विनी पोनप्पा के अलावा भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी इससे बाहर हो गए हैं। रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी और भारोत्तोलक मीराबाई चानू इसमें जगह बनाने में कामयाब रही हैं जो हैरानी की बात है। दीपिका कई बार ओलंपिक में नाकाम रह चुकी हैं, जबकि टोक्यो में रजत पदक जीतने के बाद मीराबाई पेरिस में चौथे स्थान पर रही। दोनों 30 पार की हैं। दीपिका का ओलंपिक में भविष्य अनिश्चित है जबकि मीराबाई लगातार चोटों से जूझती रही हैं। सूत्र ने कहा, हमें ऐसा कोई नहीं मिला जो दीपिका को हरा सके तो उसे कैसे हटायें । उसने पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया था और नॉकआउट तक पहुंची थी। मीराबाई की फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।